e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 233

**सुविचार**
जैसे हमारे विचार होते हैं हमारी
जिन्दगी भी वैसी ही होती है

# प्रभात मंत्र

शनिवार
26.08.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23


TATA MOTORS
Connecting Aspirations

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

Cummins




वर्ष 2024 से चरणबद्ध तरीके से उत्पादन होगा शुरू

## ऐतिहासिक शुरुआत

**मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन** के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में देश का पहला हाइड्रोजन इंजन संयंत्र स्थापित करने की ओर बढ़ा झारखण्ड

**कम-से-शून्य उत्सर्जन पावरट्रेन समाधान बनाए जाएंगे**

**उद्योग विभाग, झारखण्ड सरकार और टीसीपीएल ग्रीन एनर्जी सॉल्यूशन प्रा. लिमिटेड** (टाटा कमिंस प्राइवेट लिमिटेड (टीसीपील) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) **के बीच हुआ एमओयू**

**खास बातें :**

- **₹ 350 करोड़** से अधिक का निवेश
- जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए देश की प्रतिबद्धता के साथ सजग खड़ा झारखण्ड
- स्वच्छ ऊर्जा तकनीकों और कार्बन के कम उत्सर्जन वाली अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ते कदम
- कमर्शियल वाहन उद्योग के लिए उन्नत तकनीकी उत्पादों के निर्माण के खुले द्वार
- हाइड्रोजन इंटरनल कम्बशन इंजन, बैटरी इलेक्ट्रिक व्हीकल प्रणाली, फ्यूल सेल इलेक्ट्रिक व्हीकल प्रणाली और फ्यूल डिलीवरी प्रणाली जैसे उत्पाद होंगे निर्मित
- युवाओं के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार तथा कौशल विकास का होगा सृजन






आज का दिन सिर्फ झारखण्ड के लिए ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। मुझे खुशी है कि स्वच्छ ऊर्जा की परिकल्पना को धरातल पर उतारने का यह ऐतिहासिक कदम झारखण्ड सरकार और टाटा मोटर्स तथा कमिंस ने उठाया है।

**- हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR NO-305602 (Industries) 23-24
उद्योग विभाग, झारखण्ड सरकार

# सदर अस्पताल में चिकित्सकों की लापरवाही से नाराज पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी बैठे धरना पर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सदर अस्पताल में हार्ट अटैक के एक मरीज के इलाज में लापरवाही बरतने को लेकर शुक्रवार को पूर्व मंत्री केऐन त्रिपाठी सदर अस्पताल पहुंचकर अपने समर्थकों के साथ लापरवाही बरतने वाले डॉक्टर के खिलाफ धरना पर बैठ गए। धरना पर बैठने की सूचना मिलते ही सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह और डॉक्टर आरके रंजन सदर अस्पताल पहुंचकर पूर्व मंत्री केऐन त्रिपाठी से मुलाकात की। मंत्री के समस्याओं को सुनकर सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह ने उनसे मिलकर कहा कि लापरवाही बरतने वाले तीनों डॉक्टर नितेश, अंकित और कत्यानी को निलंबित किया जाएगा। इसके बाद धरना को समाप्त किया गया। मौके पर उपस्थित पूर्व मंत्री केऐन त्रिपाठी ने अस्पताल और सीएस को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अगले बार से अस्पताल में लापरवाही की घटना सामने आती है तो फिर से धरना प्रदर्शन और चिकित्सको के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बताते चलें कि चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चांदो निवासी भूपेंद्र सिंह छाती के दर्द से परेशान थे। गुरुवार की रात उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर नितेश, अंकित और कत्यानी के द्वारा बिना मरीज को देखे ही रांची रेफर कर दिया गया। रांची रेफर करने के बाद मरीज के पुत्र मनीष कुमार के द्वारा एम्बुलेंस को फोन किया गया। परंतु शुक्रवार की सुबह तक उसे एंबुलेंस नहीं मिला और मरीज के इलाज में लापरवाही बरती गई। इस घटना की जानकारी मिलने पर शुक्रवार की सुबह केऐन त्रिपाठी अपने समर्थकों के साथ सदर अस्पताल पहुंचकर लापरवाह डॉक्टर के प्रति धरना पर बैठ गए।

# 26 दिव्यांग छात्रों के बीच सहायक यंत्रों का हुआ वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** स्थानीय बीआरसी परिसर में शुक्रवार को दिव्यांग छात्र-छात्राओं के बीच सहायक यंत्रों का वितरण किया गया। समावेशी शिक्षा अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम के तहत कुल 26 विद्यार्थियों के बीच 4 व्हीलचेयर, पांच विद्यार्थियों को 10 कान की मशीन, 13 मेंटल किट, एक ब्रायन किट, दो एडीएल किट तथा तीन कैलीपर वितरित की गई। समावेशी शिक्षा प्रभारी राजीव चौबे ने बताया कि उक्त सभी छात्रों का गत वर्ष जांच कर रिपोर्ट किया गया था। इसके अलावे 17 छात्र छात्राओं की दिव्यांगता जांच की गई। उन्होंने बताया कि अगले वर्ष जनवरी-फरवरी के बीच जांच कराए गए छात्रों को सहायक यंत्र दिया जाएगा। इस अवसर पर बीपीएम रेखा कुमारी, एलिम्को विशेषज्ञ धनंजय मोहराणा, रंजन कुमार, नीतीश यादव, अरुण यादव, लेखापाल कमलेश कुमार, अमरजीत कुमार, संतोष कुमार मृत्युंजय कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## डीलर पर राशन नहीं देने और कटौती करने का आरोप लगाया लाभुकों ने

**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के सेमरा पंचायत के जन वितरण प्रणाली के दुकानदार दिनेश शर्मा ने अगस्त माह का राशन कार्ड धारी से अंगूठा लगवा कर भी वितरण नहीं किया। कार्डधारी शोभा देवी, संजू देवी, शकुंती देवी, मालती देवी, रंजीत भुईयां, कुंवर कुंवर, सिमित्री देवी, कांति देवी, किरण देवी, विशुनदेव राम सहित दर्जनों ग्रामीणों ने कहा कि डीलर अंगूठा लगवा लिया इसके बाद कह रहा है कि अगस्त माह का राशन ही नहीं मिला है तो राशन कहा से दे। कार्डधारियों ने बताया की डीलर राशन भी कम देते हैं। दिनेश शर्मा खुद के नाम पर राशन कार्ड भी रखे हैं और राशन का उठाव भी करते हैं गोदाम के एजीएम संजीव कुमार ने बताया कि डीलर दिनेश शर्मा 16 अगस्त को राशन का उठाव कर लिए हैं। प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सह बीडियो गिरवर मिंज ने कहा कि अब तक डीलर को राशन वितरण कर लेना चाहिए था तथा अंगूठा लगवा कर राशन नहीं देना एक बहुत बड़ा अपराध हैं।

## एमओ ने पीडीएस डीलरों के साथ की बैठक



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला खाद्य आपूर्ति विभाग के निर्देशानुसार प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को प्रभारी एमओ ब्रजेश कुमार ने पीडीएस डीलरों के साथ बैठक की। इस दौरान जुलाई-अगस्त माह के राशन उठाव वितरण,धोती साड़ी वितरण, आधार कार्ड सीडिंग के अलावे एससी-एसटी लाभुकों के संख्या आदि की समीक्षा की गई। वहीं एमओ ने राशन डीलरों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। बैठक में रामनाथ सिंह, लक्ष्मण यादव, बिनू जायसवाल, पपु गुप्ता, जेपी गुप्ता, अवधेश राम, अरविंद शर्मा, अजित सिंह, अर्जुन राम, चंदन कुमार, अनिल कुमार सिंह, धर्मेन्द्र कुमार सहित कई डीलर उपस्थित थे।

# कांग्रेस नगर अध्यक्ष ने बिश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र में पार्क बनवाने का किया मांग



**प्रभात मंत्र संवादाता**

**बिश्रामपुर :** कांग्रेस के बिश्रामपुर नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर से रांची जाकर मुलाकात की। श्री पांडेय ने आलमगीर आलम व राजेश ठाकुर को अपना मांगपत्र सौंपा.ज्ञापन के माध्यम से ऋषि पांडेय ने बिश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र में पार्क बनवाने की मांग रखी है.श्री पांडेय ने बताया कि पार्क निर्माण हेतु दो करोड़ की राशि भी विभाग द्वारा नगर परिषद को दिया गया है.लेकिन भूमि की अनुपलब्धता के चलते पार्क का निर्माण नहीं हो पा रहा है। राज्य सरकार के स्तर से बिश्रामपुर सीओ को जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया जाना चाहिए। ताकि पार्क का निर्माण कार्य शुरू हो सके.ऋषि पांडेय ने कहा कि पार्क के निर्माण हो जाने से विश्रामपुर नगर परिषद की सुंदरता बढ़ेगी। आलमगीर आलम व राजेश ठाकुर ने श्री पांडेय को आश्वस्त किया कि इस दिशा में राज्य सरकार जल्द ही सकारात्मक पहल करेगी। संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में निर्देशित किया जायेगा।

# गाड़ी जलाने के मामले में कई नक्सलियों पर एफआईआर 10 लाख का इनामी नितेश यादव भी शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला के छतरपुर और हुसैनाबाद सीमावर्ती क्षेत्र में हुए नक्सली हमले के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। 10 लाख के इनामी माओवादी कमांडर नितेश यादव, संजय गोदराम, सिताराम रजवार समेत कई अज्ञात नक्सली के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है।23 अगस्त की घटना को लेकर छतरपुर के लठेया पिकेट प्रभारी के फर्द बयान के आधार पर आरोपी माओवादियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 147, 148, 149, यूएपीए की धाराओं में एफआईआर दर्ज किया गया है. प्राथमिकी होने के बाद में माओवादियों के खिलाफ पुलिस का सर्च अभियान जारी है. इस सर्च अभियान में सीआरपीएफ 134 बटालियन जवान के साथ जिला बल शामिल है।पलामू के हुसैनाबाद छतरपुर सीमावर्ती क्षेत्र में भाकपा माओवादियों के दस्ते ने बीते बुधवार को रोड निर्माण में लगी आठ वाहनों को फूंक दिया था. इतना ही नहीं उन्होंने यहां के कर्मचारियों के साथ मारपीट भी की थी. इस संबंध में छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार ने बताया कि आरोपी नक्सलियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।मिली जानकारी के अनुसार रोड निर्माण स्थल पर कुछ लोग पहुंचे और कंपनी के कर्मियों के साथ बहस की थी. इस बहस के दौरान लोगों ने कर्मियों को देख लेने की धमकी दी थी. इसके दो दिन के आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया. वहीं निर्माण कार्य के बाद सभी मशीन और गाड़ी लठेया पिकेट में लगती थी. घटना से एक दिन पहले रात 12 बजे तक कार्य हुआ है. 13.6 किलोमीटर रोड का निर्माण किया जाना था करीब 70 प्रतिशत का पैच कार्य पूरा हो गया है. इस घटना के बाद पलामू जोन के आईजी राजकुमार लकड़ा, एसपी रिष्मा रमेशन, सीआरपीएफ 134 बटालियन के डिप्टी कमांडेंट अंशु माली समेत कई अधिकारी मौजूद मौके का मुआयना भी किया था।

## शहीद एसआई के दशगात्र में शामिल हुए भाजपा नेता



**बिश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवादाता):** नक्सलियों से मुठभेड़ में शहीद हुए एसआई अमित तिवारी के दशगात्र में वरीय भाजपा नेता ब्रजेंद्र पाठक शामिल हुए। इस दौरान श्री पाठक ने शहीद के परिजनों को ढांढस बंधाया.शहीद दरोगा अमित तिवारी को श्रद्धांजलि भी अर्पित किया। उन्होंने कहा कि अमित तिवारी ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। उनका यह बलिदान ब्यर्थ नही जायेगे.भाजपा शहीद परिवार के साथ खड़ा है.मौके पर गढवा भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद तिवारी, आनंद मोहन तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के नेतृत्व में प्रतिदिन बाजार क्षेत्र में चलाया जा रहा है अतिक्रमण अभियान

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू एसपी रिशमा रमेशन के आदेश पर ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के सफल प्रयास से बाजार क्षेत्र में जाम की समस्या से अब लोगों को निजात मिल चुका है। बताते चले की कुछ दिनों पहले पलामू एसपी के दिशा निर्देश पर सदर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग के द्वारा बाजार क्षेत्र में भ्रमण कर अतिक्रमण का जायजा लिया गया था। अतिक्रमण का जायजा लेने के दौरान बाजार में जाम की समस्या को देखते हुए डीएसपी ऋषभ गर्ग ने ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह को बाजार क्षेत्र से अतिक्रमण को हटाने का आदेश दिया था। एसपी और डीएसपी ऋषभ गर्ग के आदेश का पालन करते हुए ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के द्वारा अब प्रतिदिन बाजार से जाम को हटाया जा रहा है और सड़क को जाम करने वाले लोगों के ऊपर कार्रवाई भी की जा रही है। फिलहाल ज्यादातर जाम की समस्या छह मुहान चौक से लेकर लाल कोठ बड़ा तालाब तक देखा जा रहा है। यहां पर नगर निगम के द्वारा बीचों-बीच डिवाइडर लगा दिया गया है। और यहां डिवाइडर के अगल-बगल ठेला खोमचा, फुटपाथ दुकान को लगाकर लोग सड़क को जाम किए हुए हैं। यदि इस रास्ते से एक स्कूल बस गुजरता है तो तुरंत जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। जिसकी वजह से प्रतिदिन लोगों को इस रास्ते पर जाम की समस्या से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताते चले की ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा इन सभी ठेला ,खोमचा और फुटपाथ दुकानदारों को हटाने को कहा गया है इसके बाद भी लोग मानने को तैयार नहीं है। वहीं नगर निगम भी इस और ध्यान नहीं दे रहा है। यदि समय रहते इस रास्ते से अतिक्रमण को नहीं हटाया गया तो लोगों को प्रतिदिन जाम की समस्या से जूझना पड़ सकता है।

# प्रखंड सभागार में हुई बीएफएसी का चुनाव संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** रामगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी पार्थ नंदन की उपस्थिति में प्रखंड कृषि सलाहकार समिति का चयन किया गया। जिसमें सर्व सहमति से वोटिंग के माध्यम से किया गया जिसमें सबसे अधिक मत लाकर प्रखंड कृषि सलाहकार के अध्यक्ष बने महेंद्र प्रसाद सोनी उन्होंने बताया कि प्रखंड में जिस प्रकार का खाद बीज समय समय के अनुसार उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता होगी जिसमें हर पंचायत में समय-समय पर बीज एवं खाद का उपलब्ध कराएंगे। चुनाव में सभी कृषि मित्र ने अपना-अपना पर्ची पेपर के माध्यम से वोटिंग किया। जिसमें सबसे अधिक मत महेंद्र प्रसाद सोनी को मिला जिसके बाद सर्व सहमति से उनको प्रखंड अध्यक्ष का पद दिया गया चुनाव प्रखंड प्रमुख प्रेमी देवी के उपस्थिति में किया गया। मौके पर उपस्थित प्रखंड कृषि पदाधिकारी निलेश कुमार उपस्थित रहे साथ ही साथ जन सेवक आनंद गोयल एटीएम नवीन कुमार अस्सिटेंट इंजीनियर,एई, सुनील कुमार यादव 20 सूत्री अध्यक्ष कलीम अंसारी जिला परिषद सदस्य छोटन सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष शंभू मुखिया मोतीलाल मुंडा उमाशंकर प्रसाद मुखिया पति नागेंद्र राम अवध बिहारी सिंह पंचायत समिति सदस्य पिंकी सुरीन सहित सभी जनप्रतिनिधि एवं कृषि मित्र उपस्थित थे।

## विद्युत विभाग ने छापेमारी करते हुए 19 विद्युत चोरो को विद्युत ऊर्जा चोरी करते पकड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** विद्युत ऊर्जा चोरी को रोकने के लिए गठन छापेमारी दल ने विशुनपुरा प्रखंड के विभिन्न गांवों में सघन छापेमारी अभियान विशुनपुरा, चितरी, पतिहारी, हुरहि, बलुआखाड़ ग्राम में छापेमारी अभियान चलाया। अभियान के तहत चितरी ग्राम में शीला देवी, राम सुंदर यादव, पतिहारी ग्राम में शैलेन्द्र राम, मुख्तार अंसारी, नजमुदिन अंसारी, दाऊद अंसारी, सायरा बीबी, नुरेजा बीबी, जैबुन बीबी खुशबुन बीबी, बैदुल्लाह अंसारी, सैदन बीबी, मजलूम बीबी,मंसूर अंसारी, मुबारक अंसारी, जमरुद्दीन अंसारी, जाकिर हुसैन, हुरहि बलुआखाड़ में गोपाल साव, मदन प्रसाद गुप्ता को विद्युत ऊर्जा चोरी में पकड़ा गया। उक्त सभी विद्युत ऊर्जा चोरो के खिलाफ कनीय विद्युत अभियंता गुणवंत कुमार ने 1,14,000 रुपये क्षतिपूर्ति आर्थिक दंड लगाते हुए भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 के धारा 135 एवम 138 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराया है।

# पुलिस ने इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थाना के समीप एनएच 98 इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर शुक्रवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व कर रहे एसआई निरंजन कुमार ने बताया कि क्राइम कंट्रोल व सड़क सुरक्षा को लेकर वाहन चेकिंग की गई। इस दौरान सड़क से आवागमन करनेवाले बाइक चालकों की हेलमेट व कागजात आदि की जांच की गई। वहीं बगैर हेलमेट और कागजात के बिना चलनेवाले करीब दर्जन भर चालकों का बाइक जब्त किया गया। चेकिंग अभियान में एसआई निरंजन कुमार के अलावे सशस्त्र बल शामिल थे।

# पदाधिकारी द्वारा रोके गए मनरेगा योजना पर कर्मियों व मुखिया के मिली भगत से लाखों की राशि का कर लिया गया भुगतान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** सरकार द्वारा प्रायोजित मनरेगा योजना सरकार की एक बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है। जिससे मजदूरों के आजीविका उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके पलायन को भी रोका जा सकता है।शर्त यह है कि उसका प्रयोग ठीक ढंग से किया जाए।लेकिन मुखिया तथा सरकारी कर्मियों के मिली भगत से इन योजनाओं का छीछालेदर किया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला नगर उंटारी प्रखंड के कधवन पंचायत में प्रकाश में आया है। जिसमें मनरेगा योजना के तहत अनवर अंसारी के खेत में डोभा निर्माण योजना की स्वीकृति पूर्व के मुखिया के द्वारा वर्ष 2021-22 में किया गया था।उक्त योजना में बिना कार्य कराए दो डिमांड मारे गए।बाद में मई-जून 22 में जेसीबी लगाकर डोभा का कार्य किया जा रहा था। जिसका विरोध ग्रामीणों द्वारा किया गया था।उन्ही ग्रामीणों में से किसी ने इसका फोटो मनरेगा आयुक्त को भेज दिया फल स्वरुप उच्च अधिकारियों के निर्देश पर उस योजना में भुगतान पर रोक लगा दिया गया। इसी योजना में (अनवर अंसारी के खेत मे डोभा निर्माण) वर्तमान मुखिया, रोजगार सेवक, पंचायत सेवक, कनीय अभियंता के मिलीभगत से लाखों रुपए का निकासी करा लिया गया।उपर्युक्त योजना में 30 मई को एफटीओ संख्या 1754, 1755 से 29070 रुपये, एफटीओ संख्या 2332, 2333 से 29070, एफटीओ संख्या 2591, 2592 से 29060 रुपये, एफटीओ संख्या 2940, 2941 से 29070 रुपये, एफटीओ संख्या 3340, 3341 से 28815 रुपये सहित कुल 1,31,325 रुपये की अवैध निकासी कर लिया गया है। हैरान करने वाली बात यह है कि मुखिया को इस बात की जानकारी ही नही है। हैरान होते हुए मुखिया कहते है कि मुझे पता ही नही है कि इस योजना में भुगतान हो गया है।जब कि पंचायत सेवक का कहना है कि रोजगार सेवक से हस्ताक्षर कराकर लाभुक आया तो मेरे द्वारा भुगतान कर दिया गया है।इस संबंध में कनीय अभियंता का कहना है कि रोजगार सेवक के कहने पर मेरे द्वारा एमबी बुक किया है।रोजगार सेवक के द्वारा डोभा के स्थल पर ले जाया गया। वहां कार्य होता देख मेरे द्वारा एमबी किया गया है।इसमें सारी गलती रोजगार सेवक का है।उसी के कहने पर एमबी बुक किया गया है।उक्त योजना के संबंध में कोई भी मनरेगा कर्मी व पदाधिकारी कुछ भी बोलने को तैयार नही है।इतना ही नही ग्रामीणों द्वारा एसडीओ आलोक कुमार को इस डोभा के संबंध में एक अगस्त को आवेदन दिया गया था। आवेदन के आलोक में एसडीओ ने डोभा के जांच का जिम्मा बीडीओ नगर उंटारी को सौप दिया।लेकिन बीडीओ द्वारा दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी जांच नही किया गया।जिससे ग्रामीणों में असंतोष व्याप्त है। **क्या कहा मनरेगा लोकपाल सुशील तिवारी ने :** इस संबंध कहा कि उक्त योजना मेरे संज्ञान में आ गया है।जल्द ही इसका जांच कराया जाएगा।जो भी इस अनियमितता में शामिल होगा उनके खिलाफ कार्यवाही किया जाएगा।

# शाहपुर गढ़वा सड़क किनारे कूड़ा कचड़ा फेकने से राहगीरों वाहन चालकों को करना पड़ रहा है परेशानियों का सामना : धीरज मिश्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू प्रमंडल के सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा ने गढ़वा शाहपुर सड़क किनारे नगर निगम द्वारा कूड़ा कचरा का ढेर जमा किए जाने के कारण उस सड़क से गुजरने वाले मुसाफिरों को हो रही काफी परेशानियों के कारण नगर निगम के आयुक्त से मीडिया के माध्यम से समस्या पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए जमा किए गए कूड़ा कचरा का ढेर हटवाने का आग्रह किया है ।धीरज मिश्रा ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि गढ़वा शाहपुर मुख्य सड़क के किनारे डालटनगंज शहर का कूड़ा कचरा फेके जाने के कारण कचरा से निकल रहे दुर्गंध के कारण राहगीरों का उस सड़क से गुजरना मुश्किल हो गया है । कचरा का ढेर जमा होने के कारण दिन भर दर्जनों जानवरों गाय कुता द्वारा जमा कूड़ा कचरा खाने के लिए सड़क पर जमा होने के कारण वाहन चालकों को भी वाहन चलाने में परेशानी उठानी पड़ रही है। कचरा खाने के लिए जमा हुए जानवरों के झुंड द्वारा बीच सड़क पर आपस में लड़ते रहने के कारण सड़क पर मुसाफिरों को दुर्घटना को निमंत्रण दे रहा है ,बरसात होने के कारण कूड़ा कचरा भींग जाने से कचरा से निकलने वाली बदबू दुर्गंध के कारण लोगों में और कूड़ा कचरा खाने के कारण जानवरों में भी बीमारी फैलने का भी प्रबल आशंका है। श्री मिश्रा ने कहा कि पहले उस सड़क के किनारे कूड़ा कचरा का ढेर जमा नही करके सड़क के अंदर से गुजरने वाले बड़ा सा फील्ड में कूड़ा जमा किया जाता था। इसलिए सड़क किनारे जमा किए गए कचरा का ढेर को अविलंब हटाया जाए जिससे राहगीरों को सड़क से गुजरने में कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 233
शनिवार
26.08.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
जैसे हमारे विचार होते हैं हमारी जिन्दगी भी वैसी ही होती है

असर्फी हॉस्पिटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
Department of Oncology
Dr. K Jha
MBBS, MS, ENT
Head Neck cancer Surgeon
दिनाँक : 27 अगस्त 2023
समय : सुबह 10AM से 6PM
09297970030

**रांची का तापमान**
अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

### सीएम की उपस्थिति में हाइड्रोजन इंजन निर्माण से संबंधित नई परियोजना हेतु एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम हुआ संपन्न

# हाइड्रोजन इंजन निर्माण परियोजना राज्य के विकास को गति देगी : हेमंत

* एमओयू कार्यक्रम झारखंड के इतिहास का महत्वपूर्ण दिन
* झारखंड को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाकर खड़ा करना लक्ष्य
* हमारी सरकार क्लाइमेट चेंज को लेकर कर रही सकारात्मक कार्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हाइड्रोजन इंजन निर्माण परियोजना हेतु टाटा मोटर्स एवं टाटा कमिंस के संयुक्त उपक्रम तथा झारखंड सरकार के बीच एमओयू होना निश्चित रूप से झारखंड के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन है। ऐसे तो देश की आजादी से लेकर अब तक झारखंड में उद्योग के क्षेत्र में कई कड़ियां जुड़ी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ईश्वर ने इस राज्य को विभिन्न प्रकार की खनिज संपदाओं से आच्छादित किया है, यही कारण है कि झारखंड में कई छोटे-बड़े उद्योग के साथ-साथ बड़े-बड़े तकनीकी उद्योग भी स्थापित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से दो दिन पहले देशभर में चंद्रयान मिशन को लेकर काफी चर्चाएं हो रही थी, अंतोगत्वा भारत ने चंद्रयान मिशन को सफलतापूर्वक पूरा किया। हमारे वैज्ञानिकों ने यह फिर साबित कर दिखाया कि भारत किसी से कम नहीं है। इस पूरे चंद्रयान अभियान में झारखंड के बोकारो जिला निवासी एक आदिवासी युवा श्री शिवशंकर बेसरा का भी सराहनीय योगदान रहा है। श्री शिवशंकर बेसरा इसरो की टीम में वैज्ञानिक के रूप में शामिल हैं। झारखंड के नौजवानों में हुनर की कोई कमी नहीं है, बशर्ते यह आवश्यक है कि हम नीति निर्धारण करने वाले लोग तथा यहां कार्यरत औद्योगिक संस्थाएं इस बात को समझें कि हमें इस राज्य के लिए क्या करना है? यहां के युवाओं को किस दिशा में आगे बढ़ाना है। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज झारखंड मंत्रालय के सभागार में आयोजित टाटा मोटर्स लिमिटेड तथा टाटा कमिंस लिमिटेड का संयुक्त उपक्रम के साथ उद्योग विभाग, झारखंड सरकार के बीच हाइड्रोजन इंजन निर्माण से संबंधित नई परियोजना हेतु एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं।

### झारखंड को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाकर खड़ा करना लक्ष्य

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि वैसे तो झारखंड कहने के लिए देश के पिछड़े राज्यों में शामिल है, परंतु हमारा राज्य पिछड़े राज्यों की लाइन में क्यों खड़ा है मैं इसकी मुकम्मल हल नहीं ढूंढ पाया हूं, लेकिन हल ढूंढने के लिए निरंतर प्रयासरत हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार झारखंड के युवा पीढ़ी की सोच के अनुरूप, यहां की जन भावनाओं के अनुरूप विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर एक बेहतर कार्य योजना बनाते हुए राज्य को आगे बढ़ने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमसभी लोग इस सभागार में जिस कार्य के लिए एकत्रित हुए हैं यह सिर्फ झारखंड ही नहीं बल्कि पूरे देश में चर्चा का विषय रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य सरकार झारखंड की धरती पर हाइड्रोजन इंजन निर्माण के लिए टाटा मोटर्स एवं टाटा कमिंस के संयुक्त उपक्रम के साथ समझौता हस्ताक्षर कर रही है। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हाइड्रोजन इंजन परियोजना के शुरुआती दौर में हाइड्रोजन इंजन का इस्तेमाल सिर्फ हैवी व्हीकल में किया जाएगा परंतु धीरे-धीरे इसके दायरे बढ़ेंगे तथा छोटे वाहनों में भी हाइड्रोजन इंजन इस्तेमाल करने की परिकल्पना को पूरा किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि ऐसे ही प्रयासों से झारखंड पिछड़े राज्यों की श्रेणी से निकलकर देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा।

### समझौता ज्ञापन पर हुआ हस्ताक्षर

इस अवसर पर उद्योग विभाग, झारखंड सरकार के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह और भारत में कमिंस ग्रुप के मुख्य वित्तीय अधिकारी अजय पाटिल ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, मंत्री श्री सत्यानंद भोक्ता, टाटा मोटर्स के कार्यकारी निदेशक गिरीश वाघ तथा कमिंस इंडिया में इंजन व्यवसाय के उपाध्यक्ष नितिन जिराफे की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।




### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर श्रम नियोजन एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, उद्योग विभाग के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह, कार्यकारी निदेशक टाटा मोटर्स लि0 गिरीश वाघ, कमिंस ग्रुप के मुख्य वित्तीय अधिकारी अजय पाटिल सहित राज्य सरकार के अन्य वरीय पदाधिकारी एवं टाटा समूह के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### प्रकृति के साथ समन्वय स्थापित कर विकास के पथ पर आगे बढ़ने की जरूरत

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड प्रदेश का 30 फीसदी हिस्सा जंगलों से घिरा हुआ है। छोटे-छोटे झार-वनों को मिला दें तो यह बढ़कर 50 प्रतिशत हो जाता है। वर्तमान समय में देश और दुनिया के लिए जलवायु परिवर्तन तेजी से चुनौती बनकर उभर रहा है। क्लाइमेट चेंज को लेकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पटल पर बड़ी-बड़ी गोष्ठियां, सेमिनार आयोजित कर चर्चाएं हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन को लेकर हमारी सरकार एक बेहतर कार्य योजना बनाते हुए जन सहभागिता के साथ कई क्षेत्रों में सकारात्मक कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली जैसे शहर की जलवायु के विषय में हम लोग अक्सर सुनते आ रहे हैं। प्रकृति के साथ चुनौती मानव जीवन के लिए भारी पड़ता हुआ दिख रहा है। वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन का घातक असर दिख रहा है, इसे गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कहीं बेमौसम बरसात तो कहीं सुखाड़, कहीं बाढ़, विचित्र स्थिति बनी पड़ी है।




## केरल के वायनाड में सड़क दुर्घटना में नौ महिलाओं की मौत

**नई दिल्ली :** केरल के वायनाड के मननथावाड़ी में चाय बागान श्रमिकों को ले जा रही एक जीप पलटने से 9 महिलाओं की मौत हो गई। हादसा दोपहर 3.30 बजे मननथावाड़ी थलापुझा कन्नोथ हिल के पास हुआ। हादसे की शिकार ये सभी महिलाएं वायनाड की रहने वाली बताई गई हैं। हादसे में ड्राइवर समेत तीन घायलों की हालत बेहद गंभीर है। जिला कलेक्टर ने मृतकों की संख्या की पुष्टि की है। घायलों का मननथवाड़ी मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। जिस जीप में मजदूर यात्रा कर रहे थे, वह अनियंत्रित होकर पलट गई। जीप 30 मीटर की गहरे खड्ड में जा गिरी। जीप में 12 लोग सवार थे। ड्राइवर को छोड़कर सभी महिलाएं थीं। वन मंत्री ने कहा कि घायलों का उपचार आवश्यकतानुसार विशेषज्ञ चिकित्सक कर रहे हैं। कांग्रेस नेता एवं वायनाड से सांसद राहुल गांधी ने जीप हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि उनकी जिले के सम्बन्धित अधिकारियों से बात हुई है और उन्होंने पीड़ितों को शीघ्र सहायता मुहैया कराने का आग्रह किया है। उनकी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। राहुल ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

**जीप में 12 लोग सवार थे। ड्राइवर को छोड़कर सभी महिलाएं थीं।**

## क्विक न्यूज

### सारण में स्कॉर्पियो पलटने से पांच की मौत

**पटना :** बिहार के सारण जिले में मशरक प्रखंड के बसंतपुर बगही में गुरुवार देररात स्कॉर्पियो के अनियंत्रित होकर कर्कुदरिया नहर में गिर जाने से पांच लोगों की मौके पर मौत हो गई। यह लोग श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी के शव बाहर निकाले।पुलिस के मुताबिक यह स्कॉर्पियो नहर में पुल से 20 फीट नीचे पानी में समा गई थी। स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि अशरफ अली की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतकों में चार लोग गोपालगंज जिले के और और एक सारण जिले का निवासी बताया जा रहा है। सभी लोग गोपालगंज के बैकुंठपुर से सीवान जिले के बसंतपुर स्थित बगही में एक श्राद्ध कार्यक्रम से लौट रहे थे। मृतकों में हमीदपुर पंचायत के सोनवलिया गांव के मुखिया के पिता और भतीजा भी शामिल हैं। मृतकों की पहचान गोपालगंज के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के सोनावलिया गांव निवासी दिनेश सिंह (60), लालबाबू साह (42), सुधीर कुमार (15) और एकडेरवा गांव निवासी सूरज कुमार के रूप में हुई है। अन्य एक व्यक्ति की पहचान जिले के मशरख थाना क्षेत्र के पद्मपुर गांव निवासी रामचन्द्र साह (60) पिता रतन साह के रूप में हुई है।

### जी-20 समिट के लिए भारत नहीं आएंगे रूस के राष्ट्रपति पुतिन, यूक्रेन युद्ध को बताया वजह

**क्रेमलिन:** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सितंबर महीने में भारत में होने जा रही जी 20 समिट में शामिल नहीं होंगे. क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने पुतिन के भारत नहीं आने के पुष्टि की है. साथ ही उन्होंने कहा है कि येवगेनी जीवी प्रिगोझिन की विमान दुर्घटना में हुई मौत में क्रेमलिन की संलिप्तता के आरोप बिल्कुल झूठ हैं. पेसकोव का कहना है कि पश्चिमी देशों का कहना है कि प्रिगोझिन की मौत के पीछे क्रेमलिन का हाथ है, यह पूरी तरह से झूठ है.

### अमरमणि और मधुमणि त्रिपाठी हुए रिहा, मधुमिता शुक्ला हत्याकांड में 16 साल बाद मिली राहत

**नयी दिल्ली :** उत्तर प्रदेश के चर्चित मधुमिता शुक्ला हत्याकांड में सजायाफ्ता पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी और उनकी पत्नी मधुमणि जेल से रिहा हो गई है. दोनों 20 सालों से सजा काट रहे थे. जेल में अच्छे आचरण की वजह से उनकी समय से पहले रिहाई हुई. सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद उनकी बाकी की सजा को माफ कर दिया गया है. इसके बाद महाराजगंज के नौतनवां कस्बे में पूर्व मंत्री के आवास पर समर्थकों की भीड़ लग गई. उनके प्रशंसक मिठाई और ढोल बजाकर जश्न मनाने लगे.

### सेवानिवृत्त झाप्रसे अधिकारी रवि शंकर पर होगी विभागीय कार्रवाई

**रांची :** झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) से सेवानिवृत अधिकारी रवि शंकर पर पेंशन नियमावली के तहत विभागीय कार्रवाई होगी। उनके ऊपर संयुक्त सचिव जलसंसाधन विभाग सह आंतरिक वित्तीय सलाहकार के पद पर रहते हुए गंभीर आरोप लगे थे। गुमला जिला अंतर्गत कतरी जलाशय योजना के जीर्णोद्धार कार्य से संबंधित निविदा निस्तारण, कार्य आवंटन में अनियमितता बरतने संबंधी आरोप है। पूरे मामले पर जलसंसाधन विभाग ने 10 जून, 2019 को प्रपत्र-क गठित कर कार्रवाई की अनुशंसा की थी। प्रथम दृष्टया जांच में आरोप प्रमाणित पाये गये। राज्य सरकार ने अब उनके ऊपर विभागीय कार्रवाई चलाने का निर्णय लिया है।

**इंडिया स्मार्ट सिटी अवार्ड कॉन्टेस्ट 2022**

# ईस्ट जोन के शहरों में रांची बना नंबर वन

* 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में रांची नंबर वन
केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने की घोषणा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** केंद्र सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने इंडिया स्मार्ट सिटी अवार्ड कॉन्टेस्ट 2022 का परिणाम घोषित कर दिया है.भारत सरकार द्वारा जारी इस अवार्ड कॉन्टेस्ट में फिर से एक बार झारखंड की राजधानी रांची ने अपना परचम लहराया है.पूर्वी क्षेत्र के 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में रांची को नंबर वन अवार्ड से नवाजा गया है, बहुत जल्द राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले एक बड़े कार्यक्रम में अवार्ड वितरण किया जाएगा . जिसमें रांची स्मार्ट सिटी को भी सम्मानित किया जाएगा. केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अवार्ड की घोषणा की है.

नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव ने दी बधाई राज्य सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव एवं रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री विनय कुमार चौबे ने नगर विकास विभाग ,रांची स्मार्ट सिटी कॉर्पोरेशन और स्मार्ट सिटी के विकास में जुड़े विभिन्न एजेंसियों के पदाधिकारी एवं कर्मियों को बधाई दिया है इसके साथ ही, रांची की जनता को भी सहयोग के लिए दिल से आभार व्यक्त किया है.विभागीय सचिव ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में प्रदेश हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रहा है और इसी कुशल नेतृत्व की वजह से हमारा प्रदेश और स्मार्ट सिटी रांची, स्मार्ट सिटी मिशन की योजनाओं में लगातार अग्रणी पंक्ति में खड़ा है.

**रांची स्मार्ट सिटी के सीईओ ने दी बधाई:** रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के सीईओ अमित कुमार ने इस अवार्ड के लिए केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय का आभार व्यक्त किया है साथ ही राज्य सरकार के कुशल नेतृत्व और माननीय मुख्यमंत्री तथा विभागीय सचिव के कुशल मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया है..उन्होंने आश्वस्त किया है कि रांची स्मार्ट सिटी आने वाले वर्षो में और भी कई अवार्ड का हकदार बनेगा.उन्होंने रांची स्मार्ट सिटी के विकास और प्रगति के लिए पूरी टीम को बधाई दी है.

# ग्रीस : पीएम मोदी को किया गया सम्मानित

**राष्ट्रपति कैटरीना ने दिया ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर**

**एजेंसी**

**एथेंस :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एथेंस में ग्रीस की राष्टपति कैटरीना एन सकेलारोपोलू द्वारा द ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। ऑर्डर ऑफ ऑनर की स्थापना 1975 में की गई थी। इसमें देवी एथेना के सिर को स्टार के सामने की ओर ÷केवल धर्मी लोगों का सम्मान किया जाना चाहिए÷ शिलालेख के साथ दर्शाया गया है। ऑर्डर ऑफ ऑनर का ग्रैंड क्रॉस ग्रीस के राष्टपति द्वारा प्रधानमंत्रियों और प्रतिष्ठित हस्तियों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने अपनी विशिष्ट स्थिति के कारण ग्रीस के कद को बढ़ाने में योगदान दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पारस्परिक हित के क्षेत्रों में ग्रीस-भारतीय मित्रता को रणनीतिक बढ़ावा देने में पीएम मोदी के निर्णायक योगदान को भी पहचान दी गई है। इससे पहले एथेंस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रीस की राष्टपति सकेलारोपोलू से मुलाकात के दौरान चंद्रयान-3 मिशन की



सफलता पर बात की। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी 40 साल में ग्रीस की यात्रा करने वाले पहले भारतीय पीएम हैं। इससे पहले भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सितंबर 1983 में ग्रीस का दौरा किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रीस की राष्टपति कैटरीना एन सकेलारोपोलू से कहा कि चंद्रयान-3 की सफलता केवल भारत की ही नहीं, बल्कि पूरी मानवता की जीत है। इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने चंद्रयान अभियान की सफलता पर ग्रीस की राष्टपति की ओर से दी गई शुभकामनाओं के लिए आभार जताया। पीएम मोदी ने कहा, चंद्रयान-3 मिशन द्वारा एकत्र किए गए आंकड़ों के निष्कर्षों से पूरी वैज्ञानिक बिरादरी और मानव जाति को मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, चंद्रयान-3 की सफलता केवल भारत की जीत नहीं है, यह पूरी मानवता की जीत है। इससे पहले ढोल-नगाड़ों की थाप और 'वंदे मातरम' के नारों के बीच प्रधानमंत्री मोदी का एथेंस में उनके होटल के बाहर बड़ी संख्या में एकत्र हुए प्रवासी भारतीयों ने जोरदार स्वागत किया। तिरंगा थामे वहां खड़े कई लोगों ने प्रधानमंत्री के साथ सेल्फी ली, उनसे ऑटोग्राफ लिए और उनसे हाथ भी मिलाया। प्रधानमंत्री मोदी ने ग्रीस में अपने कार्यक्रमों की शुरुआत एथेंस में अज्ञात सैनिकों के मकबरे पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ की। इसके बाद उन्हें एक समारोह में 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया।

**इससे पहले एथेंस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रीस की राष्ट्रपति सकेलारोपोलू से मुलाकात के दौरान चंद्रयान-3 मिशन की सफलता पर बात की।**

**मणिपुर हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने**

# सीबीआई केस को गुवाहाटी किया ट्रांसफर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** मणिपुर हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा कदम उठाया है. कोर्ट ने सीबीआई केसों को असम के गुवाहाटी ट्रांसफर किया. हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस से स्पेशल जज नियुक्त करने को कहा. इस मामले में कोर्ट ने कई दिशा- निर्देश जारी किए हैं. चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने कई दिशा- निर्देश जारी किए हैं. इन दिशा-निर्देशों में गुवाहाटी हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस से गुवाहाटी में एक या ज्यादा स्पेशल जज नियुक्त करने के लिए कहा गया है. इसके साथ ही कहा गया है कि आरोपियों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से होगी. जबकि आरोपियों की न्यायिक हिरासत मणिपुर में रहेगी. वहीं, दिशा-निर्देशों के अनुसार, गवाहों के सीआरपीसी 164 के बयान मणिपुर में क्षेत्रीय मजिस्ट्रेट के सामने होंगे.आरोपियों की शिनाख्त परेड मणिपुर में क्षेत्रीय मजिस्ट्रेट के सामने होंगी. इसके साथ ही मणिपुर राज्य सरकार द्वारा पर्याप्त इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराए जाने को कहा गया है. वहीं, अगर कोई गुवाहाटी जाकर बयान



दर्ज कराना चाहता है तो इसकी व्यवस्था हो.मणिपुर मामले पर चीफ जस्टिस ने कहा कि हम पूर्व ट्रायल चरण में हैं. यदि भविष्य में स्थिति में सुधार होता है तो नामित जज मणिपुर जा सकते हैं और वहां सुनवाई कर सकते हैं. फिलहाल मणिपुर में केस संभव नहीं है. घाटियों और पहाड़ियों में पीड़ित हैं. हर किसी को पीड़ा झेलनी पड़ी है, इसलिए पीड़ितों का घाटी से पहाड़ तक और पहाड़ से घाटियों तक पहुंचना मुश्किल है. हम इस पर नहीं हैं कि किसने अधिक कष्ट सहा. दोनों पक्षों को नुकसान उठाना पड़ा है. चीफ जस्टिस ने कहा कि हम निष्पक्ष सुनवाई को लेकर चिंतित हैं. हम अभी कुछ समय के लिए ऐसा कर रहे हैं ताकि ट्रायल शुरू हो सके. मिजोरम आदि में उस तरह का बुनियादी ढांचा नहीं है. हमारे पास महाराष्ट्र या झारखंड की तरह 3000 न्यायिक अधिकारी नहीं हैं. सॉलिसिटर जनरल ने कहा- ये सिर्फ सीबीआई के मामले हैं, बाकी मामले मणिपुर में किए जा सकते हैं. दरअसल, याचिकाकर्ता केसों को असम में ट्रांसफर करने का विरोध कर रहे थे.

## भारत की जमीन पर चीन के कब्जे को लेकर पीएम ने झूठ बोला : राहुल

**एजेंसी**

**कारगिल :** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपने लद्दाख दौरे के आखिरी चरण के दौरान कारगिल में एक रैली को संबोधित करते हुए भाजपा पर हमला बोला. राहुल ने कहा,लद्दाख एक रणनीतिक स्थान है. खासकर, जब मैं पैंगोंग त्सो झील पर था, एक बात तो साफ है कि चीन ने भारत की हजारों किलोमीटर जमीन हड़प ली है. दुख की बात है कि विपक्ष की बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि लद्दाख का एक इंच भी चीन ने नहीं लिया है, जो कि एक झूठ है.÷ राहुल की ये टिप्पणी प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्टपति



शी जिनपिंग के बीच बुधवार को जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) शिखर सम्मेलन के मौके पर हुई बातचीत के बाद आई है. यह बातचीत कोई संरचित द्विपक्षीय बैठक नहीं थी और अनौपचारिक थी.राहुल ने आरोप लगाया कि भाजपा लद्दाख की जमीन छीनकर अडाणी को सौंप देना चाहती है.

## डबल खस्सी फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटीसिल्वे फुटबॉल क्लब टाटीसिल्वे द्वारा एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन ई ई एफ मंदिर मैदान मे किया गया हैं । इसमे कुल आठ टीमे भाग ले रही हैं। इसमे विजेता, उप विजेता को खस्सी एवम नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा। यह जानकारी समिति के जगदीश नायक एवम बिगना महतो ने सयुक्त रूप से प्रेस को दी।

## अज्ञात घायल युवक का इलाज के दौरान मौत

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली थाना अंतर्गत सिल्ली पुलिस ने सिल्लीडीह के समीप एक अज्ञात व्यक्ति जिसकी उम्र लगभग 40 वर्ष बीमार अवस्था में पड़ा हुआ मिला। सिल्ली थाना के द्वारा गुरुवार को इलाज के लिए सिल्ली सामुदायिक अस्पताल ले जाया गया,जहाँ इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। सिल्ली प्रशासन ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया।शव की पहचान अब तक नहीं हुई है।

## झारखण्ड दिव्यांग जागृति महासंघ ने दिव्यांग शिविर का आयोजन किया

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित पंचायत सचिवालय भवन बेड़ो में झारखण्ड दिव्यांग जागृति महासंघ के द्वारा शुक्रवार को दिव्यांग शिविर आयोजन किया गया। शिविर में संघ के सचिव अशोक महतो के देखरेख में लगभग 100 दिव्यांग जनों का ऑनलाईन फॉर्म अप्लाई किया गया। जिनका विक्लांगता प्रतिशत 80 प्रतिशत से ज्यादा था उसको मोटराईज ट्राइसाईकल के लिए आवेदन भरा गया। वहीं जिनका विक्लांगता प्रतिशत 80 प्रतिशत से कम था, उसके लिये उसके सुविधानुसार ट्राइसाईकल, वैशाखी, व्हीलचेयर के लिए ऑनलाईन फॉर्म का आवेदन भरा गया। झारखण्ड दिव्यांग जागृति महासंघ के सचिव अशोक महतो ने बतलाया कि सभी दिव्यांगों के भरे गये ऑनलाईन फॉर्म के अनुसार उपकरण का वितरण 17 सितंबर 2023 को किया जायेगा। शिविर आयोजन में जरिया पंचायत के मुखिया कुवांरी खलखो, मुखिया प्रबला केरकेट्टा ने दिव्यांग जनों के फॉर्म भरने में मुख्य सहयोग किए। मौके पर रांची से दिव्यांग जनों के समाजसेवी जाहीद अन्सारी,चन्द्र मुली पाण्डे सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बचरा में ओपन जिम का उद्घाटन आज

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा सीएसआर योजना के तहत क्षेत्र में लगाए गए ओपन जिम का आज उद्घाटन किया जाएगा।पिपरवार क्षेत्र के जीएम सीबी सहाय के द्वारा ओपन जिम का उद्घाटन किया जाएगा।इसको लेकर प्रबंधन के द्वारा सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।जानकारी के अनुसार पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा बचरा चार नंबर स्थित अंबेडकर पार्क, बचरा बसंत विहार आवासीय कॉलोनी और सीआईएसएफ आवासीय कॉलोनी परिसर में ओपन जिम लगाया गया है। कॉलोनी और क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यह ओपन जिम संचालित किया जा रहा है,जिसमें लोग निन्शुल्क आकर जिम कर सकते हैं।

## बचरा पोस्ट ऑफिस में आधार कार्ड बनाने का काम हुआ शुरू

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा पोस्ट ऑफिस में आधार कार्ड बनाने का काम फिर से शुरू कर दिया गया है।जानकारी के मुताबिक बचरा पोस्ट ऑफिस में आधार कार्ड बनाने वाले कर्मी का तबादला होने के कारण पिछले कुछ महीनो से पोस्ट ऑफिस में आधार कार्ड बनाने का काम बंद कर दिया गया था,लेकिन शुक्रवार 25 अगस्त से बचरा पोस्ट ऑफिस में आधार कार्ड बनाने का काम पुनः चालू कर दिया गया है।अब कोयलांचल क्षेत्र के लोग बचरा पोस्ट ऑफिस में नया आधार कार्ड बनाने और आधार कार्ड में शुद्धिकरण करने का काम करा सकते हैं।यह जानकारी बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी और बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने संयुक्त रूप से दिया है।

## पेंशनर समाज की बैठक सम्पन्न

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पेंशनर समाज की बैठक प्रखंड परिसर स्थित कार्यालय में शुक्रवार को हुई। अध्यक्षता समल महतो ने किया। बैठक में पेंशनर समाज के संगठन में नए पेंशनरों को शामिल करने, वार्षिक सदस्यता शुल्क जमा करने एवं आगामी पांच सितंबर को शिक्षक दिवस पर 80 वर्ष की आयु पूरी कर चुके सदस्य को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। अलावे पिछले दिनों दिल्ली में आयोजित किए गए पेंशनर समाज के राष्ट्रीय सम्मेलन पर विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर पेंशनर समाज के राष्ट्रीय सचिव महेश कुमार सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंद्रकांत सिंह, राजेंद्र प्रसाद महतो, रघुनाथ महतो, नागेंद्र नाथ महतो, हरिपद महतो, कृष्ण कुमार महतो, फुलमनी महतो, शुभोबाला महतो, पानो देवी, रतन कुमार महतो एवं कैलाश चंद्र महतो आदि मौजूद थे।



## रेलवे दंडाधिकारी के नेतृत्व में विशेष जांच अभियान चलाया गया, 200 यात्रियों पर लगाया जुर्माना

**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर थाना क्षेत्र अंतर्गत टांगरबसली रेलवे स्टेशन मे रेलवे के दंडाधिकारी अक्षय शर्मा के नेतृत्व मे विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान राची लोहरदगा ट्रेन को रोककर उसमे सवार लगभग 200 यात्रियो को रोककर उनके टीकट की जाँच की गई और उनसे 65 हजार रू का जुर्माना लगाया गया। साथ ही महीला बोगी मे यात्रा कर रहे पुरूष यात्रियो को भी उतारा गया और उनसे जुर्माना वसुला गया और उन्हे चेतावनी देकर छोडा गया। साथ ही क्षमता से अधिक समान लेकर यात्रा कर रहे लोगो से भी सामान के जांच के बाद आर्थिक दंड लगाया गया।



# डी ए वी खलारी में बच्चों को दी गई करियर संबंधित काउंसलिंग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** डी ए वी स्कूल खलारी में विद्यार्थियों की उनके करियर से संबंधित काउंसलिंग की गई . इस अवसर पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के डिप्टी कमांडेंट कर्नल मृत्युंजय एस डी ने उपस्थित कक्षा नवमीं के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे देश का भविष्य हैं . वे बच्चे जो अंतिम बैंचों पर बैठते हैं, उन पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए. शिक्षा केवल लिखने, पढ़ने और अच्छे अंक प्राप्त करने तक सीमित नहीं है . शिक्षा के दौरान बहुत सी बाधाएँ आती हैं, उन बाधाओं से सीख लेते हुए हमें आगे बढ़ना है . डिप्टी कमांडेंट ने बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों जैसे खेल , संगीत, पुलिस, विज्ञान, चिकित्सा अथवा तकनीकी में से किसी एक लक्ष्य को निर्धारित करने की सलाह दी.उन्होंने बच्चों से कहा कि आप अपने भाग्य के निर्माता स्वयं हैं.अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए मेहनत करें. साथ ही स्वाध्याय को भी नहीं छोड़े . अपनी इच्छा अनुसार विषयों का चुनाव करें . किसी के कहने या दबाव से



नहीं .यदि आप पढ़ते समय थकान महसूस करते हों तो खेलें या कोई अन्य काम करते समय भी आप थक गए हों तो उपन्यास, कहानियों आदि की पुस्तकें पढ़ें .अंत में उन्होंने करियर से संबंधित बच्चों को जानकारी दी . उन्होंने कहा कि सशस्त्र सेनाओं या यूपीएससी की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए विद्यार्थी कक्षा नौवीं से स्नातक स्तर तक की पुस्तकों का गहराई से अध्ययन करें ।

# एक साल से चापाकल खराब, पेयजल की समस्या से जूझ रहे क्षेत्र के ग्रामीण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड के गोडा गोड़ाडीह पंचायत के दोसिमा गांव में जनक सिंह महतो के घर के समीप एक साल से चापाकल खराब रहने के कारण वहां के लोगों के बीच पेयजल की भारी किल्लत है । गर्मी के मौसम मे टोले के लोग नदी मे चुँवा खोदकर अपनी प्यास बुझा लेते थे लेकिन बरसात होने के कारण नदियों मे गंदे पानी बहता है और उसी गंदे पानी को पीने को मजबूर हैं। स्थानीय ग्रामीण कार्तिक चंद्र महतो ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रखंड प्रशासन को इसकी जानकारी देकर



चापाकल मरम्मती की मांग की गयी बावजूद अब तक खराब चापाकल ठीक नहीं कराया गया है।ग्रामीणों ने यह भी बताया कि आसपास के मिस्त्री से अपने स्तर से चापाकल ठीक कराने का प्रयास किया गया इस दौरान मिस्त्री ने बताया कि चापाकल का सिलेंडर गिर गया है जिसके कारण उसे नहीं बनाया जा सका।इस संबंध में विभाग के कनीय अभियंता जीत मोहन सिंह मुंडा से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि चापाकल मराम्मती का जिम्मा पंचायत मुखिया को है ऐसी स्थिति में अगर चापाकल पिछले 1 सालों से खराब उसे जांच कर जल्द से जल्द बना दिया जाएगा।

## ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट रिसर्च फाउंडेशन ट्रस्ट ने किया लोक जनसुनवाई का बहिष्कार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** पिपरवार भूमिगत खदान को लेकर झारखंड राज्य प्रदूषण बोर्ड के द्वारा आयोजित पर्यावरणीय लोक जनसुनवाई कार्यक्रम का ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट एंड रिसर्च फाउंडेशन ट्रस्ट के सदस्यो ने बहिष्कार किया।जानकारी के अनुसार ट्रस्ट के सदस्य करीब पांच पंचायत के ग्रामीणों के साथ कार्यक्रम स्थल पहुंचकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया।इस संबंध में ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया कि पिपरवार में भूमिगत खुलने के बाद स्थानीय ग्रामीणों को काफी परेशानी होगी।ग्रामीण इलाकों का जल स्त्रोत नीचे चला जाएगा,जिससे पानी की समस्या उत्पन्न होगी।वहीं प्रदूषण के कारण बीमारी से लोग ग्रसित होंगे,इसके अलावे जहरीले गैस का रिसाव होने से ग्रामीणों को नुकसान होगा।ट्रस्ट के सदस्यों ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन सिर्फ ग्रामीणों को ठगने का काम कर रही है, जबकि विस्थापित ग्रामीणों को मूलभूत सुविधा और रोजगार से वंचित रखा गया है।वही आउटसोर्सिंग कम्पनी के अधीन चलने वाली इस भूमिगत खदान में सिर्फ बाहरी लोगों को रोजगार दिया जा रहा है,स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार से वंचित करने का काम किया जा रहा है। विस्थापित ग्रामीणों के विरोध के बावजूद जनसुनवाई कार्यक्रम को पारित किया गया,जिससे विस्थापितों में आक्रोश देखा जा रहा है।

**Affidavit**

**I,Anjali Xalxo , (exisiting name of spouse as per NOK ) is legally spouse of No.4281135 F, Rank NK,name Shanti Prakash Lakra presently residing at Vill. Taku, P.S. Kuru , Distt.-Lohardaga, Jharkhand - 835213 do here- by solemnly d eclare affidavit No. 544 dated 08.08.2023 that I have changed my name from Anjali Lakra to Anjali Xalxo and my DOB is 24.06.1990.Anjali Lakra and Anjali Xalxo both are one & Same Person i.e. myself.Now, I will be known as only Anjali Xalxo for everywhere.**

# पिपरवार भूमिगत खदान को लेकर पर्यावरणीय लोक जन सुनवाई का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल की महात्वाकांक्षी पिपरवार भूमिगत कोल खदान परियोजना के फेज एक के विस्तारीकरण को लेकर शुक्रवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सीएचपी सीपीपी परियोजना कार्यालय के समक्ष पर्यावरणीय लोक जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।झारखंड राज्य प्रदूषण बोर्ड की तरफ से आयोजित इस पर्यावरणीय लोक जन सुनवाई कार्यक्रम मे प्रशासनिक अधिकारी, सीसीएल अधिकारी,जन प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या मे विस्थापित ग्रामीण शामिल हुए।कार्यक्रम की अध्यक्षता सिमरिया एसडीओ सुधीर दास और संचालन टंडवा सीओ बिजय कुमार दास ने किया।पर्यावरण संबंधित क्लियरेंस एवं अनापत्ति के लिए बुलाई गई लोक सुनवाई कार्यक्रम का स्थानीय विस्थापित ग्रामीणों ने पुरजोर विरोध किया।कार्यक्रम मे विस्थापितों के पुनर्वास के साथ मूलभूत सुविधा,लंबित नौकरी और मुआवजा देने, स्थानीय युवाओं को रोजगार देने सहित अन्य समस्या को विस्थापित ग्रामीणों ने प्रमुखता के साथ उठाया।वही सीसीएल अधिकारियो ने ने कहा कि पिपरवार मे भूमिगत खदान खुलने के बाद पिपरवार एरिया का कोयला उत्पादन बढ़ेगा,जिससे यहां का विकास कार्य की रफ्तार भी तेज होगी।कार्यक्रम में



मौजूद अधिकारियों ने बारी-बारी से स्थानीय ग्रामीणों की समस्या को सुना और इसके समाधान का भरोसा दिया।स्थानीय सीसीएल प्रबंधन के द्वारा प्रदूषण के रोकथाम को लेकर किया जा रहे उपाय के बारे में जानकारी दी।वही सीएसआर योजना के तहत ग्रामीण विस्थापित प्रभावित इलाकों में किये गये कल्याणकारी कार्यो और आने वाले दिनो में किये जाने वाले विकाश कार्यो की जानकारी दी।इससे पूर्व सभी अतिथियों का स्वागत बुके एंव अंगवस्त्र प्रदान कर किया गया।इस मौके पर सुनवाई कार्यक्रम में बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी अशोक कुमार यादव, आशुतोष साव,फुलेश्वर कुमार वही प्रशासन की ओर से सिमरिया एसडीओ सुधीर दास,टंडवा बीडीओ रंथु महतो,आदि थे।

उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
समाज कल्याण शाखा
(बाल–संरक्षण)

**आम सूचना**



एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि, बाल कल्याण समिति, कोडरमा के पत्रांक– 418 / बा0क0स0 दिनांक–17.08.2023 के आलोक में दिनांक–16.08.2023 को पश्चिमी चंदवारा, नीचे बस्ती, वार्ड न0–5, जिला–कोडरमा के समीप, लावारिस अवस्था में नवजात शिशु को बरामद किया गया, तत्पश्चात नवजात शिशु को सदर अस्पताल, कोडरमा के SNCU वार्ड में भर्ती कराकर इलाज कराया गया। नवजात शिशु बाल कल्याण समिति, कोडरमा के संरक्षण में है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है:–

नवजात शिशु का नाम– नामालूम
पिता व माता– नामालूम
पता– नामालूम
उम्र–01 दिन (लगभग)
रंग–गोरा, वजन–2.370 किलोग्राम, लिंग–पु0

उक्त नवजात शिशु के जैविक माता–पिता अथवा विधिक अभिभावक विगत 60 (साठ) दिनों के अंदर अपना दावा बाल कल्याण समिति अथवा जिला बाल संरक्षण इकाई, कोडरमा के समक्ष साक्ष्य के साथ प्रस्तुत कर सकते है, दावा हेतु दिए गए समय सीमा के पश्चात् उक्त बालक पर किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा एवं दत्तक ग्रहण मार्गदर्शिका 2022 के नियम–6 के उपनियम 13 के अंतर्गत उक्त नवजात शिशु को विधिक रूप से स्वतंत्र घोषित कर दिया जायेगा।

संपर्क नं0:–
बाल कल्याण समिति, कोडरमा।
9006640523, 7717705479, 70507220832, 7061514121
जिला बाल संरक्षण इकाई, कोडरमा।
8539973546, 9608145888 ,9835583343
PR 305550 Social Welfare, Women and Child Development (23-24)D

**जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, कोडरमा।**

## संस्कृति महोत्सव प्रश्नमंच प्रतियोगिता में सविमं करकट्टा को बेहतर प्रदर्शन पर किया गया सम्मानित

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सविमं करकट्टा में एक समारोह आयोजित कर संस्कृति महोत्सव प्रश्नमंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लाने बाले टीमों को सम्मानित किया गया.ज्ञात हो कि पुरानी राय में गुरुवार को आयोजित संस्कृति महोत्सव प्रश्नमंच प्रतियोगिता में सविमं करकट्टा की बाल वर्ग तथा तरुण वर्ग की टीम प्रथम स्थान प्राप्त किया था. शुक्रवार को सविमं करकट्टा में सभी प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य शालीग्राम सिंह द्वारा सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया. बाल वर्ग की टीम में अंजली, रिया एवं मनीषा वहीं तरुण वर्ग की टीम में आयुष, श्वेता तथा प्रियंका शामिल थे.ये दोनों टीमें आगामी 15 व 16 अक्टूबर 2023 को प्रांतीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु बोकारो जाएगी. अंग्रेजी विषय की प्रतियोगिता में विद्यालय की शिशु तथा तरुण वर्ग की टीमें तृतीय स्थान प्राप्त की. आशुवाचन प्रतियोगिता में छात्र तेजस्वी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. छात्र-छात्राओं की इस सफलता पर विद्यालय के सचिव संजीव रंजन सिंह तथा प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह ने हार्दिक बधाई तथा शुभकामनाएं दी है.इस अवसर पर आचार्य चन्द्रभूषण सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, गौरी शंकर कामिला, उमेश कुमार, दिलीप कुमार शर्मा, संजीव कुमार सिंह, गोविन्द चौहान, सियाराम सिंह, संध्या सिन्हा, पूनम पाठक, नूतन सिंह, बसंती कुमारी, प्रीति तिर्की आदि उपस्थित थे।



## बैंक ऑफ इंडिया ने किया ग्राहक जनसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा खूंटी के बी.आर. सी भवन में ग्राहक जनसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बैंक ऑफ़ इंडिया राष्ट्रीय बैंकिंग समूह ङ्क झारखंड के महाप्रबंधक, मनोज कुमार उपस्थित थे। किसान क्रेडिट कार्ड, स्वयं सहायता समूह, मुद्रा ॠण, वाहन ॠण, शैक्षणिक ॠण इत्यादि योजनाओं के तहत ग्राहकों को कुल 3.15 करोड़ का ॠण स्वीकृत पत्र सौंपा गया। उन्होंने ग्राहकों से आह्वान किया कि उक्त योजनाओं का लाभ लेकर अपने क्षेत्र के लोगों को भी इस संबंध में जागरूक करें। अटल पेंशन, जीवन ज्योति, जीवन सुरक्षा योजना के साथ-साथ पीएमइजीपी योजना के सम्बंध में विस्तार से जानकारी दी गई। संजीव कुमार सिंह, आंचलिक प्रबंधक रॉंची अंचल ने कहा कि बैंक से ॠण प्राप्त कर अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाएं। साथ ही उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं के संबंध में विस्तार से बताया। बैंक के माध्यम से विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना हम सभी का लक्ष्य होना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन सनत कुमार दुबे, अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय द्वारा किया गया और कार्यक्रम का संचालन आरसेटी के डायरेक्टर मिथिलेश कुमार द्वारा किया गया। मौके पर बैंक ऑफ़ इंडिया के खूंटी जिले के सभी 8 शाखाओं के शाखा प्रमुख और खूंटी के सभी 6 प्रखंड से ग्राहक उपस्थित थे।

## कार्यालय, जिला परिषद, रॉंची
### (अभियंत्रण शाखा)

**अति अल्पकालीन आमंत्रण सूचना**

संख्या –13 / 2023–2024

1. विज्ञापनदाता का नाम : जिला अभियंता जिला परिषद रॉंची
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : सहायक अभियंता, जिला परिषद रॉंची। जिला अभियंता, जिला परिषद, कार्यालय, रॉंची
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 05.09.2023 (अपराह्न 3.00 बजे तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 06.09.2023 को अपराह्न 3:00 बजे तक
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, रॉंची।
6. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 06.09.2023 को अपराह्न 3:30 बजे।
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला परिषद, कार्यालय, रॉंची।
8. कार्य का विस्तृत विवरणी : DMFT Fund

| क्र० सं० | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01 | नामकुम | सिठियो | टंगटंगटोली | बिरसा बांडो के घर से सामुदायिक भवन तक 160 फीट पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। | 2,99,000.00 | 6,000.00 | 750.00 | तीन माह |
| 02 | नामकुम | हहाप | लदनापीड़ी | इमली पेड़ से डिम्बा लकड़ा के घर तक 300 फीट पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। | 5,54,000.00 | 11,200 0.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 03 | नामकुम | हहाप | लदनापीड़ी | मति लकड़ा के घर से चापाकल तक 110 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1,67,000.00 | 3,500.00 | 500.00 | तीन माह |
| 04 | नामकुम | हुड़वा | हजाम | फागू उरॉंव के घर से तालाब तक 500 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 7,28,000.00 | 14,600.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 05 | नामकुम | हरदाग | डुण्डू | दरहा टोली से चंपा उरॉंव के घर तक 1000 फीट पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। | 17,21,000.00 | 34,500.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 06 | सिल्ली | मुरी | छोटा मुरी | गिरजा शंकर के घर से धनंजय महतो के घर तक 400 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 7,27,000.00 | 14,600.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 07 | सिल्ली | मुरी | छोटा मुरी | टुंगरी पार्क के पीछे पोल्हु महतो के घर तक 400 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 7,27,000.00 | 14,600.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 08 | अनगड़ा | अनगड़ा | चिलदाग | शिव मंदिर प्रागंण में चारो तरफ पेवर ब्लॉक का निर्माण कार्य। | 7,39,000.00 | 14,800.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 09 | अनगड़ा | गेतलसूद | रेशम | रेशम में हुडंरू फॉल रोड तक 750 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 13,62,000.00 | 27,500.00 | 2500.00 | तीन माह |
| 10 | नामकुम | हरदाग | हरदाग | पंचायत भवन से राम मुण्डा के घर तक 250 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 4,62,000.00 | 9,500.00 | 750.00 | तीन माह |
| 11 | नामकुम | हुड़वा | हजाम | संटु उरॉंव के घर से कब्रिस्तान तक 700 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 12,82,000.00 | 25,700.00 | 2500.00 | तीन माह |
| 12 | नामकुम | हुड़वा | सहेदा | कदम टोली आंगनबाड़ी केन्द्र से अखरा तक 330 फीट पेवर ब्लॉक पथ का निर्माण। | 4,45,000.00 | 9,000.00 | 750.00 | तीन माह |
| 13 | अनगड़ा | बोंगईबेड़ा | बानपुर | बानपुर गिरिजा टोली से छोटकी नदी तक 650 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 11,81,000.00 | 23,700.00 | 2500.00 | तीन माह |
| 14 | अगनड़ा | हरातु | बनपुर | ईद करर टोली मे सामुदायिक भवन के पास महावीर पाहन के घर तक 200 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2,62,000.00 | 5,500.00 | 750.00 | तीन माह |
| 15 | अनगड़ा | गेतलसूद | गेतलसूद | बुकी काला रोड से गुलु का बकरी शेड तक 130 फीट पथ निर्माण कार्य | 2,42,000.00 | 4,900.00 | 500.00 | तीन माह |
| 16 | अनगड़ा | गेतलसूद | गेतलसूद | गेतलसूद कश्मीर कॉलोनी में डेम मुख्य रोड से बालमुकुंद लोहरा के घर तक 200 फीट पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य। | 2,06,000.00 | 4,500.00 | 500.00 | तीन माह |
| 17 | अनगड़ा | अनगड़ा | चिलदाग | एस0एस0+2 हाई स्कूल चिलदाग में 200 फीट पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य। | 2,40,000.00 | 4,900.00 | 500.00 | तीन माह |
| 18 | खलारी | मायापुर | मायापुर | ऑगनबाड़ी से जोगेश्वर मुण्डा के घर तक 386 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 7,10,000.00 | 14,500.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 19 | खलारी | नवाडीह | लपरा | नवाडीह मुख्य मार्ग मोनाटोला तक 984 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 15,10,000.00 | 30,500.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 20 | खलारी | चुरी | चुरी पुर्वी | रिलांयस क्लब से मन्हु टांड़ तक 1350 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 24,76,000.00 | 49,600.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 21 | खलारी | चुरी | चुरी पुर्वी | भेलवाटॉड़ में मुख्यपथ से आशा देवी के घर तक 300 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 5,55,000.00 | 11,200.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 22 | खलारी | मायापुर | हरातु | हरमू ग्रेड रोड ऑगनबाड़ी केन्द्र बंधन गंझू के घर से हरहु मध्य विद्यालय तक 884 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 14,97,000.00 | 30,000.00 | 2500.00 | तीन माह |
| 23 | खलारी | खलारी | खलारी | कस्तुरबा गॉंधी विद्यालय के मुख्य द्वार से सुधु लोहरा के घर तक 955 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 13,61,000.00 | 27,500.00 | 2500.00 | तीन माह |
| 24 | खलारी | खलारी | खलारी | खलारी मुख्य पथ से नवप्राथमिक विद्यालय तक 550 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 10,08,000.00 | 20,200.00 | 2500.00 | तीन माह |
| 25 | खलारी | मध्य चुरी | चुरी | डकरा पेट्रोल पम्प से सुखदेव महतो के घर तक 1750 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 32,08,000.00 | 64,200.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 26 | खलारी | चुरी दक्षिणी | होयर | बगेश्वर महतो के घर से श्मशान घाट तक 1800 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 32,93,000.00 | 65,900.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 27 | नामकुम | डुण्डू | हरदाग | बरह माइल से पिपरा टोली अखरा तक 2000 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 34,35,000.00 | 68,700.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 28 | लापुंग | मालगो | जातालोया | मालगो पंचायत के जातालोया गांव में राजीव शुक्ला के घर से होते हुए 870 फीट पी0सी0सी0 पथ एवं कलर्भट निर्माण। | 31,22,500.00 | 62,500.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 29 | लापुंग | देवगॉंव | सरसा | देवगॉंव पंचायत के सरसा गांव में बेड़ो मुख्यपथ से आदिवासी बाल विकास विद्यालय गटडीपा सरना तक 865 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 15,48,900.00 | 31,000.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 30 | लापुंग | मलगो | जातालोया | मलगो पंचायत के जातालोया गांव में अखरा विष्णु लोहरा के घर तक 237 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 3,93,900.00 | 8,000.00 | 750.00 | तीन माह |
| 31 | सिल्ली | बन्ताहजाम | बासूडीह | ग्राम बासूडीह में स्वर्ण रेखा की ओर 700 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 12,68,000.00 | 25,500.00 | 2500.00 | तीन माह |
| 32 | खलारी | बुकबूका | खलारी | खलारी शहीद चौक मुख्य पथ से बुकबूका पंचायत होते हुए डी0एस0पी0 आवास तक 3050 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 38,79,000.00 | 77,600.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 33 | खलारी | खलारी | खलारी | बिजूपाड़ा मुख्य से पंचायत सचिवालय होते हुए जहीर खान के घर तक 1093 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 14,45,000.00 | 29,000.00 | 2500.00 | तीन माह |
| 34 | खलारी | खलारी | खलारी | फेकुवा पाहन के घर से आंगनबाड़ी से होते हुए ताला मुण्डा के घर तक 756 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 13,89,000.00 | 27,800.00 | 2500.00 | तीन माह |

**नोट:** 1. निविदा की अन्य शर्तें जिला परिषद, कार्यालय, रॉंची के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. इस निविदा में **जिला परिशद, रॉंची** अन्तर्गत निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक भाग लेगें।

**जिला अभियंता**
**जिला परिषद रॉंची।**

PR 305528 (Panchayati Raj) 23-24 (D)

## मानगो में खराब हुए स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त करने की मांग को लेकर अंसार ने मानगो ननि में सौंपा ज्ञापन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मानगो क्षेत्र में कई दिनों से



काफी स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी हुई है। उनको बनाने के लिए कोई भी इलेक्ट्रीशियन नहीं पहुंच रहा है। जो नया लाइट लगाए गए थे, वे आधे से ज्यादा खराब हो चुके हैं। इसको लेकर आज पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि मौलाना अंसार खान के नेतृत्व में मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी सुरेश यादव को ज्ञापन देने के लिए पहुंचे। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी के गैर मौजूदगी में सिटी मैनेजर प्रदीप कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। अंसार खान ने बताया कि सिटी मैनेजर ने कहा इलेक्ट्रीशियन हड़ताल पर चले गए थे। जो कल से कम पर आएंगे और जितने भी लाइट खराब पड़ी हुई है उन्हें जल्द से जल्द बनवाया जाएगा। दूसरी और ज्ञापन में कहा गया कि गुलाब बाग फेस टू में नाली का जल्द से जल्द निर्माण करा जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में उनके साथ मोहम्मद अकरम, मोहम्मद जिशान, मोहम्मद आरजू, मोहम्मद कैफ, मोहम्मद सोनू, मोहम्मद टीपू, मोहम्मद शमसी आदि मौजूद थे।

## एक लाख रुपए धोखाधड़ी मामले में 20 सूत्री सदस्य प्रमोद लाल का गिरफ्तारी वारंट जारी

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज न्यायालय नरेंद्र कुमार प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय से अभियुक्त सिदगोड़ा निवासी प्रमोद लाल श्रीवास्तव के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी की गई एवं सिदगोड़ा पुलिस से न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी के संबंध में क्या कार्रवाई होने का रिपोर्ट भी मांगा गया है। प्रमोद लाल वर्तमान में कोल्हान परिवहन प्राधिकार एवं जिला के 20 सूत्री के सदस्य भी है। इनके विरुद्ध जेपी सिंह सिदगोड़ा निवासी के द्वारा मुकदमा दर्ज कराई गई थी। प्रमोद लाल के विरुद्ध आरोप है कि एक लाख रूपये धोखाधड़ी कर गबन कर रखे हैं। जेपी सिंह शिकायतकर्ता की तरफ से अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू एवं बबिता जैन है।

## बजाज फाइनेंस फिक्स्ड डिपॉजिट 50 हजार करोड़ रुपये के पार

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत की लीडिंग और डाइवर्सिफाइड नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों में शामिल, बजाज फिनसर्व ग्रुप की कंपनी बजाज फाइनेंस लिमिटेड ने कहा है कि उसकी फिक्स्ड डिपॉजिट बुक ने 50 हजार करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। बजाज फाइनेंस में 5 लाख जमाकर्ता हैं, हर जमाकर्ता ने 2.87 डिपॉजिट्स रखी हैं, यानी कुल मिलाकर 1.4 मिलियन डिपॉजिट्स हैं। बजाज फाइनेंस को अपने लॉन्ग टर्म डेट प्रोग्राम के लिए क्रिसिल, इकरा, केयर और इंडिया रेटिंग्स से हाइएस्ट क्रेडिट रेटिंग ऐएऐ/स्टेबल, अपने शॉर्ट टर्म डेट प्रोग्राम के लिए क्रिसिल, इकरा, केयर और इंडिया रेटिंग्स से,1 प्लस रेटिंग और अपने फिक्स्ड डिपॉजिट प्रोग्राम के लिए क्रिसिल और इकरा से ऐएऐ (स्टेबल) की रेटिंग मिली है।

## टीआरएफ वालंटियर्स ने गोपबंधू विद्यापीठ में मुफ्त नेत्र जांच शिविर का किया आयोजन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्णिमा नेत्रालय एवं



टी.आर.एफ. वालंटियर्स द्वारा गोपबंधू विद्यापीठ टेल्को में मुफ्त नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्णिमा नेत्रालय के चिकित्सकों राधिका एवं शैली को विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार तिवारी के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया गया। इस कार्यक्रम में करीबन 150 बच्चों का नेत्र जांच किया गया। जिन बच्चों के आंखों में कुछ कमी पाई गई उन्हें दवाई लेने की सलाह दी गई। अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन एवं पूर्णिमा नेत्रालय के प्रति आभार प्रकट किया। इस शिविर को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य संजीव कुमार तिवारी ,उप प्राचार्य मंजू कुमारी, शिक्षक लक्ष्मीकांत गिरी, सुभाष चंद्र नायक, लड्डू केसर पटनायक, बी.बी, दास ,शिक्षिका पी. कामेश्वरी, नीलम प्रभात, सुनीता कुमारी, महिमा कुमारी, निभा, टी.आर.एफ. वालंटियर्स अंजनी कुमार, निशांत कुमार, की अहम भूमिका रही।

## नशा मुक्ति को लेकर किया गया आम सभा

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में एंटी नारकोटिक एक्टिविटी के तहत नशा मुक्ति को लेकर विविध जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को सरायकेला अंचल अंतर्गत गोविंदपुर पंचायत के उत्क्रमित विद्यालय में ग्रामीण, जनप्रतिनिधियों , शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यालय के छात्र छात्राओं के साथ एक आमसभा का आयोजन किया गया। आम सभा में उपस्थित सभी सहभागियों को नशापन से होनेवाले आर्थिक, स्वास्थ्य संबंधित एवं सामाजिक दुष्प्रभाव के संबंध विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर अंचल अधिकारी सरायकेला सुरेश कुमार सिन्हा, पंचायत के मुखिया, वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, जेएसएलपीएस एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## सारथी इंडेन ग्रामीण गैस वितरक ने किया गैस चूल्हा सेफ्टी क्लीनिक कार्यशाला का आयोजन



**तिरूलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को तिरलडीह पंचायत भवन में सारथी ग्रामीण गैस वितरक की ओर से ग्रामीण महिलाओं के बीच गैस सेफ्टी क्लीनिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें घरेलू महिलाओं को गैस चूल्हा, टंकी आदि से संबंधित सेफ्टी की जानकारी देते हुए धुंआ से होने वाले हानियों के बारे में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ तिरुलडीह के मुखिया सुधीर सिंह मुंडा ने किया। उन्होंने महिलाओं से सेफ्टी नियमो का पालन करने का अपील किया। मौके पर प्रोपराइटर प्रदीप साव, उप मुखिया संजय सिंह, एसआई रंजीत यादव, मैनेजर मालू कुमार, उत्तम साव, सावन दत्त, छात्र नेता विकास प्रामाणिक, पंचायत सचिव मलय सामंत सहित सैकड़ों ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थी।

### कैग रिपोर्ट में मोदी सरकार में हुए घोटालों के खुलासे पर कांग्रेस हुई हमलावर, मंत्री बन्ना गुप्ता बोले

# सीएजी रिपोर्ट पर प्रधानमंत्री कार्रवाई करें अन्यथा देशव्यापी होगा जन आंदोलन

**प्रेस को सम्बोधित करते हुए कहा कि द्वारका एक्सप्रेस-वे सड़क निर्माण जिसकी निर्माण लागत 18 करोड़ रुपये प्रति किलोमीटर कैबिनेट से मंजूर थी, उसे बढ़ाकर 250 करोड़ रूपया प्रति कि.मी. कर दिया गया।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** संसद के मानसून सत्र में पेश नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट में मोदी सरकार में हुए घपले-घोटालों को खुलासा हुआ है। देश की लाखों करोड़ रुपये की अनियमितता उजागर हुआ है। मैं देश के प्रधानमंत्री से मांग करता हूं कि घोटालों एंव अनियमितता में शामिल मंत्रालयों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई करें, अन्यथा कांग्रेस पार्टी देश व्यापी जन आंदोलन करने को विवश होगी। उक्त बातें जमशेदपुर परिसदन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित करते हुए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा।

**भारतमाला की परियोजना को 15.37 करोड़ रू से बढ़ाकर 32 करोड़ रूपया प्रति कि.मी किया गया:** मंत्री बन्ना गुप्ता ने बताया कि भारतमाला की परियोजनाओं की निविदा प्रक्रिया में कैग ने त्रुटियां पायी है। इस परियोजना में निर्माण लागत 15.37 करोड़ रूपया प्रति कि.मी थी. जिसे बढ़ाकर 32 करोड़ रूपया प्रति कि.मी कर दिया गया। उक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, मनोज झा, संजय तिवारी समेत दर्जनों कांग्रेस के नेता एंव कार्यकर्ता मौजूद थे।



### सिर्फ 5 टोल प्लाजा की रैंडम ऑडिट में जनता से 132 करोड़ रूपये ज्यादा वसूली हुई

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि सिर्फ 5 टोल प्लाजा की रैंडम ऑडिट पर कैग ने पाया कि सड़क उपयोग करने वाली जनता से 132 करोड़ रूपये ज्यादा वसूली कर ली गयी। यह तो जनता की पॉकेटमारी थी। टोल प्लाजा के नियमों का एनएचएआई ने इस घपले को अंजाम दिया। स्वदेशी दर्शन योजना अंतर्गत 14 परियोजनाएं थीं, जिसमें 8 प्रोजेक्ट में 22 माह से 47 माह तक का विलम्ब हुआ 6 परियोजनाएं अभी भी बाकी है। कैग की रिपोर्ट के मुताबिक 2014-15 से 2018-19 की अवधि में 76 प्रोजेक्ट के लिए 5.45,569 करोड़ रूपये थे।

ये प्रोजेक्टस योजना आयोग वित्त मंत्रालय की आपत्ति के बावजूद शुरू कर दिये गये।

पर्यटन मंत्रालय ने कैबिनेट की मंजूरी के बगैर ही फंड मंजूर कर दिया, जबकि 1000 करोड़ रूपया से अधिक के प्रोजेक्ट कैबिनेट की स्वीकृति लेना जरूरी होता है। इस योजना में 15 पर्यटन सर्किटों की पहचान की गयी थी, जिसके विकास के लिए 76 प्रोजेक्ट मंजूर किये गये।

### आयुष्मान भारत हेल्थ स्कीम में 7.5 लाख लाभुकों का एक ही मोबाईल नम्बर पर निबंधन

मोदी सरकार की बहुप्रचारित आयुष्मान भारत हेल्थ स्कीम ने तो घपलों की सारी हदे ही पार कर दी। 7.5 लाख लाभुकों का एक ही मोबाईल नम्बर 9999999999 पर निबंधन पाया गया। ऐसे ही अन्य कई फर्जी नम्बर यथा 8888888888 पर भी हजारों लाभुक निबंधित पाये गये जिसका कैग की ऑडिट रिपोर्ट में खुलासा है। आयुष्मान भारत हेल्थ योजना में एक और अदभूत रिकार्ड बनाया मोदी जी की सरकार ने मृत व्यक्तियों के नाम पर आयुष्मान स्कीम अन्तर्गत ईलाज दिखाकर राशि की निकासी कर ली गयी। ऐसे 88670 मृत व्यक्ति थे, जिनके नामों का इस्तेमाल कर फर्जीवाड़ा को अंजाम दिया गया।

### कोयला खदानों की नीलामी में भारी अनियमितताएं बरती गई

बन्ना गुप्ता ने आगे कहा कि कोयला खदानों की नीलामी में भारी अनियमितताएं बरती गयी। कोयला खदानों की नीलामी प्रक्रिया की ऑडिट करने पर कैग ने पाया कि इसमें पब्लिक मनी की लूट और बंदरबाट हुई है। कोयला खदानों की नीलामी में प्रतिस्पर्धा होना चाहिये था वह नहीं हुआ। ऐसा कारपोरेट्स और उनकी सहायक कम्पनियों के घालमेल से मैनेज हुआ। नीलामी की गयी खदानों के मूल्यांकन (मूल्य असेसमेंट) में त्रुटियां और विसंगतियां थी, जिससे सरकार को राजस्व का भारी नुकसान हुआ। पहले दो चरण में नीलाम की गयी 11 कोयला खदानों की नीलामी बोली में कम्पटीशन का संभावित स्तर हासिल नहीं पाया गया। कैग ने हिन्दुस्तान ऐरोनाटिक्स लि (एचएएल)द्वारा इंजन की डिजाईन में की गयी त्रुटियों के कारण 159 करोड़ रूपया का नुकसान सरकार को हुआ ।

### गुड़ाबंधा में हो रही खुलेआम बालू की तस्करी, कुणाल षाड़ंगी ने उठाये सवाल, कहा

# प्रशासन के संरक्षण में हो रही है ये खेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिले के नदी के तटीय इलाकों में बालू माफियाओं की सक्रियता सर्वविदित है। बावजूद इसके तस्करों पर राजनीतिक संरक्षण के आरोप लगते रहे हैं और दिन के उजाले में भी बालू के अवैध उठाव बदस्तूर जारी है। बालू तस्करी के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए जबरदस्त हमला बोला है। शुक्रवार को इस बाबत प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता सह बहरागोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी ने गुड़ाबंधा प्रखंड के केंदुआपाल गाँव का दौरा किया। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों की मौजूदगी में बालू तस्करी के खेल का खुलासा किया और राज्य सरकार पर बालू



माफियाओं को संरक्षण देने का सीधा सीधा आरोप लगाया। उन्होंने उक्त क्षेत्र में ग्रामीणों की शिकायत को अनसुना करने वाले स्थानीय थाना प्रभारी पर कार्रवाई का मांग उठाया है। गुड़ाबंधा प्रखंड के दौरे के क्रम में उन्होंने जिला प्रशासन को कुंदुआपाल गाँव का दौरा करने की चुनौती भी दिया। कुणाल ने कहा की सड़क पर बालू की इतनी मोटी परत जमी है की पैदल अथवा गाड़ियों से भी चल पाना दूभर है। उन्होंने वीडियो जारी करते हुए ग्रामीणों की परेशानी को जिला प्रशासन के सामने रखा और डीसी मंजूनाथ भजंत्री से सवाल किया की यहाँ बालू का अवैध खेल कब बंद होगा। उक्त गाँव के एक आंगनबाड़ी केंद्र का दौरा करते हुए कुणाल षाडंगी ने बच्चों की कम उपस्थिति को लेकर संचालिका से सवाल किया तो जवाब चिंताजनक था। बताया गया की पीसीसी सड़क पर बालू की इतनी मोटी परत जम चुके है की चल पाना मुश्किल है। सड़क ढक जाने से छोटे छोटे बच्चें आंगनबाड़ी केंद्र तक नहीं पहुँच पाते हैं। कहा की सरकार की प्राथमिकता बच्चों की शिक्षा न होकर तस्करों को संरक्षण देने में तब्दील हो गई है। जिम्मेदार पदों पर बैठे सरकारी अधिकारियों की अनदेखी और रहस्यमयी चुप्पी का खामियाजा ग्रामीण महिलाओं और बच्चों को भुगतनी पड़ रही है। कुणाल षाडंगी ने जिले के उपायुक्त और एसएसपी से अविलंब संज्ञान लेकर कार्रवाई का अनुरोध किया है। कहा की मामले को लेकर भाजपा संवेदनशील है। जल्द ही इस आशय में राज्य के मुख्य सचिव से मिलकर माँग पत्र समर्पित की जायेगी।

## साइकिल पर भारत यात्रा में निकले जयदेव राउथ का चांडिल में जमना ऑटो ने किया अभिनंदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** बीते 1 अक्टूबर, 2022 को साइकिल से संपूर्ण भारत की साइकिल से यात्रा पर निकले जयदेव राउथ चांडिल पहुंचे। इस दौरान जमना ऑटो इंडस्ट्रीज के पदाधिकारीयों ने उनका माला पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामना दी। बता दे कि जयदेव अभी तक का सफर 19 राज्य होते हुए 21 हजार किलोमीटर की दूरी तय की है। उनका सम्पूर्ण भारत साइकिल यात्रा की मुख्य उद्देश्य हर घर रक्तदाता- हर घर तिरंगा है। उनका इस संदेश सफर की समापन सितंबर, 2023 के मध्य तक दुर्गापुर में होगा है। शुक्रवार को वे अपनी यात्रा के दौरान जमशेदपुर से चांडिल की तरफ जाते समय करनीडीह में ठहरे।

## मंत्री जोबा माझी को मनरेगा कर्मियों ने सौंपा मांग पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** पश्चिमी सिंहभूम जिला के विभिन्न प्रखंडों में कार्यरत मनरेगाकर्मियों ने झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के बैनर तले समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री जोबा माझी के आवास पर मुलाकात की। इस दौरान मनरेगा कर्मियों ने मंत्री जोबा माझी को समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि मनरेगा कर्मी पिछले कई वर्षों से सेवा देते आ रहे हैं। लेकिन अब तक मनरेगा कर्मियों को नियमित नहीं किया गया है। वहीं अधिकांश ऐसे मनरेगाकर्मी भी है जिनके पास दूसरे जगह काम करने के लिए उम्र सीमा नहीं बची है। इसे देखते हुए मनरेगा कर्मियों को नियमित किया जाए। इस दौरान मनरेगाकर्मियों ने मंत्री जोबा माझी को मांग पत्र भी सौंपा। जिसमें ग्रेच्यूटी, सेवानिवृत, दुर्घटना लाभ एवं चिकित्सा लाभ का प्रावधान करने की मांग की। मंत्री जोबा माझी ने मनरेगाकर्मियों को आश्वासन देते हुए कहा कि इसे लेकर वे जल्द ही मुख्यमंत्री से मुलाकात कर बात करेगी।

## तिरूलडीह-चांडिल रेलखंड में सपादा के समीप रेलवे लाइन से एक अज्ञात लाश बरामद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के तिरूलडीह थाना अंतर्गत तिरूलडीह-चांडिल रेलखंड में सपादा के पास शुक्रवार को रेलवे लाइन के पास नाली में गिरा एक करीब 48 वर्षीय अज्ञात लाश बरामद किया गया। सूचना पर तिरूलडीह थाना प्रभारी चित्ररंजन कुमार घटनास्थल पर पहुंचे व लाश को पंचनामा कर आगे की कार्रवाई हेतु जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। इसकी सूचना थाना प्रभारी द्वारा सुइसा रेल पुलिस को भी दिया गया। रेल पुलिस घटनास्थल पर नहीं पहुंचे, जिससे तिरूलडीह पुलिस द्वारा लाश का पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया।

## यात्री वाहनों में क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाने व ओवर लोडिंग पर होगी कार्रवाई : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला के अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक वीडियो कांफ्रेंसिंग से आहूत की गई। उपायुक्त ने सड़क दुर्घटना नियंत्रण हेतु पूर्व के बैठक मे दिए गए निर्देशों के अनुपालन का समीक्षा किया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी शंकर आचर्य शामद ने बताया विगत माह जुलाई में 18 सड़क दुर्घटना हुई जिसमे 16 लोगों की मृत्यु एवं 06 लोग घायल हुए है जिले में 04 ब्लैकस्पॉट दुगनी, टोल रोड मोड , घोड़ा बाबा मोड़ एवं बड़ा आमदा खरसावां चिन्हित किए गए हैं। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने एवं यातायात नियमों के अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु विभाग द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में नियमित जांच अभियान चलाई जा रही है। विगत मई माह में ट्रैफिक नियमों के अनुपालन हेतु लगाए गए विभिन्न कैंप के माध्यम से 20 लाख चालीस हजार आठ सौ रूपए जुर्माना राशि वसूल की गई है। उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा ने बताया मई माह में अवैध शराब बिक्री एवं उत्पाद को लेकर नेशनल एवं स्टेट हाइवे समेत जिले के विभिन्न क्षेत्र मे छापेमारी की कार्रवाई की गई है। उपायुक्त ने भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में नो पार्किंग का बोर्ड लगाने, सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति लोगो को जागरूक करने, एन एच एवं स्टेट हाइवे पर विभिन्न साइनेज बोर्ड लगाने, विभिन्न क्रॉसिंग पर सोलर लॉगहट लगाने, प्रभावित क्षेत्रो में यातायात नियमों के उलंघन पर कडी कार्रवाई करने, गम्हरिया, कांडरा, चांडिल, आदित्यपुर, सरायकेला समेत विभिन्न क्षेत्रो मे मुख्य सड़को एवं बाजारो मे सड़को पर अवैध पार्किंग के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करे। बड़ी वाहन में क्षमता से अधिक लोडिंग करने, यात्री वाहन मे शीट से अधिक लोगो बैठने तथा ओवर स्पीडिंग करने पर कड़ी कार्रवाई करने को कहा गया। बैठक मे उप विकास आयुक्त,अपर नगर आयुक्त नगर निगम आदित्यपुर, अपर उपायुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला एवं चांडिल, जिला परिवहन पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, उत्पाद अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सिविल सर्जन समेत अन्य सम्बन्धित पदाधिकारी जुड़े।

## राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय पटमदा में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** विभागीय निर्देशानुसार शुक्रवार को राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय पटमदा में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष बेनी माधव सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विद्यालय विकास अनुदान में विभिन्न कार्यो के लिए प्राप्त 75000 (पचहत्तर हजार) रुपए को विभागीय पत्र के आलोक में विभिन्न मदों में खर्च हेतु समिति के सदस्यों के साथ विचार विमर्श किया गया। इस दौरान क्रय समिति का गठन किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ मिथिलेश कुमार ने बताया कि प्राप्त रुपये से खेलो झारखंड के लिए दो हजार , पुस्तक लाने हेतु तीन सौ एवं एसएमसी प्रशिक्षण हेतु दो



हजार सात सौ पचास रुपए समुचित व्यय हेतु विचार विमर्श किया गया। इस दौरान प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अभय कुमार सिंह, मुखिया परमेश्वर सिंह, वंशी दास, मोहम्मद महमूद, शिक्षक कौशेलेंद्र कुमार, प्रतिमा दत्त, चंचला सहिस व वकील मांडी आदि उपस्थित थे। बैठक में विद्यालय के लिपिक भी उपस्थित रहे ।

## बिष्टुपुर राजस्थान भवन में कालका माता का झूलन उत्सव आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बिष्टुपुर राजस्थान भवन में शहर की धार्मिक संस्था कालका माता परिवार टाटानगर द्वारा कुलदेवी श्री अमरसर वाली कालका माता का झूलन उत्सव धूमधाम से मनाया गया। यजमान सत्यनारायण नरेडी सपत्नी द्वारा कालका माता की पूजा की गयी और बनारस से आये पंडित धर्मवीर ने पूजा करायी एवं सबको रक्षा सूत्र बांधा। इस धार्मिक उत्सव में स्थानीय भजन गायक मनोज शर्मा मोनु ने श्री गणेश वंदना गणपति को प्रथम मनना है उत्सव को

**झुलो झुलो मां कालका भवानी... जैसे भजनों पर झूमे श्रद्धालु**



सफल बनाना है के साथ मंगलपाठ एवं भजनों का कार्यक्रम शुभारंभ किया। कलाकार मोनु ने चालो चालो मईया का सिंधारा करस्यां... अमरसर में कालका माँ का सच्चा दरबार है..., झुलो झुलो माँ कालका भवानी..., गांव अमरसर बैठी म्हारी मैया सज के..., किसने रचाई मेहंदी हाथ मे..., तेरा लाल भवानी झूला तुझे झुलाएँगे..., हमे तो अमरसर जाना जी बुलावा आए या ना आए...., मंगसिर की शुक्ल अष्टमी अवतार लियो म्हारो अन्नदाता.... आदि माता के चरणों में भजनों की अमृत वर्षा कर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। भजनों के साथ नृत्य ने सबका मन मोहा। एक बच्ची ने माता का रूप धारण कर सबका मन मोह लिया। महोत्सव में सभी महिलाएं चुदड़ी ओढ़े व रंग-बिरंगी राजस्थानी परिधान में शामिल हुई थीं। गुरूवार की शाम को राजस्थान भवन का पूरा माहौल भक्तिमय हो गया था। महोत्सव का मुख्य आकर्षणः कालका माता का आलौकिक दरबार, झूला, छप्पन भोग, अखंड ज्योत तथा महाप्रसाद था। सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने माता का प्रसाद ग्रहण किया। इस धार्मिक महोत्सव को सफल बनाने में कालका माता परिवार के सभी सदस्यों का योगदान रहा।

## संपादकीय

# आठ फीसदी विकास दर

**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अर्थशास्त्रियों का आकलन है कि मौजूदा वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी की विकास दर 8 फीसदी हो सकती है। यह वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के आंकड़ों से ही स्पष्ट है। हालांकि देश पर कुल कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है, क्योंकि राज्यों का यह बोझ 76 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। करीब 60 फीसदी कर्ज बढ़ा है। खुदरा महंगाई दर 8 फीसदी से कम दिखाई दे रही है, लेकिन सब्जियों, दालों, दूध, चावल, आटा आदि की कीमतें बढ़ने के कारण महंगाई का सूचकांक 38 फीसदी तक उछला था। अब तो प्रधानमंत्री मोदी ने भी चिंता और सरोकार जताए हैं और महंगाई को लगातार कम करने की कोशिशों के प्रति देश को आश्वस्त किया है। जब 'राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय' जीडीपी और आर्थिक विकास दर के आंकड़े जारी करेगा, तब अर्थव्यवस्था के विकास का यथार्थ और भी स्पष्ट होगा, लेकिन जिस तरह कोर सेक्टर की गतिविधियां दिख रही हैं, उनकी मांग और खपत में बढ़ोतरी जारी है और खासकर बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में निवेश के संकेत मिल रहे हैं, उनसे साफ है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर विश्व में सर्वाधिक हो सकती है। आरबीआई का अध्ययन स्पष्ट करता है कि भारत की आर्थिक गति स्थिर और निरंतर बनी रहेगी, जबकि वैश्विक अर्थव्यवस्था की गति धीमी है। भारत की विकास दर अमरीका, चीन और यूरोपीय देशों से भी अधिक होगी। ये वाकई सुखद संकेत हैं, लेकिन देश में अमीर व्यक्ति ज्यादा अमीर हो रहा है, गरीब मध्य श्रेणी में परिणत हो रहा है, लेकिन गरीब की आय नहीं बढ़ पा रही है। क्या अर्थव्यवस्था की विकास दर अमीरों की आर्थिक बढ़ोतरी की ही संकेतक है? बेशक निर्यात का कारोबार जुलाई में करीब 16 फीसदी कम हुआ है और इस सिकुडन के आसार लगातार बने रहे हैं, उसके बावजूद निजी मांग, निजी खपत और निजी निवेश में बढ़ोतरी जारी रही है। ये अर्थव्यवस्था के उत्साहवर्धक संकेत हैं, लेकिन बेरोजगारी लगातार बढ़ी है, तो मांग, खपत और निवेश के आंकड़े सवालिया लगते हैं। यदि निजी निवेश में भी उद्योगपति वर्ग शामिल है, तो यह विकास दर 'राष्ट्रीय' नहीं कही जा सकती। गिनवाया जा रहा है कि बंदरगाहों पर कार्गो और रेलवे मालभाड़ा आदि के आंकड़े जुलाई में बढ़े हैं। बेशक इस्पात, सीमेंट सरीखे कोर क्षेत्रों की खपत में स्वस्थ बढ़ोतरी दिखाई दे रही है, लेकिन ऑटोमोबाइल्स की बिक्री, तिपहिया के अपवाद के बावजूद, कमजोर रही है। गैर-तेल का आयात भी बीते साल की तुलना में कम किया गया है। ये संकेतक साफ करते हैं कि अर्थव्यवस्था में कमियां भी व्याप्त हैं। क्या इन कमजोरियों और आम आदमी की भूमिका के बिना विकास दर 8 फीसदी की बुलंदी को छू सकती है? भारत में औसतन प्रति व्यक्ति आय करीब 1.75 लाख रुपए सालाना है। यह भी देश की स्थिति है कि करोड़ों लोग आज भी 375 रुपए रोजाना कमाने में असमर्थ हैं, तो सकल विकास दर 8 फीसदी तक कैसे पहुंच सकती है? यह भी आरबीआई की रपट में सामने आया है कि मनरेगा के तहत काम की मांग पिछले साल की तुलना में ज्यादा सामने आई है, लिहाजा स्पष्ट है कि भारतीय आबादी में आज भी ऐसे लोग मौजूद हैं, जिनके पास मनरेगा सरीखा भी रोजगार नहीं है, लिहाजा वे मनरेगा में मजदूरी की मांग कर रहे हैं। बहरहाल एक तस्वीर यह भी है कि जिन 982 परियोजनाओं में निवेश की योजनाएं तैयार की गई थीं, उनमें करीब 60 फीसदी ऐसी हैं, जो बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों की हैं। इन परियोजनाओं को ज्यादातर बैंक और वित्तीय संस्थान ही पूंजी मुहैया कराते हैं। क्या इसी को निजी निवेश कहा जा रहा है? इस क्षेत्र में ऊर्जा, सडकें, पुल, विशेष आर्थिक क्षेत्र, औद्योगिक बॉयोटेक और सूचना प्रौद्योगिकी पार्क आदि की परियोजनाएं ही आती हैं। उप्र, गुजरात, ओडिशा, महाराष्ट्र और कर्नाटक ऐसे पांच राज्य हैं, जहां 50 फीसदी से अधिक का निवेश किया जा रहा है। बहरहाल ये आर्थिक गतिविधियां और निवेश बेहतर संकेत हो सकते हैं, लेकिन मंजिल अभी दूर है।

प्रधानमंत्री मोदी ने भी चिंता और सरोकार जताए हैं और महंगाई को लगातार कम करने की कोशिशों के प्रति देश को आश्वस्त किया है। जब 'राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय' जीडीपी और आर्थिक विकास दर के आंकड़े जारी करेगा, तब अर्थव्यवस्था के विकास का यथार्थ और भी स्पष्ट होगा, लेकिन जिस तरह कोर सेक्टर की गतिविधियां दिख रही हैं, उनकी मांग और खपत में बढ़ोतरी जारी है और खासकर बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में निवेश के संकेत मिल रहे हैं, उनसे साफ है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर विश्व में सर्वाधिक हो सकती है। आरबीआई का अध्ययन स्पष्ट करता है कि भारत की आर्थिक गति स्थिर और निरंतर बनी रहेगी, जबकि वैश्विक अर्थव्यवस्था की गति धीमी है। भारत की विकास दर अमरीका, चीन और यूरोपीय देशों से भी अधिक होगी। ये वाकई सुखद संकेत हैं, लेकिन देश में अमीर व्यक्ति ज्यादा अमीर हो रहा है, गरीब मध्य श्रेणी में परिणत हो रहा है, लेकिन गरीब की आय नहीं बढ़ पा रही है। क्या अर्थव्यवस्था की विकास दर अमीरों की आर्थिक बढ़ोतरी की ही संकेतक है? बेशक निर्यात का कारोबार जुलाई में करीब 16 फीसदी कम हुआ है और इस सिकुडन के आसार लगातार बने रहे हैं, उसके बावजूद निजी मांग, निजी खपत और निजी निवेश में बढ़ोतरी जारी रही है।

## कुछ अलग

# प्रजा नहीं, नागरिक बनें

**हिमाचल** में हर नागरिक का प्रजा बनने से द्वंद्व बढ़ता जा रहा है, जबकि प्रदेश का गठन और फिर विस्तार इस आधार पर हुआ कि हम बतौर नागरिक अपने दायित्व की प्रमुख भूमिका में यहां के इतिहास, संस्कृति, सामाजिक उत्थान और विकास के समान हकदार बनें। आरंभिक दौर में सरकारों ने इसी मूल आधार पर कानून बनाए और पर्वतीय विशिष्टता में नागरिक आधार को स्वतंत्र किया। पंद्रह अप्रैल 1948 को तीस पहाड़ी रियासतों को समाहित करके हम हिमाचल इसलिए बने ताकि लोकतंत्र में न राजा संस्कृति रहे और न ही नागरिक का अस्तित्व प्रजा की प्रजाति में गुम रहे। नागरिक और प्रजा के बीच अंतर कर्मठता और दायित्व के प्रति जिम्मेदार समाज बनाने के लिए हर व्यक्ति को एक पहचान भर का है। प्रजा बनकर समाज नागरिक अवधारणा को भूल सकता है, लेकिन सदियां बदलने के लिए आत्मानुशासन, मनुष्यता का बोध, भविष्य की परिकल्पना में मानव उत्थान तथा सामुदायिक संवेग के लिए नागरिक समाज का गठन अनिवार्य है। हिमाचल में नागरिक खुद में मनुष्यता के अर्थ में शारीरिक, आर्थिक व आधुनिक सुविधाओं से जुड़ी आवश्यकताएं तो समझ रहा है, लेकिन बतौर नागरिक समाज पर्वतीय मूल्य प्रणाली का विकास नहीं कर रहा। यह राज्य के प्रभुत्व को सर्वाधिकार नहीं देता, बल्कि परिवार और राज्य के बीच मध्यस्थ होते हुए भी जनमत बनाता है। बेशक राजनीतिक शक्ति के रूप में हिमाचल में एक नागरिक समाज बनता हुआ दिखाई देता है, लेकिन यह नैतिक जिम्मेदारी से विमुख खड़ा होना भी चाहता है। कभी गांधी जी ने कहा था कि हमारे अधिकारों का सही स्रोत हमारे कत्र्तव्य होते हैं और यदि हम अपने कत्र्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन करेंगे, तो हमें अधिकार मांगने की आवश्यकता नहीं होगी। गांधी जी का यह सिद्धांत सामाजिक आचरण की बुनियाद में ऐसा नागरिक समाज खड़ा करना चाहता है, जो राज्य के प्रति अपने कर्म को सदैव आगे रखे। हिमाचल में समाज अपनी ऐच्छिक सुविधाओं में एकल स्वरूप से बहुत कुछ पाना चाहता है, लेकिन सामूहिक गतिविधियों में एकमत या सहमत नहीं होना चाहता है। वह प्रजा बनकर हर चुनाव से ऐसी गारंटी, सुविधा या वादा चुनता है, जो अगले चुनाव तक उसे स्वतंत्र बनाए रखे। प्रजा बनकर वह हर तरह का विकास सरकारी खजाने से चाहता है, लेकिन एक नागरिक के रूप में कर अदा नहीं करना चाहता। प्रदेश की प्रजा ने गांव को कस्बा और कस्बे को शहर बना दिया, लेकिन बतौर नागरिक हिमाचल का हर शहरी मांग कर दिखेगा कि गृहकर न लगाया जाए। हम प्रजा के स्वरूप में अपनी जाति को इतना विस्तार दे सकते हैं कि चुनावी टिकट आबंटन की प्रक्रिया में उम्मीदवार की सबसे बड़ी योग्यता-उपयोगिता उसकी विशिष्ट जाति से आती है। इसलिए भाईचारे का दोगलापन अब ऐसी नियमावली का शिष्टाचार है, जो हमें घर में सभ्य-संपन्न बनाता है, लेकिन बाहर मोहल्ले या सार्वजनिक व्यवहार में अति दरिद्र घोषित करता है। यही वजह है कि सियासी चरित्र अब जनता के मुद्दों पर चर्चा न करके एक-दूसरे दल की छीछालेदर करता है या प्रजा के भिखारी स्वरूप को जिंदा रखने के लिए प्रलोभन बांटता है।

## भारत ने आर्थिक क्षेत्र के विभिन्न मोर्चों पर कदम-कदम आगे बढ़कर विकास के इतिहास रच दिए

# अब विकसित देश बनाने का लक्ष्य

**जयंतीलाल भंडारी**

आगामी 5 वर्षों में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। देश में पिछले पांच वर्षों में 13 .5 करोड़ लोगों को गरीबी से मुक्ति मिली है। देश खाद्यान्न में आत्मनिर्भर है और कई देशों को खाद्यान्न का निर्यात भी कर रहा है। भारत के वैश्विक व्यापार में वृद्धि हो रही है। डिजिटलीकरण के लिए भारत का नाम दुनिया में रेखांकित हो रहा है। साथ ही भारत 2047 में विकसित देश बनने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है। यकीनन देश की अर्थव्यवस्था छलांगे लगाकर आगे बढ़ रही है। 15 अगस्त 1947 को जब देश आजाद हुआ तब देश का आर्थिक परिदृश्य निराशाजनक स्थिति में था। अंग्रेजों द्वारा किए गए आर्थिक शोषण से देश बुरी तरह से आर्थिक रूप से ध्वस्त हो गया था।

**15** अगस्त को 77वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जिन आर्थिक उपलब्धियों और देश के लिए जिन नए लक्ष्यों पर फोकस किया है, वे सभी देश ही दुनियाभर में रेखांकित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। इस समय यह दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। आगामी 5 वर्षों में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। देश में पिछले पांच वर्षों में 13.5 करोड़ लोगों को गरीबी से मुक्ति मिली है। देश खाद्यान्न में आत्मनिर्भर है और कई देशों को खाद्यान्न का निर्यात भी कर रहा है। भारत के वैश्विक व्यापार में वृद्धि हो रही है। डिजिटलीकरण के लिए भारत का नाम दुनिया में रेखांकित हो रहा है। साथ ही भारत 2047 में विकसित देश बनने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है। यकीनन देश की अर्थव्यवस्था छलांगे लगाकर आगे बढ़ रही है। 15 अगस्त 1947 को जब देश आजाद हुआ तब देश का आर्थिक परिदृश्य निराशाजनक स्थिति में था। अंग्रेजों द्वारा किए गए आर्थिक शोषण से देश बुरी तरह से आर्थिक रूप से ध्वस्त हो गया था। जहां 76 वर्ष पहले आजादी के समय दुनिया में भारत को सांप-सपेरों के देश की पिछड़ी हुई अर्थव्यवस्था के रूप में पहचाना जाता था, वहीं आजादी के बाद 76 वर्षों में भारत ने आर्थिक क्षेत्र के विभिन्न मोर्चों पर कदम-कदम आगे बढ़कर विकास के इतिहास रच दिए हैं। आज दुनिया के विकसित और विकासशील देशों का कोई भी समूह हो, चाहे वह समूह जी-7 हो, जी-20 हो या अन्य कोई भी हो, उन सभी वैश्विक संगठनों का मंच भारत के बिना अधूरा माना जाता है। साथ ही स्थिति यह भी है कि आजादी के समय जिस भारत की अर्थव्यवस्था दयनीय स्थिति में थी, वहीं भारत इस समय दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का मुकुट पहनकर अब 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। निःसंदेह देश में गरीबों की संख्या में भारी कमी आई है। जब देश आजाद हुआ था उस समय देश की करीब 70 प्रतिशत जनसंख्या बेहद गरीबी में जी रही थी। गौरतलब है कि नीति आयोग के द्वारा जारी राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में बहुआयामी गरीब लोगों की हिस्सेदारी वर्ष 2015-16 के 24.85 फीसदी से घटकर वर्ष 2019-21 में 14.96 फीसदी हो गई है। उल्लेखनीय है कि यूएनडीपी की रिपोर्ट 2023 में कहा गया कि भारत में पिछले 15 वर्षों में गरीबी में उल्लेखनीय रूप से कमी आई है। भारत में 2005-2006 से 2019-2021 के दौरान कुल 41.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर




निकले हैं। 2005-2006 में जहां गरीबों की आबादी 55.1 प्रतिशत थी वह 2019-2021 में घटकर 16.4 प्रतिशत हो गई। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2005-2006 में भारत में लगभग 64.5 करोड़ लोग गरीबी की सूची में शामिल थे, यह संख्या 2015-2016 में घटकर लगभग 37 करोड़ और 2019-2021 में कम होकर 23 करोड़ हो गई। ज्ञातव्य है कि आजादी के समय खाद्यान्न की कमी का सामना करने वाला भारत अब खाद्यान्न में न केवल आत्मनिर्भर भारत बन गया है, वरन् कई देशों को खाद्यान्न निर्यात भी कर रहा है। देश में वर्ष 1950-51 में जो कृषि उत्पादन 5.08 करोड़ टन था, वह कृषि उत्पादन वर्ष 2022-23 में करीब 30.86 करोड़ टन की रिकॉर्ड ऊंचाई पर दिखाई दे रहा है। एक ऐसे समय में जब दुनिया के कई देशों में खाद्यान्न की कमी बनी हुई है, तब भारत वैश्विक खाद्य सुरक्षा में भी अहम भूमिका निभा रहा है। भारत दुनिया के 10 सबसे बड़े कृषि निर्यातक देशों में अपना स्थान बनाकर चमकते हुए दिखाई दे रहा है। जहां वर्ष 1947 में भारत के आम आदमी तक सार्वजनिक वितरण प्रणाली से रियायती मूल्यों पर खाद्यान्न की आपूर्ति की कोई व्यवस्था नहीं थी, वहीं कोरोनाकाल में 80 करोड़ लोगों को डिजिटल राशन प्रणाली से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत खाद्यान्न निशुल्क दिया गया। साथ ही एक जनवरी 2023 से 80 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को हर महीने खाद्यान्न निशुल्क प्रदान किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत वैश्विक व्यापार में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वर्ष 1950-51 में भारत ने 1.27 अरब डॉलर का आयात और 1.26 अरब डॉलर का निर्यात किया था। 1990-91 में आर्थिक सुधारों के बाद विदेश व्यापार तेजी से बढ़ा। वित्त वर्ष 2022-23 में भारत का विदेश व्यापार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचते हुए 1.6 लाख करोड़ डॉलर मूल्य की ऊंचाई पर रहा है। गौरतलब है कि भारत का वाणिज्यिक वस्तुओं का निर्यात पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में 447 अरब डॉलर पहुंच गया है, जो एक साल पहले 442 अरब डॉलर था। आजादी के समय 1947 में भारत में जो डिजिटलीकरण नगण्य था, आज भारत दुनिया में सबसे अधिक डिजिटलीकरण वाले देश के रूप में दिखाई दे रहा है तथा डिजिटलीकरण के कारण सरकार की योजनाओं का पूरा-पूरा लाभ आम आदमी तक पहुंच रहा है। जिस तरह आधार ने लीकेज को कम करते हुए लाभार्थियों को भुगतान के प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर-डीबीटी) में मदद की है, डिजिटल पेमेंट के मामले में भारत दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल है और भारत में अमेरिका, यूके और जर्मनी जैसे बड़े देशों को पीछे कर दिया है, ये सब सेवाएं भारत में डिजिटल गवर्नेंस के एक नए युग की प्रतीक हैं। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि वर्ष 1947 में भारत मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में दयनीय हालत में था। छोटी-छोटी जरूरत की चीजें भी देश में नहीं बनती थी। वर्ष 2023 में देश के जीडीपी में करीब 17 फीसदी योगदान देने वाला मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर करीब 2.73 करोड़ से अधिक श्रमबल के साथ अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत विश्व में दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन विनिर्माता है और तीसरा सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल मार्केट है। भारत का फार्मा उद्योग उत्पादित मात्रा के आधार पर दुनिया में तीसरे क्रम पर है। साथ ही भारत दुनिया में सबसे अधिक मांग वाला तीसरा बड़ा विनिर्माण गंतव्य है। इलेक्ट्रानिक्स और रक्षा क्षेत्र में लगातार आयात पर निर्भर रहने वाला भारत अब बड़े पैमाने पर इनका निर्यात करने लगा है। देश में ऑटोमोबाइल, फार्मा, केमिकल, फूड प्रोसेसिंग और टेक्सटाइल सेक्टर जैसे मैन्युफैक्चरिंग के विभिन्न सेक्टरों में एफडीआई का प्रवाह तेजी से बढ़ रहा है। कोरोना की चुनौतियों के बीच भारत के आईटी सेक्टर के द्वारा समय पर दी गई गुणवत्तापूर्ण सेवाओं से वैश्विक उद्योग-कारोबार इकाइयों का भारत की आईटी कंपनियों पर भरोसा बढ़ा है। आजादी से अब तक के 76 वर्षों में भारत में एक के बाद एक, लगातार आर्थिक सुधार लागू किए गए हैं। वर्ष 2014 से वर्ष 2023 तक 1500 से अधिक अप्रचलित और अनुपयोगी कानूनों को हटाया गया है। कारोबार सुधार के कई रणनीतिक कदम आगे बढ़ाए गए हैं। ऐसे में हम उम्मीद करें कि 77वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का जो सपना संजोया है, उसके लिए अब वर्ष 2047 तक 7 से 7.5 फीसदी विकास दर के साथ देश की अर्थव्यवस्था आगे बढ़ती हुई दिखाई देगी। ऐसे में हम उम्मीद करें कि तेजी से आर्थिक डगर पर आगे बढ़ता हुआ सामर्थ्यवान भारत 15 अगस्त 2047 को दुनिया के विकसित देश के रूप में चमकते हुए दिखाई दे सकेगा।

# डेमचोक में चीन की 'सलामी स्लाइसिंग' कर रही आशंकित,सीमा की वास्तविकता के बारे में देश को अवगत कराए सरकार

वास्तविकता यह है कि भारतीय बलों ने अपने गश्त वाले क्षेत्र खो दिए हैं, दूसरी ओर, चीनी सैनिक भारतीय क्षेत्र में काफी अंदर तक घुस आए हैं। देपसांग का मैदानी इलाका और डेमचोक जैसे विरासती मुद्दों पर बात नहीं हो रही है। डेमचोक में चीन की 'सलामी स्लाइसिंग' की रणनीति जहां आशंकित करती है, जिसके तहत छोटे-छोटे सैन्य ऑपरेशन चलाकर धीरे-धीरे किसी बड़े इलाके पर कब्जा कर लिया जाता है, वहीं देपसांग रणनीतिक दृष्टि से भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में चीनी सेना ने वहां स्थायी संरचनाएं बनाई हैं, जहां उनके सैनिक रहते हैं। बात सिर्फ इतनी नहीं है कि चीनी सेना ने भारतीय क्षेत्र में अतिक्रमण किया है, जैसा कि व्यापक रूप से भारतीय टिप्पणीकारों ने दावा किया है, बल्कि इसके पीछे एक बहुत बड़ा नापाक मंसूबा भी दिखाई दे रहा है। इसलिए इन इलाकों को व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखने की जरूरत है।

**भारत** और चीन के बीच सीमा मुद्दों के समाधान के लिए 19वें दौर की सैन्य वार्ता हुई। उनके पास वास्तव में समाधान के लिए कुछ भी नहीं था। नतीजतन 'एक-दूसरे के प्रति भरोसा जताने और सैन्य झड़पों से बचने' पर ध्यान केंद्रित करने के अलावा इस वार्ता में कोई खास प्रगति नहीं हुई है। ध्यान देने की बात है कि पिछले कुछ दौर की सैन्य वार्ता में यही हो रहा है। वास्तविकता यह है कि भारतीय बलों ने अपने गश्त वाले क्षेत्र खो दिए हैं, दूसरी ओर, चीनी सैनिक भारतीय क्षेत्र में काफी अंदर तक घुस आए हैं। देपसांग का मैदानी इलाका और डेमचोक जैसे विरासती मुद्दों पर बात नहीं हो रही है। डेमचोक में चीन की 'सलामी स्लाइसिंग' की रणनीति जहां आशंकित करती है, जिसके तहत छोटे-छोटे सैन्य ऑपरेशन चलाकर धीरे-धीरे किसी बड़े इलाके पर कब्जा कर लिया जाता है, वहीं देपसांग रणनीतिक दृष्टि से भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में चीनी सेना ने वहां स्थायी संरचनाएं बनाई हैं, जहां उनके सैनिक रहते हैं। बात सिर्फ इतनी नहीं है कि चीनी सेना ने भारतीय क्षेत्र में अतिक्रमण किया है, जैसा कि व्यापक रूप से भारतीय टिप्पणीकारों ने दावा किया है, बल्कि इसके पीछे एक बहुत बड़ा नापाक मंसूबा भी दिखाई दे रहा है। इसलिए इन इलाकों को व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखने की जरूरत है। देपसांग मैदान भारत की सबसे ऊंची हवाई पट्टी दौलत बेग ओल्डी (डीबीओ) के करीब है। काराकोरम दर्रा डीबीओ के उत्तर पश्चिम में लगभग 17 से 18 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह क्षेत्र पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से सटा हुआ है, और पीओके के उस हिस्से से सटा हुआ है, जिसमें शक्सगाम घाटी शामिल है, जिसे वर्ष 1963 में एक सीमा समझौते के जरिये पाकिस्तान ने गैरकानूनी तरीके से चीन को सौंप दिया था। पाकिस्तान और चीन के बीच मिलीभगत की शुरुआत दरअसल यहीं से हुई। वर्ष 1959 में जब चीनी नक्शों में पाकिस्तान के इलाकों को चीन में दिखाया गया, तब पाकिस्तान इस बात से चिंतित हो उठा था। वर्ष 1961 में पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान ने इस संबंध में चीन को एक औपचारिक पत्र भी लिखा, लेकिन उसका कोई जवाब नहीं आया। फिर पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र में चीन को सदस्य बनाए जाने के पक्ष में मतदान किया और बदले में चीन ने अपने विवादित नक्शे को जनवरी, 1962 में वापस लेने के साथ मार्च, 1962 में सीमा वार्ता में शामिल होने पर सहमति जताई। दोनों देशों के बीच 13 अक्तूबर, 1962 से वार्ता शुरू हुई, जिसके फलस्वरूप दो मार्च, 1963 को दोनों देशों के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। जब यह सब हो रहा था, तब भारत चीन द्वारा भारतीय सीमा पर छेड़े गए युद्ध में उलझा हुआ था। तब समझौते के तहत पाकिस्तान ने करीब 5,300 किलोमीटर क्षेत्र चीन को सौंप दिया, जिस पर उसका कोई अधिकार नहीं था। ये भारतीय क्षेत्र थे। बदले में पाकिस्तान को वह क्षेत्र मिला, जिसे अब गिलगित-बाल्टिस्तान कहा जाता है। गिलगित-बाल्टिस्तान जम्मू और कश्मीर की पूर्व रियासत का एक हिस्सा है, जो 'भारत का अभिन्न अंग' है। इस प्रकार एक दोहरी साजिश रचकर उसे अंजाम दिया गया। द अमेरिकन टाइम ने 1963 में इस मुद्दे पर रिपोर्टिंग करते हुए स्पष्ट लिखा था कि कश्मीर मुद्दे के समाधान की पाकिस्तान की उम्मीद धूमिल हो गई है, क्योंकि पाकिस्तान-चीन समझौते के तहत उत्तरी कश्मीर के एक हिस्से पर पाकिस्तान के नियंत्रण को चीन ने मंजूरी दे दी है। इस विस्तारवादी साजिश की असलियत तब सामने आई थी, जब पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र सैन्य पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में 27 जुलाई, 1949 को भारत-पाक सैन्य कमांडरों द्वारा हस्ताक्षरित कराची फैसले से एक नापाक निष्कर्ष निकालते हुए सियाचिन ग्लेशियर के लिए विदेशी पर्वतारोहण अभियानों को मंजूरी दी। समझौते के अनुसार, इस संघर्ष विराम रेखा पर सबसे उत्तरी सीमांकित बिंदु एनजे 9842 है, जहां से इसे उत्तर की ओर ग्लेशियरों की ओर जाना था। पाकिस्तान ने अंतिम बिंदु के रूप में इसकी अविश्वसनीय ढंग से व्याख्या की, जहां से वह कथित तौर पर काराकोरम दर्रे में शामिल हो रहा था और इससे जुड़े सभी क्षेत्र को अपना बता रहा था। जब यह धोखाधड़ी सामने आई, तब इंदिरा गांधी की सरकार ने सैन्य अभियान चलाया और चीन-पाकिस्तान की साजिश को नाकाम कर दिया। लेकिन भारत एक विस्तारवादी शत्रु के खिलाफ अपनी सतर्कता कम नहीं कर सकता है, जो देपसांग मैदानों से 30 किलोमीटर की दूरी पर दौलत बेग ओल्डी में भारतीय बेस पर नजर गड़ाए हुए है। यह एक रणनीतिक बढ़त है, जो उन्हें सीपीईसी के तहत बनाई जा रही सड़क तक पहुंच प्रदान करेगा, और जो पाकिस्तान द्वारा छोड़े गए, मगर भारत के दावे वाले क्षेत्रों से होकर गुजरती है। यही मुख्य वजह है कि भारत चीन की 'वन बेल्ट वन रोड' योजना में शामिल नहीं हुआ।

## दृष्टिकोण

# पहरेदारी से ज्यादा जरूरी है समाज का नज़रिया बदले

**सुप्रीम** कोर्ट ने एक गाइडलाइन जारी की, जिसमें ऐसे शब्दों को अदालतों की कार्यवाही में इस्तेमाल करने की मनाही की गई है, जिनके जरिए औरतों के प्रति अशिष्ट नजरिया बनता रहा है। सुप्रीम कोर्ट की इस पहल की जितनी भी सराहना की जाए वह कम है क्योंकि समाज में औरतों को लेकर बहुत जल्दी कोई भी धारणा बना ली जाती है। सुप्रीम कोर्ट ने खुद इस तरफ इशारा भी किया है, 'किसी औरत का लिबास ये नहीं बताता है कि वो किसी को शारीरिक संबंध बनाने के लिए इशारा कर रही है।' लेकिन सुप्रीम कोर्ट की इस पहल के बीच जो सवाल खड़ा हुआ है, वह यह है कि शब्दों पर पहरेदारी से क्या समाज के नजरिये में भी कोई बदलाव आएगा क्योंकि बात सिर्फ कानूनी शब्दावली तक सीमित नहीं है? अड़ोस-पड़ोस से लेकर सार्वजनिक और कार्यस्थल तक में महिलाओं के लिए बहुत कुछ सामान्य नहीं होता है। कार्यालयों में यौन उत्पीड़न की शिकायत सुनने के लिए गठित कमेटियों के समक्ष शिकायतों की संख्या साल दर साल बढ़ रही है। कुछ महीने पहले जिस एनजीओ के जरिए यह रिपोर्ट आई थी, उसका विश्लेषण 'नजरिये' की तरफ ही इंगित करता था। जैसे एक महिलाकर्मी को किसी पार्टी में उसके कुछ सहयोगियों ने पॉर्न मूवीज पर चर्चा करते हुए पाया तो कुछ सहयोगी अगली सुबह से ही उसके



मोबाइल पर पॉर्न वीडियो भेजने लगे थे। एक शिक्षिका की शिकायत थी, उसने एक दिन अपने सहयोगी से घर तक छोड़ देने की बात कही तो वह उसे लेकर पहले अपने घर पर चला गया। उस समय उसके घर में कोई भी नहीं था। सहकर्मी की घर छोड़ देने की बात में उसके कुछ 'ऑफर' नजर आ गया था। वर्ष 2020 में आरटीआई के जरिए यह जानकारी भी पब्लिक डॉमिन में आई थी कि देश की राजधानी दिल्ली में पिछले पांच सालों के दरम्यान दिल्ली पुलिस की 28 महिला पुलिसकर्मी अपने ही विभाग में यौन उत्पीड़न का शिकार हुईं। एक मोटीवैशनल वर्कशॉप में सुनाया गया किस्सा याद आ गया। एक शख्स ने तोता पाल रखा था। पड़ोस में रहने में एक शख्स से न जाने उसका क्या बैर था, जब भी वह उसके सामने पड़ता तो उसके लिए वह एक अपमानजनक शब्द बोल देता। पड़ोसी हैरान और परेशान रहा करता था। उसने एक रोज तोता के मालिक से शिकायत की कि तोता का आचरण ठीक नहीं है। उसकी भाषा पर अंकुश लगाओ। तोता मालिक को शिकायत जायज लगी। उसने तोता को समझाया कि किसी के प्रति अपमानजनक शब्द का इस्तेमाल उचित नहीं है। तुम्हें यह आदत छोड़नी होगी। अगर नहीं छोड़ी तो तुम्हें दंडित करूंगा। तोता ने अपने मालिक से वादा किया कि पड़ोसी के प्रति अब वह दोबारा ऐसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं करेगा। अगले रोज पड़ोसी जब फिर तोता के सामने से गुजरा तो तोता एक शब्द भी नहीं बोला। पड़ोसी को बड़ा ताज्जुब हुआ कि रातोंरात तोते के व्यवहार में कैसे इतना बड़ा बदलाव आ गया! उसने तोते की तरफ मुड़कर देखा। दोनों की नजरें चार हुईं, तोता बोला, 'समझ तो गए ही होंगे कि हम क्या कहना चाह रहे थे?' दरअसल यहां यह संदर्भ इसलिए कि तोता के शब्दों पर उसके मालिक ने पहरा तो बिठा दिया था लेकिन उसकी मानसिकता नहीं बदली थी। जरूरत पहरा बिठाने से कहीं ज्यादा मानसिकता बदलने की है। मानसिकता बदल जाए तो फिर शब्दों पर पहरा बिठाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। श्लोक है- यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः। यानी जहां स्त्रियों का आदर होता है, वहां देवता रमण करते हैं।

## देश दुनीया से

# भारत फिर लौट रहा गठबंधन राजनीति की ओर, ये सकारात्मक सोच नहीं

**राष्ट्रीय** राजनीति की वर्तमान गतिविधियों का पहला निष्कर्ष यही आता है कि भारत फिर से गठबंधन सरकारों और राजनीति के दौर में वापस लौट रहा है। एक ओर विपक्ष द्वारा 26 दलों का गठबंधन (इंडिया) बनाने और प्रत्युत्तर में भाजपा द्वारा 38 दलों को साथ लेने के बाद दूसरा निष्कर्ष आ भी नहीं सकता। यहां दो प्रश्न उत्पन्न होते हैं। पहला, क्या वाकई वर्तमान राजनीति में गठबंधन फिर से अपरिहार्य हो गया है या इसके कारण दूसरे हैं? दूसरा, क्या वाकई देश का मानस गठबंधन सरकार स्वीकार करने का संकेत दे चुका है? पहले देश की राजनीति की कुछ सच्चाई। एक, 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने अकेले लोकसभा में बहुमत हासिल किया, जिसकी संभावना बड़े-बड़े राजनीतिक विश्लेषक भी नहीं व्यक्त कर रहे थे। दूसरे, 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 303 का बहुमत मिलना इस बात का परिचायक था कि लोगों ने एक दल के बहुमत वाली सरकार की नीतियों के प्रति संतोष व्यक्त किया है। तीसरे, वैसे तो कई राज्यों में कुछ दलों की अकेले बहुमत वाली सरकारें चलती रहीं, किंतु नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय राजनीति में आविर्भाव के साथ भाजपा को 2013 में तीन राज्यों में अपार बहुमत मिला। फिर 2017 में सबसे जबर्दस्त परिणाम उत्तर प्रदेश विधानसभा का आया और 2022 में भाजपा दोबारा सत्ता में लौटी। ये तीन पहलू और इस तरह की और भी घटनाएं बता रही हैं कि देश किसी एक दल के गैर-बहुमत वाली गठबंधन सरकार को स्वीकार करने की मानसिकता में नहीं था। देश का यह मानस अचानक नहीं बना। दरअसल, वर्ष 1989 से देश में गठबंधन सरकारों का दौर शुरू हुआ था। 1990 व 2000 के दशक में राज्यों में कई सरकारों का समय पूर्व पतन हुआ। इससे राजनीति का पूरा परिदृश्य विकृत होता गया। चुनाव का चक्रीय क्रम अस्त-व्यस्त हो गया। केंद्र की 1989 में विश्वनाथ प्रताप सिंह के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार 11 महीने भी नहीं चली और उसके बाद चंद्रशेखर की सरकार तो चार महीने भी नहीं चल सकी। फिर प्रधानमंत्री नरसिंह राव को अपनी सरकार बचाने के लिए जो कुछ करना पड़ा, उसका परिणाम देश के समक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा रिश्वत कांड के रूप में आया। संयुक्त मोर्चा की सरकार पहले एचडी देवेगौड़ा, फिर इंद्र कुमार गुजराल जैसे प्रधानमंत्रियों के नेतृत्व में भी डेढ़ साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर सकी। 1998 में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में राजग की सरकार बनी, जो एक साल में ही गिर गई। इस बीच राज्यों में तो आया राम गया राम की ऐसी स्थिति पैदा हुई कि अनेक मामलों में न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ा। 2010 के बाद से भारी मतदान की प्रवृतियां बढ़ीं और धीरे-धीरे राज्यों में पूर्ण बहुमत की सरकारें बनने लगीं। और अंततः 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मतदाताओं ने गठबंधन वाली सरकारों का दौर खत्म कर दिया। प्रश्न है कि आखिर केंद्र में लगातार दो बार बहुमत मिलने तथा देश की प्रवृतियां समझने के बावजूद भाजपा को गठबंधन की प्रतिस्पर्धा में शामिल होने की आवश्यकता क्यों हुई। महाराष्ट्र में भाजपा-शिवसेना को पूर्ण बहुमत मिलने के बावजूद देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में सरकार बनाने से इन्कार करने के बाद स्थिति बदली और कांग्रेस एवं राकांपा की मदद से उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री बनाया गया। वहीं बिहार में कम सीटें पाने के बावजूद नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया गया। अंततः उन्होंने भी पाला बदल लिया। ऐसा लगता है कि इससे राज्यों को लेकर भाजपा का मानस बदला। साफ है कि गठबंधन की ओर फिर से लौटने के पीछे सकारात्मक सोच या कारण नहीं है। इसलिए इसे स्वाभाविक नहीं कहा जा सकता। कांग्रेस यह मान चुकी है कि अब उसका प्रभावी राष्ट्रीय विस्तार संभव नहीं, इसलिए सत्ता पाने व भाजपा को हराने के लिए छोटे क्षेत्रीय दलों के साथ जाना जरूरी है।

एक ओर विपक्ष द्वारा 26 दलों का गठबंधन (इंडिया) बनाने और प्रत्युत्तर में भाजपा द्वारा 38 दलों को साथ लेने के बाद दूसरा निष्कर्ष आ भी नहीं सकता। यहां दो प्रश्न उत्पन्न होते हैं। पहला, क्या वाकई वर्तमान राजनीति में गठबंधन फिर से अपरिहार्य हो गया है या इसके कारण दूसरे हैं? दूसरा, क्या वाकई देश का मानस गठबंधन सरकार स्वीकार करने का संकेत दे चुका है? पहले देश की राजनीति की कुछ सच्चाई। एक, 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने अकेले लोकसभा में बहुमत हासिल किया, जिसकी संभावना बड़े-बड़े राजनीतिक विश्लेषक भी नहीं व्यक्त कर रहे थे। दूसरे, 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 303 का बहुमत मिलना इस बात का परिचायक था कि लोगों ने एक दल के बहुमत वाली सरकार की नीतियों के प्रति संतोष व्यक्त किया है।

संक्षिप्त खबरें

## भुख मुक्त पंचायत बनाने को लेकर निकाली गई जागरूकता रैली

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** बारियातू प्रखण्ड के नागरिक सहायता केंद्र के कर्मियों ने, संपूर्ण ग्राम विकास केंद्र पलामू के तत्वाधान में भूख मुक्त पंचायत बनाने को लेकर जागरूकता रैली निकाली।. नागरिक सहायता केंद्र के श्रवण उरांव, रामशंकर रविदास ने सिबला पंचायत के भाटचतरा, झलकीटोला सहित अन्य गली मुहल्ले मे साईकिल रैली निकाल कर एंव दिवार लेखन कर भूख मुक्त पंचायत बनाने और राशन कार्ड, मनरेगा योजना को लेकर जागरूक किया गया. वहीं उपस्थित ग्रामीणो का बताया की मनरेगा योजना के तहत जिनको जॉब कार्ड है उन्हें सौ दिन की रोजगार की गारंटी है. किसी भी प्रकार के जॉब कार्ड, राशन व पेंशन से सम्बंधित समस्या हो वैसे लोग आवेदन के लिए नागरिक सहायता केंद्र का सहयोग लें. हर संभव मदद की जाएगी. मौके पर काफ़ी संख्या मे ग्रामीण मौजूद थे.

# युवक की गोली मारकर हत्या, दहशत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** चंदवा थाना क्षेत्र सुदूरवर्ती उग्रवाद प्राभवित क्षेत्र जमुआरी गांव में गुरुवार की रात्रि अज्ञात अपराधियों के द्वारा प्रद्युमन यादव नामक युवक की हत्या गोली मारकर कर दी गयी। घटना को उस वक्त अंजाम दिया गया जब वह घर के बाहर किसी से फोन पर बात कर रहा था। तभी दो अपराधी आए और सामने से उसके सर पर गोली मार कर हवाई फायरिंग करते हुए पैदल भाग निकले। गोली चलने की आवाज सुनने के बाद परिजन घर से बाहर निकले तो प्रद्युमन गोली लगने से घायलावस्था में पड़ा मिला, जिसके बाद प्रद्युमन को आनन-फानन में इलाज के लिए कुड़ू अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना के बाद देर



रात्रि चंदवा पुलिस जमुआरी गांव पहुंची, परिजनों से घटना की जानकारी ली व शव को कब्ज में लेकर अंतःपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। हालांकि प्रद्युमन यादव को किस कारण गोली मारी गई, इसका पता नहीं चल पाया है।मृतक के परिजनों ने बताया कि गुरुवार की रात्रि प्रदुमन यादव घर के बाहर खड़े होकर किसी से मोबाइल फोन पर बात कर रहे थे, तभी दो अज्ञात अपराधी पहुंचे और उन्हें गोली मारकर चलते बने। मृतक प्रद्युमन यादव ऑटो चालक है, साथ ही वन विभाग में पौधारोपण आदि का कामकाज भी देखता था। मृतक अपने पीछे पत्नी पूनम देवी के अलावे 8 साल का बेटा और 4 साल की बेटी को पीछे छोड़ गया है, जिनका घटना के बाद से रो-रोकर बुरा हाल है। क्या कहते हैं पुनि सह थाना प्रभारी घटना के संबंध में पूछे जाने पर पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हत्या के कारण अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, मृतक के परिजनों का फर्द बयान ले लिया गया है, मामले में प्राथमिकी दर्ज कर सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए जांच पड़ताल की जाएगी व जो भी अपराधी इस घटना में संलिप्त है जल्द ही पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

## लोकसभा सीट पर मुस्लिम प्रत्याशियों को भी टिकट दिया जाए : हाजी मुमताज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** पलामू प्रमण्डल दौरे पर आए अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जीवी मंजूर अंसारी और प्रभारी उमेर खान बुधवार को मुस्लिम बहुल इलाके पोखरी कला वरिष्ट समाजसेवी हाजी मुमताज अली के आवास पहुंचे। इस दौरान हाजी मुमताज़ अली के नेतृत्व में सैंकडों अल्पसंख्यक समाज के लोगों ने उन्हें गर्मजोशी से स्वागत किया। जिसके बाद कांग्रेस प्रदेश पदाधिकारियों ने अल्पसंख्यक समुदाय के विकास को लेकर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी। वहीं मौके पर हाजी मुमताज ने बताया कि अल्पसंख्यक तो हमेशा से एकजूट रहे हैं पर वे हमेशा से राजनीति का शिकार बनते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक खासकर मुस्लिम समुदाय सिर्फ और सिर्फ चुनाव में वोट देने की जरूरत बनकर रह गये हैं।वे हमेशा से उपेक्षित रहे हैं, सिर्फ चुनावी दौर में ही मुस्लिम समाज नेताओं को याद आते हैं। चुनावी क्षेत्र मुस्लिम बहुल क्षेत्र होने के बावजूद उन्हें टिकट नहीं दिया जाता। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस के आला अधिकारियों से मांग रखी है कि आगामी लोकसभा चुनाव में मुस्लिम बहुल इलाकों को देखते हुए चौदह लोकसभा सीट पर कहीं भी मुस्लिम समाज से प्रत्याशी को भी टिकट दिया जाए और उन्हें टिकट देकर अल्पसंख्यकों का हक अदा किया जाए। वहीं प्रदेश पदाधिकारियों ने अल्पसंख्यकों की मांग को जायज ठहराते हुए प्रदेश कमेटी की बैठक में बात रखने की बात कही।

## किसानों के खेत में लगे धान की फसल को हाथियों ने किया बर्बाद

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक इन दिनों जारी है ।जंगली हाथी के झुंड गुरुवार की देर रात बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के गेरेंजा ग्राम में 14 किसानों के खेतों में लगे धान की फसल को रौंद डाला। ग्रामीणों ने बताया की आठ से दस की संख्या में पहुंचे हाथियों के झुंड ने विक्रम यादव, सहदेव यादव, गुलेश्वर यादव, राजकुमार यादव, पन्नू यादव, वीरेंद्र यादव, रमेश यादव, राजदेव यादव, समकेश भुइँया, करमा उरांव, करतु भुइया, गोविंद भुइँया, सरतु भुइया, मंगरु भुइँया, सरोज यादव के खेतों में लगे धान की फसल को रौंद कर नष्ट कर डाला। बता दे की बालूमाथ वन क्षेत्र में हाथियों के झुंड ने इन दोनों उत्पात मचा कर रखा है। हाथियों का झुंड महज एक सप्ताह के भीतर 10 से अधिक के ग्रामीणों का घर ध्वस्त कर दिया है। हांथी किसानों एव ग्रामीणों के फसलों एवं घरों को नुकसान पहुंचा रहे है। बावजूद इसके हाथियों के झुंड को खदेड़ने के लिए वन विभाग की टीम विफल है। वही नुकसान के बाद वन विभाग द्वारा मुआवजा की राशि भी ससमय नहीं मिलने से लोगो में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों ने इस संबंध में लातेहार उपायुक्त से मामले पर पहल करते हुए हाथियों के झुंड को भगाने के बाहर से टीम मंगाने एवं सही मुआवजा देने की मांग है।

## मुखिया नीतू देवी ने कुटमू चिकन सेंटर का फीता काटकर किया उद्घाटन




**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेतला नेशनल पार्क से सटे कुटमू चौक के समीप कुटमू - मेदनीनगर मुख्य मार्ग के हड़पडवा उर्फ विरतपुवा अंतर्गत कुटमू चिकेन सेंटर का भव्य रुप से शुभारंभ शुक्रवार को फिता काट कर पोखरा कलां पंचायत के मुखिया नीतू देवी ने उद्घाटन किया मौके पर मुखिया ने कहीं की गाहकों के अच्छी और सस्ती गुणवत्तापूर्ण चिकन सस्ती दर पर उपलब्ध हो सकेंगा साथ ही बढ़ते हुए गाहकों को सही तरीके से बॉयलर और देहाती चिकेन उपलब्ध होगा और गाहकों के लिए ऑर्डर पर होम डिलीवरी की भी व्यवस्था उपलब्ध है। वहीं सर?ईडीह मस्जिद का इमाम हनान जौहर ने फातेहा खानी की जिसमें सिरनी पानी का एहतेमाम किया गया। साथ ही पोखरी कलां के संचालक फिरोज अंसारी एवं इमरान ने कहां कि हमारी प्रतिष्ठान पर सभी तरह का शादी विवाह और पार्टी या किसी अन्य कार्यक्रम के लिए भी ऑर्डर पर उपलब्ध है। मौके पर मंसूर आलम, विक्रम कुमार, कुर्बान अंसारी, रामजी यादव, संतोष कुमार सिंह, अजमतुल्लाह अंसारी समेत कई लोग मौजूद थे।

## बीडीओ संग मनरेगा प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ने किया योजनाओं का निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मयूरहंड :** बरसात के सीजन में मनरेगा योजना के अंतर्गत चल रहे योजनाओं की गहन जांच शुक्रवार को किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा, मनरेगा के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी नीरज पासवान सबसे पहले करमा पंचायत में चल रहे योजनाओं की जांच के लिए पहुंचे।इस दौरान पंचायत के लोकप्रिय मुखिया सह समाजसेवी रामनाथ यादव करमा पंचायत के पंचायत सचिव राणा योगेंद्र प्रताप सिंह, करमा पंचायत के रोजगार सेवक डॉ सुनील कुमार दास, बीएफटी उमेश कुमार दांगी उक्त पदाधिकारियों को संचालित योजनाओं तक ले गए जहां पर उक्त पदाधिकारियों के द्वारा चल रहे योजनाओं की गहन जांच किया गया।पंचायत में चल रहे हैं नरेगा की



योजनाओं को देखकर प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिंहा व मनरेगा के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी नीरज पासवान संतुष्ट नजर आए। गौरतलब हो कि मयूरहंड प्रखंड के करमा, मझगावां, सोकी, बेलखोरी और हुसिया पंचायत में नरेगा की योजनाएं व्यापक पैमाने पर इन दोनों चलाया जा रहा है जिससे प्रखंड के मजदूरों को बड़े पैमाने पर काम भी मिल रहा है। एक सवाल के जवाब में प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा ने कहा कि मजदूरों के लिए सरकार द्वारा आयोजित 100 दिन की रोजगार गारंटी योजना मजदूरों के लिए एक वरदान की तरह है। वैसे आपको बता दूं कि पिछले 1 माह से मनरेगा की मजदूरों के खाते में सरकार द्वारा राशि नहीं डाले जाने से मजदूरों के बीच आर्थिक परेशानी को भी देखा जा रहा है।

## भूमि माफियाओं ने श्रम मंत्री के भतीजी के साथ की मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखंड के लोबगा गांव में शुक्रवार को विवादित भूमि पर कब्जा जमाने गए भू माफियाओं ने भू रैयतों तथा महिलाओं के साथ मारपीट की जिसमें तीन महिलाएं घायल हो गई। घायलों में श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता की भतीजी संगीता देवी भी शामिल हैं। मामले में संगीता देवी के अलावा गुलबी देवी और अनीता देवी ने सिमरिया थाना को आवेदन देकर भू माफिया इचाक खुर्द निवासी बालदेव ठाकुर और नेसार मियां को गिरफ्तारी की मांग की है। महिलाओं एवं भू रैयतों का कहना है कि गांव के एक भूखंड पर वे वर्षों तथा पूर्वजों से जोत कोड़ कर जीवकोपार्जन करते आ रहे हैं। गांव में जीविकोपार्जन का एकमात्र जरिया खेती हीं है। शुक्रवार को अंचल कार्यालय का कर्मचारी भूमि



की जांच पड़ताल करने वाला था। ऐसे में महिलाएं अपना पक्ष रखने के लिए खड़ी थी। तभी वह भू माफिया बलदेव और नेसार आ धमके और गाली गलौज करने लगे साथ हीं उन्होंने जाति सूचक शब्द से हमें अपमानित करना शुरू कर दिया जब हमने उसका विरोध किया तब उसने हमारे साथ मारपीट की। उन लोगों के आतंक से हम लोग जान और इज्जत बचाकर भाग कर थाना आए हैं। महिलाओं ने कहा कि यदि उन भूमि माफियाओं को गिरफ्तार नहीं की गयी तो हम लोग अनशन के माध्यम से आत्महत्या कर लेंगी। घटना के बाद से दोनों भू माफिया फरार हैं और सिमरिया पुलिस उन्हें सरगर्मी से तलाश कर रही है। बता दें कि सिमरिया में भू माफियाओं द्वारा किसी भी जमीन को अपना कब्जा जमाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते। चाहे इसके लिए कागजात का छेड़छाड़ करना क्यों ना पड़े।

## डीटीओ ने चलाया वाहन जांच अभियान

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लातेहार जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में बालूमाथ पुलिस के सहयोग से गुरुवार की देर रात बालूमाथ थाना चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान चार पहिया और मालवाहक वाहन से सीट बेल्ट, लाइसेंस, परमिट, टैक्स, फिटनेस समेत कई कागजात की जांच की गई। मौके पर 30 से अधिक वाहनों की जांच की गयी। जिनसे कागजात एवं यातायात के नियमों का उल्लंघन करने पर 28 हजार फाइन की वसूली की गयी। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया की सड़क सुरक्षा अभियान के तहत यह वाहन जांच अभियान लगाया गया था ।जो समय-समय पर चलाया जाता है।

## लोक प्रेरणा केंद्र के सौजन्य से फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** लोक प्रेरणा केंद्र सिमरिया और जीएनबी के संयुक्त तत्वधान में अनुमंडल स्तरीय फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। जिसमें निर्भया किशोरी समूह इचाक और छवि किशोरी समूह एदला की टीम ने हिस्सा लिया। मैच का उदघाटन अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों का परिचय लेकर एवं फुटबॉल को कीक मारकर किया गया। मौके पर उपस्थित संस्था सचिव मौसमी बाखला ने कहा कि ऐसे बहुत कम अवसर मिलते हैं, जहां पर लड़कियां खुलकर खेल पाती है। लड़कियों को शिक्षा साथ - साथ खेलकूद करना भी बहुत जरूरी है। संस्था का हमेशा यही प्रयास रहता है कि लड़कियां अपने अंदर छुपी हुई प्रतिभाओं को निखार पाए। इस मैच में निर्भया किशोरी समूह इचाक की टीम एक गोल से विजेता रही वहीं छवि किशोरी समूह एदला की टीम उपविजेता रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के कार्यकर्ता प्रतिमा, रानी, सुचिता, कविता एवं कोच मनीषा और आरती संग ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

## फुटबॉल टूर्नामेंट का किया गया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेतला :** कुचिला में सिंह क्लब कुचिला के खेल मैदान में गुरुवार को बंभर फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह के पुत्र सह कांग्रेस यूथ स्टेट कॉर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, थाना प्रभारी छिपादोहर अभिषेक कुमार, सब इंस्पेक्टर रंजीत कुमार, सब इंस्पेक्टर कासी महली ने जीवी संयुक्त रूप से फीता काटकर फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ करने का काम किया। इस अवसर पर प्रदेश यूथ कांग्रेस कॉर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह ने कहां कि इस तरह का आयोजन ग्रामीण स्तर के प्रतिभावान खिलाड़ियों को अपनी कौशल एवं खेल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा एवं कौशल दिखाने का झारखंड सरकार पूरे मौके मुहैया कर रही है। ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को तरासने एवं उनकी कौशल को निखारने में सरकार उनके साथ हमेशा खड़ी हैं। जरूरत है तो बस बेहतर दिशा में खिलाड़ियों को मेहनत की इस दौरान काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण जनता और खेल मैदान में खेल प्रेमी मौजूद थे।

## हर घर नल जल योजना में अनियमितताओं की फेहरिस्त : कन्हाई प्रसाद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** केंद्र सरकार की कल्याणकारी जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल जल योजना का संचालन धरातल पर खानापूर्ति और खानापूर्ति हो रहा है। जहां संवेदक की लापरवाही से योजना अधर में है। वही शुरुआती दौर से ही संबंधित पदाधिकारियों की मिलीभगत से उक्त योजना के निर्माण कार्य मे भारी अनियमितता बरती जा रही है। इसे लेकर प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी व सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद प्रखंड के पंचायत लात में भ्रमण के दौरान ग्रामीणों की शिकायत पर हर घर नल जल योजना के गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन की जानकारी लेने पहुंचे मौके पर कन्हाई प्रसाद ने कहा कि उक्त योजना के संवेदक और संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से शुरुआती दौर से ही काफी लापरवाही बरती गई है। जहां प्राक्कलन के अनुरूप अबतक कहीं काम नहीं दिखाई दे रहा है। उन्होंने बताया कि कम से कम दो सौ फीट बोरिंग करना है जिसमें हर जगह 70 फीट से 150 फीट बोरिंग किया गया है जिसके वजह से टंकी में पानी पहुंचना मुश्किल हो गया है।बताया कि हर घर स्वच्छ जल पहुंचाना तो दूर अबतक कई महीनों से कई जगहों पर फुटिंग और बोरिंग करके छोड़ दिया गया है। वहीं इस संबंध में प्रमुख सुशीला देवी ने बताया कि संवेदक द्वारा जल मीनार का स्ट्रक्चर मोटर, पाइप निम्न स्तर का लगाया जा रहा है।

## मोटरसाइकिल से गिरकर दो घायल




**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ-खलारी मुख्य पथ पर शुक्रवार को बसिया ग्राम स्तिथ रेलवे ओवरब्रिज के पास मोटरसाइकिल से गिरकर दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार दीपक महतो 19 वर्ष पिता नरेश महतो ग्राम बारा थाना बालूमाथ निवासी, मनीष कुमार 23 वर्ष पिता अतेश्वर प्रसाद ग्राम जिलंगा थाना बालूमाथ निवासी दोनों अपने घर से मोटरसाइकिल में सवार होकर बालूमाथ रहे थे। इसी दौरान रेलवे ओवर ब्रिज के पास गड्ढे में बाइक अनियंत्रित हो गई और मोटरसाइकिल से गिरकर दोनो गम्भीर रुप से घायल हो गये। घटना के बाद स्थानीय लोगों की सहयोग से दोनों युवकों को बालूमाथ स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां डॉक्टर संजय कुमार सिद्धार्थ की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया।

# सदर थाना कांड संख्या 85/2013 के फरार अभियुक्त पंकज प्रजापति को अदालत ने भेजा जेल

प्रभात मंत्र संवाददात

**चतरा :** बीते दिन एसडीजेएम न्यालय ने सदर थाना कांड संख्या 85/2013 के आरोपी पंकज प्रजापति को जेल भेज दिया है। पंकज प्रजाती के खिलाफ 7-आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज की गयी थी। पंकज प्रजापति झारखंड मुक्ति मोर्चा के चतरा जिला अध्यक्ष के पद पर आसीन थे वहीं पदाधिकारियों के बीच घिरे रहने वाला रसूखदार थे। अपनी शान व सौकत के कारण एक क्षत्र दबदबा कायम था। पिछले दस वर्षो से अपनी पहुंच के कारण वे पुलिस प्रशासन के साथ रहते हुए भी फरार दिखाया जा रहा था। जबकि वीआईपी प्रोग्रामों एवं पार्टी कार्यक्रमों में जिला अध्यक्ष पंकज प्रजाति खुलेआम देखे जाते थे। चावल चोरी के मामले में नवंबर 2022 को आईओ हिमांशु शेखर ने आरोप पत्र दाखिल किया था। बीते



दिन एसडीजेएम कोर्ट ने अनाज कालाबाजारी के आरोपी झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष पंकज प्रजापति के आत्मसमर्पण और जमानत याचिका को खारिज कर बुधवार को जेल भेज दिया। उनके विरुद्ध चतरा सदर थाना में कांड संख्या 85/2013 के तहत 7-आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत बीपीएल एवं अंत्योदय योजना के खाद्यान्न की कालाबाजारी करने का मामला दर्ज किया गया है।मामले में झामुमो के जिला अध्यक्ष ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी जहां उनकी अर्जी खारिज कर दी गयी। इसके बाद उन्होंने झारखंड उच्च न्यायालय, रांची में अग्रिम जमानत याचिका दायर की। यहां भी उनकी अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी गई ।इस दौरान थाना से मिली भगत कर पंकज को फरार घोषित कर न्यालय को कागजात सौपा गया था। अंत में न्यालय में उपस्थित नहीं होने पर उनके घर की कुर्की वारंट न्यालय द्वारा जारी किया गया था। आखिरकार 10 वर्ष बाद पंकज प्रजापति एसडीजेएम कोर्ट में उपस्थित होकर जमानत याचिका दायर की।जिसे कोर्ट ने खारिज कर जेल भेज दिया ।गौर तलब है कि 14.05.2013 को तत्कालीन प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, बीडीओ एवं सदर थाना प्रभारी ने संयुक्त रूप से शहर के मारवाड़ी मुहल्ला स्थित पीडीएस दुकान में छापेमारी की थी। इसी दौरान छापेमारी टीम ने 407 ट्रक में रखे 27 बोरा चावल, बारांडा में रखा 25 बोरा चावल, कमरे में रखा 49 बोरा चावल के अलावे 60 लीटर केरोसिन बरामद किया था। वहीं 53 खाली जूट बोरे, 50 खाली प्लास्टिक बोरे आदि भी बरामद किया गया था। जबकि यह चावल झारखण्ड सरकार द्वारा बीपीएल और अंत्योदय योजना के लाभुकों के बीच बांटा जाना था। पंकज प्रजापति द्वारा कालाबाजारी के लिए 407 ट्रक में लोड कर बाहर उच्चे दामों में बेचने का आरोप दर्ज किया गया था। मामले में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने सदर थाने में पंकज प्रजापति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया था। बता दें आखिर पंकज प्रजापति जेएमएम के जिला अध्यक्ष रहते हुए एक रसूखदारों में गिनती की जाती थी। जहां हमेशा पदाधिकारियों के साथ सभी कार्यक्रमों से लेकर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल रहता था। ऐसे में चतरा सदर थाना द्वारा किस आधार पर वगैर गिरफ्तार किए तथा कुर्की जब्ती किए उसे न्यालय को फरार बताया गया था। इससे साफ जाहिर होता है कि रसूखदारों के लिए सविंधान में अलग नियम कानून तय किया गया है और गरीबों के लिए पुलिस द्वारा अलग नियम कानून तय होता है। चतरा सदर में वर्षो से न्यालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट भेजा जा चुका है किंतु अभी तक वैसे लोंगो को गिरफ्तार नहीं किया गया है। वैसे में पुलिस की हरकतों पर कई सवाल खड़े होते हैं।

# मनिका में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि की बहनों ने बांधा रक्षा सूत्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** मनिका ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बाहनों ने मनिका थाना परिसर में दिन शुक्रवार को थाना प्रभारी राना भानु प्रताप सिंह के कलाई पर पवित्रता का दिव्य दृष्टि देकर राखी बांधी गई। रक्षा सूत्र बांधकर कविता बहन ने उन्हें मिठाई भी खिलाया। मौके पर कविता बहन ने कहा कि रक्षाबंधन सभी पर्वों में अनोखा त्योहार ही नहीं भारत की संस्कृति तथा मानवीय मूल्यों को उजागर करने वाला अनेक आध्यात्मिक रहस्यों को प्रकाशित करने वाला भाई बहन के वैशिवक रिश्ते की स्मृति दिलाने वाला एक परमात्मा उपहार है। पर्व पर रक्षा सूत्र बांधने से पूर्व बहन भाई के मस्तक पर चंदन का तिलक लगाती है। जो शुद्ध शीतल और सुगंधित जीवन जीने की प्रेरणा देती है। हम सदा सही अर्थात सकारात्मक चिंतन



करते हुए सही अर्थात श्रेष्ठ कर्म में ही करें जिसमें आत्मा अनिष्ट परिणाम से दुखी व अशांत होने से सुरक्षित रहेगी। मिठाई खिलाने के पीछे मान को और संबंधों को मीठा बनाने का राज भरा है। स्नेह सूत्र आत्मा को आत्मा से जोड़कर विश्व के नौ निर्माण रक्षा सूत्र तन मन धन जन मर्यादा , देश समाज और संस्कृति की रक्षा का प्रेरक यह रक्षा सूत्र है। ईश्वरीय सूत्र ज्ञान गुणों शक्तियों और वरदानों की प्राप्ति करने वाला ऐश्ववरीय सूत्र है। मौके पर उपस्थित बहन ने थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप से आशीर्वाद लिया और बुराइयों का त्याग व परमात्मा से सुख शांति एवं दीर्घायु के लिए प्रार्थना किया। मौके पर बबीता बहन ज्योति बहन उपस्थित थी।

## संक्षिप्त खबरें

### जैन समाज के अध्यक्ष के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल नवनियुक्त उपायुक्त मुलाकात की

**रामगढ :** रामगढ़ जैन समाज के अध्यक्ष मानिक जैन के नेतृव मे एक प्रतिनिधिमंडल रामगढ़ के नवनियुक्त उपायुक्त से उनके कार्यालय में मिलकर समाज की ओर से उनका स्वागत करते हुए बधाई दी। इसी क्रम में समाज की ओर से उन्हें एक ज्ञापन सौंपा गया तथा उनसे अनुरोध किया कि रामगढ़ मेन रोड का नाम भगवान महावीर मार्ग रखा जाए।प्रतिनिधि मंडल मे नरेंद्र छाबड़ा, राजू सेठी एवम विनोद पहाड़िया आदि मौजूद थे।

### डेंटल कॉलेज में आयोजित हुआ सतत दंत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम

**हजारीबाग :** कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल के कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री और एंडोडॉन्टिक्स विभाग ने शोफू डेंटल इंडिया के सहयोग से डायरेक्ट एन्टीरियर एस्थेटिक्स शुरू से अंत तक विषय पर एक सतत दंत चिकित्सा शिक्षा सीडीई कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैंगलोर वक्ता डॉ आदिल अब्दुल्ला शामिल हुए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दंत चिकित्सा पेशेवरों को पूर्वकाल के दांतों की बहाली में सौंदर्य उत्कृष्टता प्राप्त करने में कंपोजिट का उपयोग करने की नवीनतम तकनीकों की व्यापक समझ प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सभी विभागों के छात्र प्रतिभागियों और संकाय सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम में हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल के सचिव डॉ. प्रवीण श्रीनिवास, डेंटल काउंसिल सीडीई पर्यवेक्षक डॉ राजीव कुमार की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

### स्कूली विद्यार्थियों ने उपायुक्त को बांधी राखी

**हजारीबाग :** कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को हजारीबाग स्थित नमन विद्या स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उपायुक्त हजारीबाग नैन्सी सहाय को राखी बंधा कर मुँह मीठा किया। इस दौरान उपायुक्त ने उपस्थित छात्र/छात्राओं को रक्षा बंधन की शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने ने कहा कि विद्यार्थी पढ़-लिखकर शिक्षा के क्षेत्र में उन्नति करे एवं सामाजिक बदलाव व विकास का सशक्त माध्यम बने।मौके पर उपस्थित प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी सुलोचना मीना तथा कार्यपालक दण्डाधिकारी अदिति गुप्ता को भी विद्यार्थियों ने राखी बांध कर मुँह मीठा किया।

### मुखिया संवाद सह जनसुनवाई कार्यक्रम 5 सितंबर को

**हजारीबाग :** आगामी 5 सितंबर को झारखंड राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी एवं सदस्य शबनम परवीन जिले के सभी पंचायतों के मुखिया से सीधे संवाद करेंगे। संवाद कार्यक्रम नगर भवन हजारीबाग में अपराह्न 2 बजे से 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। जन सुनवाई सह संवाद कार्यक्रम में राज्य खाद्य आयोग की टीम खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत् लाभुकों को मिलने वाली राशन, विद्यालय में मिलने वाली मध्याह्न भोजन, आंगवाड़ी में मिलने वाली खाद्य सामग्री की सुलभता सहित विभिन्न समस्याओं की जानकारी हासिल करेंगे। साथ ही समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश भी देंगे।

### टॉकीसूद वाटर फिल्टर टंकी से पानी सप्लाई नहीं होने के कारण ग्रामीण परेशान

**पतरातू :** प्रखंड अंतर्गत टॉकीसूद वाटर फिल्टर टंकी से पानी नहीं सप्लाई होने के कारण क्षेत्र के ग्रामीणों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार की महत्वकांक्षी योजना हर घर नल के तहत उक्त पानी टंकी से सांकुल पालू हफूवा कोतो और कटिया पंचायत के ग्रामीणों को पानी सप्लाई किया जाता है। लेकिन इधर, दो दिनों से ग्रामीणों को पानी नहीं मिलने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार टॉकीसूद फिल्टर टैंक में बालूनुमा मिटटी के मलबे का ढेर लग गया। जिससे पानी सप्लाई बाधित है। बताते चलें कि , सरकार की महात्वाकांक्षी योजना हर घर नल के माध्यम से क्षेत्र के ग्रामीणों के घर तक पानी सप्लाई किया जाता है।

# गोला में हाथियों के झुंड ने महिला की निर्ममता से ली जान

### बीस हजार रुपये का मुआवजा राशि दिया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** गोला वन क्षेत्र के साड़म पंचायत अन्तर्गत पत्थलगढ़ा गांव में शुक्रवार की अहले सुबह हाथियों के झुंड ने एक महिला की निर्ममता से जान ले ली। यूँ तो गोला वन क्षेत्र के लिए यह आम बात हो गई है। आए दिन ग्रामीण इसकी बलिबेदी पर अपनी सहादत देते आ रहे है तथा सरकार तथा वन विभाग से इसके ठोस समाधान की गुहार लगाते आ रहे हैं। इसी कड़ी में ये घटना घटी। जानकारी के अनुसार महिला रमनी देवी(65 वर्ष), पति- स्व.जांगलू प्रजापति अहले सुबह नित्य कर्म के लिए जा रही थी तभी तीन हाथियों के झुंड ने महिला को चपेट में लेकर निर्ममतापूर्वक पटककर जान ले ली। घटना की जानकारी मिलते ही विधायक सुनीता चौधरी के आह्वान पर गोला(मध्य) जिला परिषद सदस्य जलेश्वर महतो, आजसू केन्द्रीय कमिटी सदस्य अशोक कुमार, फूलचंद महतो, सुनील महतो, कोलेश्वर महतो घटनास्थल पर पहुँचे तथा वन विभाग के अधिकारियों को इसकी सुचना देकर विधिसम्मत मुआवजे की माँग की गई। इधर पूर्व विधायक ममता देवी के निर्देश पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि कमलेश कुमार महतो, मनोज पुजहर, झामुमो नेता कपिल महतो ने भी वन विभाग के अधिकारियों से बात की। वन विभाग के अधिकारियों ने स्थिति की तहकीकात के पश्चात मृतक के परिजनों को तत्काल मुआवजा 20,000/- दिए।तत्पश्चात गोला पुलिस घटनास्थल पर पहुँचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जंगली हाथियों के हमले में मौत हो जाने पर सरकार के द्वारा चार लाख रुपये देने का प्रावधान है, शेष राशि 3,80,000/- पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा अन्य कागजी औपचारिकता पूरे होने के पश्चात दी जाएगी।

## केंद्रीय विद्यालय रामगढ़ कैंट में आयोजित पांच दिवसीय राज्य पुरस्कार जांच परिक्षण शिविर का समापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** केन्द्रीय विद्यालय रामगढ़ कैंट में राज्य पुरस्कार प्रशिक्षण शिविर 2023 का आयोजन दिनांक 21.08.2023 से 25.08.2023 तक किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में रांची मंडल के 29 केंद्रीय विद्यालयों के 158 स्काउट छात्र ने हिस्सा लिया। इस पाँच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में शिविर नायक के रूप में एस एस श्रीमाली को केन्द्रीय विद्यालय संगठन(मु.) नई दिल्ली नियुक्त किया गया है. उनके सहयोग हेतु जे पी मीणा, बी एस तिवारी, ए के चौधरी एवं ए के तिलक को अधिकारिक तौर नियक्त गया है एवं इस शिविर के सफल संचालन हेतु संयोजक के रुप में के के कुशवाहा को कार्यभार सौपा गया था. विद्यालय के उप प्राचार्य ओम प्रकाश जोशी ने सभी सफल बच्चों को भविष्य के प्रशिक्षण की शुभकामना प्रदान की।

## दुलमाहा में शांति पाठ के साथ शुरू हुआ अखंड हरि कीर्तन, ग्रामीणों में उत्साह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड के दुलमाहा गांव सार्वजनिक दुर्गा मंड़प में 25अगस्त शुक्रवार से 27अगस्त रविवार तक पांच सांझ शांति पाठ के बाद 24घंटे का हरिकृतन का आयोजन किया जा रहा है।यह कार्यक्रम हिंदू समाज कल्याण समिति ट्रस्ट दुलमाहा द्वारा आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए हिंदू समाज कल्याण समिति ट्रस्ट दुलमाहा के अध्यक्ष कमल शंकर पंडित ने कहा कि ट्रस्ट के द्वारा प्रत्येक वर्ष सावन माह में अखंड हरिकृतन किया जाता है। शांति पाठ एवं हरिकृतन के तैयारी के लिए ट्रस्ट के सभी सदस्यों के साथ साथ ग्रामीण उत्साह के साथ लगे हुए हैं। उन्होंने ने कहा कि अखंड हरिकृतन की शुरुआत 27अगस्तसे चालू हो कर 28अगस्त को समाप्ति होगी उसके बाद कुंवारी कन्याओं के भोजन के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## नमो फुटबॉल टूर्नामेंट मैदान पहुंचे भाजपा संगठन महामंत्री और प्रदेश महामंत्री



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** नमो फुटबॉल टूर्नामेंट-2023 कटकमदाग प्रखंड के पांचवें दिन शुक्रवार को भाजपा संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह और भाजपा प्रदेश महामंत्री सह हजारीबाग जिला संगठन प्रभारी बालमुकुंद सहाय और हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल कटकमदाग मैदान पहुंचे। विधायक मनीष जायसवाल ने बताया कि साल 2016 से कटकमदाग के इसी मैदान से शुरू हुआ यह नमो फुटबॉल टूर्नामेंट आज हजारीबाग के करीब 9 प्रखंडों में पहुंच चुका है और वर्तमान वर्ष इसके विस्तार की योजना भी बनी है। उन्होंने इसके आयोजन के लक्ष्य के बाबत बताया कि समाज में खेल भावना को जागृत करना और समाज के युवाओं को भटकने से बचकर उन्हें संगठित, संस्कारित और चरित्रवान बनाए रखना है ।

## महिला ने आगंनबाडी सेविका चयन प्रक्रिया में सीडीपीओ पर लगाया अनियमितता का आरोप



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरकट्ठा(हजारीबाग):** चलकुसा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम जमसोती पंचायत मनैया में बीते दिनों आगंनबाडी सेविका चयन प्रक्रिया में शीला कुमारी पति खगेन्द्र रजक ग्राम-जमसोती प्रखंड-चलकुसा जिला-हजारीबाग के द्वारा उपायुक्त हजारीबाग को लिखित रूप से आवेदन पत्र देकर आगंनबाडी सेविका चयन प्रक्रिया में घोर अनियमितता व नियमों का अनदेखी करने का आरोप सीडीपीओ पर लगाते हुए।कहा कि दिनांक 09/12/2022 को आगंनबाडी सेविका चयन हेतु एक आमसभा का आयोजन किया गया था।जिस आमसभा में गांव के तीन महिलाओं के द्वारा आगंनबाडी सेविका चयन प्रक्रिया में भाग लिया गया और अपना-अपना शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र आमसभा कि अध्यक्षता कर रहे सीडीपीओ बरकट्ठा के पास जमा किया गया।तत्पश्चात सीडीपीओ के द्वारा आगंनबाडी चयन प्रक्रिया नियमावली के अनुसार शीला कुमारी को 22अंक दिया गया एवं अन्य दो महिलाओं आरती कुमारी व काजल कुमारी को 18 अंक दिया गया।आमसभा में सभी आवेदक अपना-अपना मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट का शैक्षणिक प्रमाण पत्र जमा किया था।परतुं ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले शीला कुमारी का चयन न करते हुए टालमटोल किया गया।

## आजसू प्रखंड कमेटि पतरातू ने ब्लॉक परिसर में लगायी जनसमस्या निवारण शिविर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** आजसू पार्टी पतरातू प्रखंड कमेटि ने पतरातू प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में मुख्यालय दिवस पर जनसमस्या निवारण शिविर लगाया।मौके पर कई ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान त्वरित मौके पर किया गया।पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी की सोच है की किसी भी ग्रामीण को अपने कार्य के लिए परेशान न होना पड़े इसके लिए उन्होंने पार्टी के तमाम कार्यकर्ताओं को सजग रहने को कहा है।मौके पर कई ग्रामीणों की समस्याओं का निदान किया गया। मौके पर प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा,प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेश सिंह,प्रखंड कोषाध्यक्ष ब्यास पांडेय,जिला संगठन सचिव अशोक पाठक,जिला सह सचिव अजय रवि,आदि थे।

# अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण को लेकर रामगढ़ डीएमओ ने की कार्रवाई

### कोठार पुल के समीप अवैध रूप से पत्थर चिप्स ले जाते वाहन को पकड़ा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन के रोकथाम को लेकर रामगढ़ जिला खनन पदाधिकारी नितेश कुमार गुप्ता के द्वारा कार्रवाई करते हुए रामगढ़ थाना क्षेत्र के कोठार पुल के समीप से गुरूवार की शाम अवैध रूप से पत्थर चिप्स ले जाते वाहन को पकड़ा एवं 200 सीएफटी समेत वाहन को जप्त करते हुए नामजद वाहन चालक,मालिक एवं क्रशर मालिक समेत सभी अज्ञात संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी। इस दौरान डीएमओ के द्वारा अवैध खनन में संलिप्त व्यक्त्यिों चिहिंत करते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

**ऐसे हुई कार्रवाई**

जिला खनन पदाधिकारी नितेश कुमार गुप्ता द्वारा गुरूवार की शाम 6 बजे कोठार पुल के समीप वाहन संख्या छ्ळ0248318 पर पत्थर चिप्स ले जाते देखा वाहन को रूकवा कर चालक से कागजात की मांग की गयी , लेकिन चालक बुधन महतो के द्वारा चलान नहीं दिखाया गया,वाहन चालक के द्वारा बताया गया कि पत्थर चिप्स चुटुपालु स्थित क्रशर से लाया गया है एवं क्रशर का मालिक अरविंद सिंह,पिता सतेन्द्र सिंह का है,जिस पर डीएमओ द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए वाहन समेत वाहन में लादे गए 200 सीएफटी पत्थर चिप्स को जप्त कर थाना को सुपूर्द करते हुए वाहन चालक,मालिक,क्रशर मालिक एवं संलिप्त व्यक्तिायों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी साथ ही अविलंब सभी संलिप्त व्यक्तियों को चिहिंत करते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## श्री गणिनाथ पब्लिक स्कूल में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** श्री गणिनाथ पब्लिक स्कूल में मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमे सभी छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और हाथों पर एक से बढ़ कर एक खुबसूरत मेहंदी रचाकर सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाध्यापक आर एस गोस्वामी ने कहा कि ऐसी सांस्कृतिक कलाओं में बढ़-चढ़ कर सभी छात्राओं को हिस्सां लेना चाहिए। इससे इनके अंदर छुपी हुई कला निकलकर बाहर आती हैं। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक आर एस गोस्वामी, नवल किशोर ,आशा सिन्हा, आशा रानी, अलिशा खान, देवजानी मुखर्जी, सास्वती बनर्जी, वर्णाली मुखर्जी, होलिका कुमारी, मोनिका कैरल, मेघा गुप्ता, मेघा कुमारी, चाँदनी कुमारी उपस्थित थे।

## भाकिमो प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू का हुआ स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू का डुमरी विधानसभा उपचुनाव में जाने के क्रम में हजारीबाग पहुंचने पर संत कोलंबा कॉलेज के पास किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री मनमीत अकेला एवंजैविक कृषि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अनूप भाई वर्मा ने पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि राज्य में सूखे की आशंका को देखते हुए सरकार को तत्काल किसानो के लिए मुआवजा, ऋण समेत अन्य परेशानियों के निमित कदम उठाने चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष के साथ कार्यालय मंत्री सुरेंद्र नाथ, रामगढ़ जिला अध्यक्ष सनी कुमार , संतोष साहू किसान मोर्चा दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल प्रभारी एवं अन्य उपस्थित रहे।

## बुधबाजार में कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ आरंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** बुधबाजार सिरका जीएम ऑफिस(टोंगी) मुख्य मार्ग अवस्थित महादेव मंदिर के समीप श्री श्री 108 रुद्र महायज्ञ पांच दिवसीय अनुष्ठान को लेकर भक्तों ने शुक्रवार को कलश यात्रा निकाली। महिला पुरुष भक्तों के सामूहिक जयकारे से पूरा नगर क्षेत्र का मार्ग भक्तिमय बन उठा। हर-हर महादेव, माता पार्वती, बजरंगबली हनुमान, शिव शंभू के जयघोष के साथ भक्तों ने विधिवत कलशो में जल भरा। कलश यात्रा जीएम ऑफिस से अरगड्डा दामोदर नदी सड़क पर निकाली गई। रुद्र महायज्ञ 25 अगस्त से 30 अगस्त तक चलेगा। यज्ञ में प्रेरणा स्त्रोत सदानंद झा, आचार्य शैलेश भारद्वाज (अयोध्या), उपाचार्य दिगंबर जी महाराज, मंदिर पुजारी रविंद्र झा व पांच सहयोगी ब्राह्मणों के द्वारा यज्ञ विधिवत मंत्र उच्चारण, नियमों के साथ संपन्न होगा। मौके पर आजसू नेता तिवारी महतो, गोपाल करमाली, पूजा कमेटी के अर्जुन भुईयां, आशिकांत सिंह, विनोद करमाली, ज्योति कुमारी, अंजू देवी, फूलों देवी समेत दर्जनों महिला, पुरुष भक्तजन उपस्थित थे।

## जनता दरबार में दो दर्जन से अधिक मामले आए, उपायुक्त ने निष्पादन करने का दिया निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग दो दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में, अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में,जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में,पीएम आवास योजना में अनिमियतता के संबंध में,खतियानी जमीं हड़पने के संबंध में,भू रैयतों का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में एवं इस दौरान रोजगार, मनरेगा, भूमि, म्यूटेशन, पेंशन, भूमिअधिग्रहण, आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए ।

## पूर्व विधायक ममता देवी ने 99 बाजार का किया उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** दुलमी बाजार में शुक्रवार को 99 बाजार का पूर्व विधायक ममता देवी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। सर्वप्रथम पूर्व विधायक को बुके देकर स्वागत किया गया। वही पूर्व विधायक ने 99 बाजार के संचालक शाने अली को बधाई दी और कहाँ की 99 बाजार से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सुविधा होगी, पहले ग्रामीण इलाके के लोगों को समान खरीदने के लिए रामगढ़ जाना पड़ता था। वही समान कम दम के साथ साथ समय बचत के साथ दुलमी में ही मिल जाएँगा। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ,कमलेश कुमार महतो, कैसर इमाम, मुशर्रफ़ हुसैन , चंद्राशेखर पटवा, कुद्दुश् अंसारी, ऐनुल् हक़, मेहताब राही, सब्बा अहमद, जुल्फेकार आदि उपस्थित थे।

## आरोग्यम हॉस्पिटल के ब्लड बैंक सेल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग के एकलौते सुपरस्पेशलिटी निजी हॉस्पिटल एचजेडबी आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के ब्लड बैंक के द्वारा शोनित फाउंडेशन के सहयोग से एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर होली क्रॉस वोकेशनल टीचर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में आयोजित किया गया। इसमें कुल 40 रक्तवीरों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया और भविष्य में भी जरूरतमंदों के हित में स्वैच्छिक रक्तदान करने का संकल्प लिया। ये सभी रक्तदाता होली क्रॉस वोकेशनल टीचर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में अध्यनरत विद्यार्थी हैं।आरोग्यम के निदेशक हर्ष अजमेरा ने रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को मानवता के लिए आगे आने के लिए साधुवाद दिया और समाज के अन्य युवा रक्तदाताओं से भी स्वैच्छिक रक्तदान करने के लिए आगे आने का आवाह्न किया। आरोग्यम हॉस्पिटल के ब्लड बैंक की ओर से रक्तदान करने वाले सभी रक्तदानियों को अंग- वस्त्र और प्रशस्ति पत्र भेंटकर उनका सम्मान किया गया।

## तीन दिवसीय अजय दूबे मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय बरही की ओर से प्रखंड मैदान बरही में तीन दिवसीय अजय दूबे मेमोरियल फुटबॉल टर्नामेंट का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि एसडीपीओ नाजिर अख्तर, पूर्व विधायक सह अध्यक्ष स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय मनोज कुमार यादव, डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, बरही थाना प्रभारी पुनि रोहित सिंह, राष्ट्रपति पुरस्कृत ईशो सिंह, एसएसएमटी अध्यक्ष डॉ संगीता चौधरी, सचिव महेंद्र दूबे, जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिप सदस्य प्रीति गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ संजय वर्णवाल, सचिव कृष्णा प्रजापति, कोषाध्यक्ष अमित केशरी, बीईईओ रामसेवक दांगी, धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, हरेंद्र गोप, मुखिया शमशेर आलम, खोड़ाहर मुखिया खिरोधर यादव , डॉ सुनील दत्ता, राजेंद्र रुखरियार, देवधारी प्रजापति आदि ने संयुक्त रूप से दिवंगत स्व अजय दूबे के चित्र माल्यार्पण व पुष्प अर्चन का कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## जिला कांग्रेस कमेटी रामगढ़ के द्वारा शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** जिला कांग्रेस कमेटी रामगढ़ के द्वारा शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से मांडर विधानसभा क्षेत्र की विधायक नेहा शिल्पी तिर्की उपस्थित हुई। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हाल ही में छ्त्त ने केंद्र सरकार की एक रिपोर्ट पेश की है हम इस विषय पर प्रेस वार्ता कर रहे हैं, क्योंकि हम चाहते हैं कि झारखंड को पता चले कि मोदी सरकार ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में अपने लोगों को कहां और कैसे धोखा दिया है। और बाबूलाल मरांडी और अन्य भाजपा नेता इस बारे में कुछ भी नही बोलेंगे, उन्हें सरकार बनाने की लत है और वे केवल लोगों का ब्रेन वॉश करेंगे।हम इस बात से हैरान हैं कि जो सरकार बात करती है न खाएंगे और न खाने देंगे, वह अब खा भी रहे है औरअपने अमीर दोस्तों को खिला भी रहे है। सुश्री तिर्की ने कहा किछ्त्त ने आयुष्मान भारत- प्रधानमंत्री जन, आरोग्य योजना (PMJAY) स्वास्थ्य बीमा योजना के कार्यान्वयन मेंअनियमितताओं का खुलासा किया। योजना के database में मृतक के रूप में दर्ज 3,446 रोगियों के इलाज के लिए कुल 6.97 करोड़ रुपये वितरित किए गए। ज़ स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत एक ही मोबाइल नंबर पर कई लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया था। इसमें कहा गया है कि 7.49 लाख लोग एक ही मोबाइल नंबर 9999999999 पर लाभार्थियों के रूप में पंजीकृत हैं। यह पता चला है कि कई राज्यों में अल्पसंख्यक छात्रवृति कार्यक्रम के तहत 53त्न संस्थान फर्जी है, जिससे 5 वर्षों में 144.83 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है। सरकार ने पेंशन योजनाओं की धनराशि अन्य योजनाओं के प्रचार-प्रसार में लगा दी। 2017 और 2021 के बीच, केंद्र की सामाजिक सहायता योजनाओं के 2,103 लाभार्थियों को उनकी मृत्यु के बाद भी पेंशन दी गई।Ten Board of India को Tribal Subplan के लिए बजट आवंटन निर्धारित करना है, जिसे केंद्रीय मंत्रालय से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के विकास के लिए धन दिया जाना चाहिए।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया से बचने के लिए उपायुक्त ने की जिलेवासियों से खास अपील

## कहा... डेंगू से निपटने के लिए संडे को ड्राई डे के तौर पर मनाएं

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड :** डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया से बचने के लिए उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने जिले के सभी लोगों से एक खास अपील की है।उपायुक्त ने अपील करते हुए कहा है कि डेंगू से निपटने के लिए संडे को ड्राई डे के तौर पर मनाएं। ड्राईडे यानी रविवार को पानी के बर्तनों मसलन टंकियां, घड़े, कूलर और कंटेनर को खाली करें। इसके अलावा उपायुक्त ने सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करने की सलाह दी है। वहीं उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे इस दिशा में और अधिक प्रभावी ढंग से कदम उठाएं जिससे डेंगू और मलेरिया



जैसी बीमारियों को पनपने से रोका जा सके। उपायुक्त ने बताया कि सरकार के द्वारा भी डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया से बचाव के लिए आवश्यक कदम उठाए गए है। इसी के तहत डीपीएचएल साहेबगंज, डीपीएचएल दुमका व डीपीएचएल गोड्डा पीड़ित रोगियों की मुफ्त जांच व प्रबंधन की व्यवस्था की गई है। उपायुक्त ने बताया की जिला प्रशासन द्वारा रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाया गए है। पाकुड़ जिले के मरीजों के जांच हेतु नमूना संग्रह कर निकटतम जिला दुमका व गोड्डा भेजा जा रहा है। इसके अलावा कार्य दल गठित कर घर- घर जाकर घर के अंदर मच्छरों के प्रजनन स्थल की पहचान कर उसे नष्ट करने का कार्य किया गया है। इसके अलावा लोगों को भी डेंगू चिकनगुनिया और मलेरिया से बचाओ के लिए उन्होंने जागरुक किया गया है। वही उपायुक्त ने सिविल सर्जन को निर्देश देते हुए कहा है कि जिले के सभी प्रखंडों में लगातार डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया से बचाव के लिए जागरुकता कार्यक्रम चलाए जाए।

# जरहिया गांव में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का विधायक ने किया उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही (हजारीबाग):** प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव बसरिया पंचायत के जरहिया गांव में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने खिलाड़ियों के साथ राष्ट्रीय गीत गाकर व फुटबॉल किक मारकर किया। मौके पर विधायक ने कहा कि फुटबॉल का खेल खेलने से मानसिक व शारीरिक विकास होता है। उद्घाटन मैच खांडी एवं पोकडण्डा के बीच खेला गया। मौके पर प्रमुख मनोज रजक, जिला परिषद प्रतिनिधि गणेश यादव, बासुदेव यादव, बीएसए अध्यक्ष अब्दुल मनान वरसी, मुखिया प्रतिनिधि हरेन्द्र यादव, मीडिया प्रभारी तौकीर रजा, बिरेन्द्र यादव, मो. वारिस, छोटेलाल यादव, रघुवीर यादव, कृष्णा यादव, राजू राणा, सुधीर यादव, देवनरायण यादव, राजू यादव, सुरेश यादव, आकाश कुमार, दीपक यादव, लालु यादव, अरुण यादव, प्रभु यादव, संजीत यादव, मंजीत यादव, सुबोध यादव, विकाश यादव, सुरेश यादव, समाजसेवी दिलिप यादव, दिवाकर यादव, चन्दन यादव, रंजन यादव, अवधेश यादव, सूरज भुईया, सरवन भुइयां, सुभाष यादव, मनीष यादव आदि उपस्थित थे।

# 26 और शहरों में पीडब्ल्यू विद्यापीठ का शुभारंभ कर रहा है फिजिक्स वाला

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** फिजिक्स वाला (पीडब्ल्यू) भारत में बड़े पैमाने पर शिक्षा को उदार बनाने वाला अग्रणी यूनिकॉर्न एड-टेक कंपनी है। यह भारत भर में तकनीक से सुसज्जित 26 नए ऑफ़लाइन सेंटर, पीडब्ल्यू विद्यापीठ की शुरुआत कर रहा है। पीडब्ल्यूएनएसएटी 2023 (फिजिक्स वाला नेशनल स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट) के माध्यम से छात्रों के पास 100त्न तक छात्रवृत्ति प्राप्त करने का अवसर है। पीडब्ल्यूएनएसएटी के माध्यम से पीडब्ल्यू मेधावी छात्रों को 200 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान कर रहा है। परीक्षा ऑफ़लाइन और ऑनलाइन दोनों मोड में आयोजित की जाएगी। यह कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों के साथ ड्रॉपर्स के लिए भी उपलब्ध होगी, जो जेईई या नीट की तैयारी करने के इच्छुक हैं। पीडब्ल्यू एनएसएटी परीक्षा 1, 8 और 15 अक्टूबर 2023 को ऑफलाइन मोड में आयोजित की जाएगी और ऑनलाइन मोड में छात्र 1 से 15 अक्टूबर 2023 तक परीक्षा दे सकते हैं। परीक्षा के लिए पंजीकरण पीडब्ल्यू वेबसाइट, ऐप या निकटतम ऑफ़लाइन विद्यापीठ सेंटर पर 15 अक्टूबर, 2023 तक कराया जा सकता है। परीक्षा के परिणाम 20 अक्टूबर, 2023 को घोषित किए जाएंगे। इस शैक्षणिक सत्र के लिए क्लासेज़ अक्टूबर 2023 से शुरू होंगी। इस बीच, छात्र उनके शहर में शीघ्र खुल रहे विद्यापीठ सेंटर में स्थित सूचना केंद्रों पर जाकर प्रवेश, छात्रवृत्ति, पंजीकरण, पाठ्यक्रम, शुल्क, परामर्श और सम्बंधित अन्य जरूरी विषयों पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।




# चेकपोस्ट अरगड्डा निवासी एक महिला ने किया आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना रामगढ़ क्षेत्र के अरगड्डा चेकपोस्ट के समीप एक मकान में एक महिला ने छत के पंखे में फंदा लगा फांसी लगाकर आत्महत्या का मामला शुक्रवार को प्रकाश में आया हैं। बताया जाता है कि घटना गुरुवार देर संध्या घटी। सूचना मिलने के बाद रामगढ़ पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। साथ ही इस संबंध में मृतक महिला के पति रणवीर गुप्ता उर्फ मुन्ना से पूछताछ कर जांच पड़ताल में जुट गई। जानकारी के मुताबिक बीते गुरुवार दोपहर रणवीर गुप्ता उर्फ मुन्ना खाना खाकर भैंस चराने चेक पोस्ट के समीप टोंगरी जंगल की ओर चला गया। वापस लौटने के बाद घर का दरवाजा खट खटाया पर नहीं खुला। जिसे तोड़ने के बाद घटना का पता चला।

# प्राथमिक अभियुक्त को बरही पुलिस ने भेजा जेल

**बरही (हजारीबाग)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को बरही पुलिस ने थाना काण्ड संख्या 300/19, धारा 366( )/34 भादवि. के प्राथमिक अभियुक्त को पकड़ कर जेल भेज दिया। अभियुक्त अमित पांडे उर्फ अभिनाश पांडे पिता बागेश्वरी पांडे साकिन तिलोकरी थाना जयनगर जिला कोडरमा के निवासी है।

# रेफरल अस्पताल भरेचनगर का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने जिले के वरीय अधिकारियों के साथ रेफरल अस्पताल भरेचनगर का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने अस्पताल के माध्यम से लोगों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त ने अस्पताल के उपस्थिति पंजी की जांच करते हुए सभी चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों को ससमय अस्पताल में उपस्थित रहकर लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने ज्यादा से ज्यादा मरीजों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ देने का निर्देश दिया। इसके साथ ही निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से अस्पताल परिसर की चार दिवारी को लेकर भी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद सह अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़, कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी गोपनीय शाखा, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, प्रखंड विकास पदाधिकारी मांडू, अंचल अधिकारी मांडू, प्रशिक्षु कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद रामगढ़, नगर प्रबंधक नगर परिषद, रामगढ़ सहित अन्य उपस्थित थे।

# बजाज फाइनेंस फिक्स्ड डिपॉजिट 50,000 करोड़ रुपये के पार

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत की लीडिंग और डाइवर्सिफाइड नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों में शामिल, बजाज फिनसर्व ग्रुप की कंपनी बजाज फाइनेंस लिमिटेड (Bajaj Finance) ने कहा है कि उसकी फिक्स्ड डिपॉजिट बुक ने 50,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। बजाज फाइनेंस में 5 लाख जमाकर्ता (डिपॉजिटर्स) हैं, हर जमाकर्ता ने 2.87 डिपॉजिट्स रखी हैं, यानी कुल मिलाकर 1.4 मिलियन डिपॉजिट्स हैं। बजाज फाइनेंस को अपने लॉन्ग टर्म डेट प्रोग्राम (दीर्घकालिक उधारी कार्यक्रम) के लिए CRISIL (क्रिसिल), ICRA (इकरा), CARE (केयर) और इंडिया रेटिंग्स से हाइएस्ट क्रेडिट रेटिंग /स्टेबल, अपने शॉर्ट टर्म डेट प्रोग्राम (अल्पकालिक उधारी कार्यक्रम) के लिए CRISIL, ICRA और इंडिया रेटिंग्स से 1+ रेटिंग और अपने फिक्स्ड डिपॉजिट प्रोग्राम के लिए CRISIL और ICRA से (स्टेबल) की रेटिंग मिली है। बजाज फाइनेंस के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट - फिक्स्ड डिपॉजिट एंड इन्वेस्टमेंट , सचिन सिक्का ने कहा कि हमने अपने ग्राहकों के लिए आकर्षक ब्याज दरों पर लॉन्ग टर्म सेविंग्स समाधान पेश करने पर ध्यान केंद्रित किया है। हमारे फिक्स्ड डिपॉजिट पोर्टफोलियो की तेज ग्रोथ रही है, जो पिछले 2 सालों में दोगुनी हो गई है। यह बजाज फिनसर्व ब्रांड में ग्राहकों के भरोसे, डिजिटल रूप से फिक्स्ड डिपॉजिट की बुकिंग में आसानी और हमारी देशव्यापी उपस्थिति को दर्शाता है। बजाज फाइनेंस 44 महीने की अवधि के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट पर सबसे अधिक ब्याज दरों की पेशकश करता है।

# श्रमिक मैदान में पांच दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट प्रारंभ

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्रमिक मैदान सिरका-अरगड्डा में शुक्रवार को पांच दिवसीय फुंटबाल टूर्नामेंट का प्रारंभ किया गया। उद्घाटन मैच में नीलांबर पीतांबर टीम ने बेड़ियाई 11 को 1-0 से हराया। अवसर पर मुख्य रूप से आजसू के तिवारी महतो, विजय राम, सूरज, सुनील, ऋतिक, थापा संजय कई उपस्थित थे।

# चंद्रयान-3 के वैज्ञानिक सोहन यादव के माता-पिता को कांग्रेसियों ने किया सम्मानित



**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वैज्ञानिक सोहन यादव की मां देवकी देवी पिता घूरा यादव को कांग्रेस द्वारा सम्मानित करने का दौरा लगातार जारी है चंद्रयान 3 की सफलता के बाद आज उसके घर तपकरा मे खूँटी लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी सह पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा ने शॉल ओढ़ाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया । इस मौके पर कालीचरण मुंडा ने कहा कि तोरपा प्रखंड का एक छोटा सा गांव तपकरा के रहने वाले सोहन यादव ने झारखंड समेत पूरे देश का नाम रोशन किया है यह गर्व की बात है इस मौके पर कांग्रेस अल्पसंख्यक के जिला अध्यक्ष कैसर खान कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अजय गुप्ता प्रदेश सचिव पीटर मुंडु जिला उपाध्यक्ष तैयब अंसारी आदि थे ।

# लखनपुर के छात्रों को टिफिन में नहीं मिलता बिस्किट

## एमडीएम योजना में दाल की मात्रा होती है कम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** सदर प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय किस्मत लखनपुर की छात्र-छात्राएं टिफिन में मिलने वाले नास्ता से वंचित हो रहे है। इसमें प्रबंध समिति अध्यक्ष सलीम शेख की मनमानी बताई जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक सुबह टिफिन में छात्रों को बिस्किट देना है। लेकिन अध्यक्ष के द्वारा ऐसा नहीं किया जाता है। हालांकि यह कोई नहीं बात नहीं है। अध्यक्ष बनने के बाद से ही टिफिन नहीं दिया जाता है। अध्यक्ष की मनमानी की वजह से छात्रों को इस सरकारी लाभ से वंचित होना पड़ रहा है। नर्सरी एवं कक्षा तीन के छात्रों ने बताया कि उन्हें टिफिन में कभी भी बिस्किट नहीं मिलता है। यह भी जानकारी मिली कि सीआरपी के द्वारा कई बार छात्रों को टिफिन में बिस्किट



देने का सख्त निर्देश दिया। इसके बावजूद प्रबंध समिति अध्यक्ष सलीम शेख की मनमानी जारी है। वहीं एमडीएम योजना में दाल की मात्रा कम देखी गई। कुल उपस्थिति 460 छात्रों के लिए 20 ग्राम प्रति छात्र के हिसाब से 9 किलो 20 ग्राम दाल बनाना था। लेकिन सुबह लगभग 11ः00 बजे साढ़े चार किलो दाल ही बनाया जा रहा था। हालांकि अध्यक्ष का कहना था कि दाल दो बार में बनाते हैं। उन्होंने कहा कि पहला बार में साढ़े चार किलो दाल बनाया जा रहा है। इसके बाद बाकी का दाल भी बनाया जाएगा। अध्यक्ष की यह बात समझ से परे थी। क्योंकि जिस हंडी में दाल बन रहा था, उसमें एक साथ बाकी के दाल भी बनाए जा सकते थे। वहीं छात्रों ने चावल, सब्जी और अंडे नियमित रूप से मिलने की बात कही।

# बरही में दिव्यांगजनों के लिए जांच-सह उपकरण वितरण शिविर का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही (हजारीबाग):** झारखंड शिक्षा परियोजना जिला हजारीबाग के बरही प्रखंड संसाधन केन्द्र बरही के द्वारा सहायक उपकरण हेतु जांच-सह- उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर बालक मध्य विधालय बरही के प्रांगण में लगाया गया। जिसका विधिवत् उद्घघाटन अलिमको स्वाति लिन,अलिमको वर्षव महापात्रा, बरही विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग के रिजवान अली, बरही पुर्वी मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, कोनरा उपमुखिया प्रतिनिधि मो. इजहार, शिक्षक उपेन्द्र शर्मा, ब्रजभुषण कुमार, पुनम सिन्हा, नीलु कुमारी, विधालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जियाउल हक, अभिषेक शर्मा आदि के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर




किया गया। शिविर में दर्जनों दिव्यांगो के बीच व्हील चीयर, बैशाखी, ध्वनी यंत्र आदि का वितरण किया गया। साथ ही नए दिव्यांग जनों का रजिस्ट्रेशन किया गया। जिसमें बरही प्रखंड के अलावे चौपारण एवं बरकठ्ठा प्रखंड के दिव्यांग जन शामिल हुए। विधायक प्रतिनिधि रिजवान अली के द्वारा विभागीय अधिकारियों से बात करने पर बताया गया की नए रजिस्ट्रेशन करवाने वाले दिव्यांगों को अगले वर्ष प्रखंड स्तर पर शिविर लगा कर उपकरण का वितरण किया जाऐगा । शिविर में अतिथियों के अलावे शिक्षक अशोक राम, संदीप कुमार, तुफैल आजाद, विनय हेम्ब्रम, मो0 सनौवर, हसना प्रवीण, शहिदा खातुन, अर्पणा प्रसाद, डाटा ऑपरेटर अभिषेक शर्मा, विनोद कुमार वर्मा आदि उपस्थित थे।

# संकल्प यात्रा के माध्यम से हो रहें हैं कई पर्दाफाश : कर्मवीर सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** संकल्प यात्रा के चौथे चरण की तैयारी को लेकर हज़ारीबाग़ में भारतीय जनता पार्टी की अहम बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि हेमंत सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार के ख़िलाफ़ चल रहे संकल्प यात्रा में आम लोगों का भारी जनसमर्थन मिल रहा है। प्रदेश की जनता भ्रष्ट हेमंत सरकार से तंग आ चुकी है। उन्होंने कहा कि संकल्प यात्रा के माध्यम से हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार का पर्दाफ़ाश हो रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि चौथा चरण 9 सितंबर से 16 सितंबर तक होना है। इस चौथे चरण के दौरान संकल्प यात्रा में बूथ और शक्ति केंद्र को मज़बूत करते हुए बूथ व शक्ति केंद्र के सदस्यों को भी यात्रा से जोड़ना है। बैठक के दौरान उन्होंने व्यवस्था से संबंधित भी चर्चा किया। संकल्प यात्रा को सफल बनाने के साथ साथ मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम को लेकर भी चर्चा किया। श्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि आगामी 1-13 सितंबर तक गांव गांव में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत सभी गांव से मिट्टी लेकर प्रखंड मुख्यालय पहुँचना है। शाहिद के गांव में, स्कूलों में, तालाब के किनारे वृक्षारोपण कार्यक्रम भी चलाना है। जबकि 3-13 अक्टूबर तक प्रखंड मुख्यालय में गाँवों से एकत्रित मिट्टी को जमा करना है इसके बाद 25-28 अक्टूबर तक प्रखंड मुख्यालयों में एकत्रित हुए 264 प्रखण्डों के मिट्टी को राजधानी राँची में एकत्र करना है जिसे 29-30 अक्टूबर को प्रत्येक प्रखंड से दस से पंद्रह की संख्या में लोग दिल्ली लेकर जाएँगे और कर्तव्य पथ पर यहाँ के गांव की मिट्टी से वृक्ष लगायेंगे। कर्तव्य पथ पर देश के 7500 प्रखण्डों के मिट्टी से पेड़ लगाया जायेगा। उन्होंने कहा कि मेरा माटी मेरा देश और संकल्प यात्रा झारखंड में ऐतिहासिक होगा। कर्तव्य पथ पर झारखंड के सभी गाँवों की मिट्टी अपना रंग बिखेरेगी। कर्तव्य पथ को हरा भरा करेगी।

# हटिया-पुर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस का ठहराव चौबे रेलवे स्टेशन पर हुआ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरकट्ठा (हजारीबाग):** धनबाद रेल मंडल अन्तर्गत बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के चलकुशा प्रखंड़ के चौबे रेलवे रेलवे स्टेशन में हटिया-पुर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस का ठहराव हुआ। इस अवसर पर बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र रेल आंदोलन के जनक,व पूर्व विधायक, बरकट्ठा जानकी प्रसाद यादव ने चौबे स्थित रेल आंदोलन में शहीद हुए स्व- मनोज चौधरी के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किए।चौबे रेलवे स्टेशन पर हटिया-पुर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस का ठहराव से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। ज्ञात हो कि वर्षो से विभिन्न मांगों को लेकर स्व जयदेव चौधरी ने अनेको बार आंदोलन व रेल चक्का जाम किया गया। बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक श्री यादव अनेकों अवसर पर कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ करते थे। पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि आज ट्रेन के ठहराव से हम सबों के आंदोलन का परिणाम निकला वहीं रेल आंदोलन में शहीद हुए स्व. मनोज चौधरी व उनके साथियों को सच्ची श्रद्धांजलि मिली।मौके पर स्थानीय जिला परिषद सदस्य सबिता सिंह,प्रमुख प्रतिनिधि दीपक उर्फ दीपू चौधरी,पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि केदार यादव मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह,पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष दशरथ यादव,आदि थे ।

# टूटी झरना मंदिर का उपायुक्त ने किया निरीक्षण, पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने को लेकर दिए कई निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** शुक्रवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने रामगढ़ के प्रसिद्ध टूटी झरना मंदिर का निरीक्षण किया। मौके पर उपायुक्त ने मंदिर को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने को लेकर कई निर्देश अधिकारियों को दिए।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने मंदिर परिसर को अतिक्रमण से बचाने के उद्देश्य से चार दिवारी का कार्य करने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने स्थानीय लोगों से मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं सहित अन्य आवश्यक विषयों पर चर्चा करते हुए मंदिर परिसर को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने के उद्देश्य से कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी गोपनीय शाखा विशाल कुमार को मंदिर परिसर के समीप विभिन्न प्रकार के मेलों के आयोजन व अन्य पर्यटन संभावित कार्यो को लेकर योजना बनाने का निर्देश दिया।टूटी झरना मंदिर में विवाह व सावन के अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों के आने के मद्देनजर उपायुक्त ने कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद सह अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन को विवाह के सीजन व विशेष अवसरों पर मंदिर परिसर में अस्थाई रूप से दुकानें स्थापित कर स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर उपायुक्त ने पूरे मंदिर परिसर का निरीक्षण कर विवाह भवन, प्रशासनिक भवन आदि का जायजा लिया वहीं उन्होंने मंदिर में साफ सफाई बनाए ।

# शाह कालोनी पंचायत के मुखिया का हृदय गति रुकने से हुई मौत प्रखंड कार्यालय में श्रद्धांजलि देने के बाद बैठक स्थगित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातु :** पतरातू प्रखंड अंतर्गत शाह कालोनी पंचायत के मुखिया पिंकी खातून का हृदय गति रुक जाने से मौत हो गई। वहीं मुखिया पिंकी खातून के निधन होने से पूरे क्षेत्र के साथ प्रखंड कार्यालय में शोक की लहर दौड़ गई। मुखिया के निधन के खबर मिलते ही पतरातू बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता अंचल अधिकारी शिव शंकर पांडे क्षेत्र के दर्जनों मुखिया,जनप्रतिनिधि और सैकड़ों गणमान्य लोग उनके शाह कालोनी स्थित आवास पर पहुंचे।बताते चले की कल प्रखंड परिसर की वर्किंग हाल में सी एस आर मद के तहत ग्रामीण क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों की समीक्षा बैठक होनी थी जिसमें पतरातू प्रखंड के सभी अधिकारियों के साथ सभी मुखिया वर्किंग हाल में उपस्थित थे।मुखिया पिंकी खातून की निधन की खबर मिलते ही सबसे पहले बैठक स्थगित की गई एवं



मुखिया पिंकी खातून को श्रद्धांजलि दी गई श्रद्धांजलि के बाद अगली बैठक 29/08/2023 को राखी गई।तथा अधिकारी व क्षेत्र के सभी मुखिया उनके पति सोनी खान सहित उनके पूरे परिवार से मिलाकर अपार दुःख प्रकट करते हुए सांत्वना दी गई। बताया जाता है कि मुखिया पिंकी खातून कुछ दिनों से बीमार थी। साथ ही वह अपना इलाज रांची के मेडिका में इलाजरत थी। जहां पर इलाज के दौरान ही उनका हृदय गति रुक जाने से मौत हो गई। वह अपने पीछे बारह वर्षीय पुत्री पलक,छह वर्षीय पुत्र आयान सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई है।इधर मुखिया पिंकी खातून की जनाजे की नमाज में सैकड़ों लोग शामिल हुए।इसके बाद पीटीपीएस मस्जिद कॉलोनी कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया। मौके पर पूर्व मुखिया वीरेंद्र झा किशोर कुमार,नूतन सिंह,श्यामली महाता,प्रीति झा,राहुल रंजन, राजू कुमार,दिलीप कुमार, समाजसेवी वारिस खान,एम रहमान, बैजनाथ राय, ऋषि राज भंडारी, भाजपा नेता महेंद्र महतो, विजय राय,धर्मेंद्र सिंह, गणेश ठाकुर, कांग्रेस नेता सुजीत कुमार पटेल, जयप्रकाश सिंह, अजीत कुमार, आजसू नेता नित्यानंद कुमार,आदि थे ।

# विस्थापित क्षेत्र के ग्रामीण व समिति की मांगो को पूरा करना होगा, वरना किया जाएगा संघर्ष : अंबा प्रसाद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** कर्णपुरा खनन विस्थापित विकास समिति के तत्वाधान में स्थानीय लोगों को रोजगार दिलाने के उद्देश्य से एक अहम बैठक दिन शुक्रवार को बड़कागांव प्रखंड सभागार में आहुत हुई।उक्त बैठक में मुख्य रूप से स्थानीय विधायक सह समिति की संरक्षक अंबा प्रसाद, उपायुक्त हजारीबाग द्वारा नामित प्रतिनिधि अपर समाहर्ता राकेश रोशन, एनटीपीसी के अधिकारी अमित अस्थाना, प्रशांत सिंह एवं त्रिवेणी कंपनी के उत्तम झा, मयूर सिंह, मुखियागण सहित क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे ने की। विधायक अंबा प्रसाद द्वारा स्थानीय विस्थापित प्रभावित को रोजगार में प्राथमिकता प्रदान करने की मांग की, जिस पर कंपनी प्रबंधन की ओर से प्रशांत सिंह



ने बताया कि कुल 2800 परियोजना प्रभावित लोगों को रोजगार से जोड़ा गया है और लगभग 519 हजारीबाग एवं 700 लोग राज्य के बाहर के कर्मी कार्य कर रहे हैं। वही उत्तम झा ने कहा कि 75त्न स्थानीय लोगों को रोजगार देने के लिए सरकार का जो आदेश है, उस पर पहल की जाएगी।विधायक ने कहा की स्थानीय विस्थापित प्रभावित लोगों को रोजगार में 80 प्रतिशत प्राथमिकता प्रदान किया जाए जिस पर कंपनी प्रबंधन ने विधायक को आस्वस्त किया कि स्थानीय विस्थापितों को वीटीसी ट्रेनिंग करवा कर कंपनी में रोजगार से जोड़ने का कार्य किया जाएगा और इस कड़ी में बाहरी कामगारों को रिप्लेस करने की शुरुआत की जाएगी।कंपनी प्रबंधन ने कहा कि सर्वप्रथम विस्थापित पंचायत के स्किल्ड एवं सेमी स्किल्ड रैयतों को रोजगार में प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। कंपनी प्रबंधन ने बताया कि आगामी एक महीने में 300 लोगों को रोजगार से जोड़ने की शुरुआत की जाएगी।

## युवा शक्ति फाउंडेशन के संस्थापक ने 25वां जन्मदिन के अवसर पर प्लस टू शहरपुरा में किया पौधा वितरण



**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड में संचालित संगठन युवा शक्ति फाउंडेशन के संस्थापक शिव कुमार के 25वां जन्मदिन के अवसर पर जमुआ प्रखंड क्षेत्र स्थित उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय शहरपूरा में शुक्रवार को छात्राओं के बीच फलदार पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के शिक्षक देवेंद्र प्रसाद वर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए पर्यावरण के बारे में विस्तार पूर्वक बताया इसके साथ ही कई खोरठा गीत प्रस्तुत किया। मुख्य रूप से इनके जन्मदिन के अवसर पर कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सह जमुआ विधानसभा कांग्रेस नेत्री डॉक्टर मंजू कुमारी ने कही पर्यावरण हम मनुष्य के साथ सभी सजीव प्राणियों के लिए अति आवश्यक है अगर पर्यावरण है तो हम है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमित कुमार त्रिपाठी ने शुभकामना देते हुए कहा जन्मदिन के अवसर पर इस तरह का कार्यक्रम नेक पहल है इसके साथ ही युवा शक्ति फाउंडेशन से बाल विवाह पर रोक लगाने की भी अपील किया। वही युवा शक्ति फाउंडेशन के संस्थापक शिव कुमार ने कहा मैं लगातार सामाजिक कार्यो में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेता हूं के साथ ही जन्मदिन के अवसर पर पौधा वितरण करके लोगों से पौधा लगाने की अपील किया इसके साथ ही लड़कियों से कही पेड़ पौधा एवं कुछ अधिकार फल ही आपको हमेशा अपने घरों की ओर आकर्षित करती है एवं अधिकार फल होता है। अंत में विद्यालय के बच्चों के बीच लगभग सैकड़ो हालदार पौधा वितरण किया गया । विद्यालय प्रांगण में प्रधानाध्यापक शिक्षक एवं छात्रों के साथ युवा शक्ति फाउंडेशन के सदस्यों ने पौधा लगाया।

## झामुमो जिला परिवार नागेश्वर सिंह के निधन से क्षेत्र में मर्माहत



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झामुमो के चिन्हित आंदोलनकारी सह पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य बेंगाबाद प्रखंड के नागेश्वर सिंह उर्फ नागों सिंह का हृदयाघात के कारण बीते दिन मृत्यु होने से झामुमों जिला परिवार गिरिडीह मर्माहत है। मौके पर विधायक सरफराज अहमद, विधायक सुदीव्य कुमार सोनू, अजय झा, राजेश शर्मा, पीतांबर झा समेत बेंगाबाद एवं जिला के झामुमो परिवार व अन्य सामाजिक और राजनीतिक दल उनके आवास पहुंच उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना कर शोक संतप्त परिवार को संबल प्रदान किए। वहीं विधायक ने कहा कि इस दुःख की घड़ी में झामुमो गिरिडीह जिला इनके परिवार के साथ सहानुभूति पूर्वक साथ है।

## जयराम महतो से मिले समाजसेवी आदित्य राज गयाली



**मधुबन(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 1932 खतियान एवं 60/40 निति के खिलाफ झारखंड मूल निवासी, गरीब मजदूरो, आदिवासियो युवा छात्रो के हक की आवाज उठाने वाले जेबीकेएसएस के झारखंड युवा जयराम महतो से उनके टीम के बुलावे पर सिनीडीह ब्रह्मांडीहा के समाजसेवी एवं स्वस्तिक ग्रुप ट्रस्ट के अध्यक्ष आदित्य राज गयाली जयराम महतो के पैतृक गांव जाकर एक औपचारिक मुलाकात की और अपने क्षेत्र के कई क्षेत्रीय समस्याओं और प्रवासी मजदूरो के हितों पर कि चर्चा, राष्ट्रीय छात्र शिक्षा एवं समाजसेवी संस्था स्वस्तिक ग्रुप ट्रस्ट के समाजिक कार्यो के बारे में भी बताया व सभी साथियों के तरफ से अपने गांव ब्रह्माण्डीहा सिनिडीह आने का निमंत्रण दिया मौके पर सिंटू गयाली, विनोद महतो, मुकेश महतो, नवीन कुमार, अजीत कुमार आदि उपस्थित थे ।

## राजेश ठाकुर का दो साल का कार्यकाल पूरा, काटा गया केक



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रांची प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के 2 साल के कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष में केक काटा गया एवं गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया गया। सभी कांग्रेस जनों ने एक स्वर में कहा कि राजेश ठाकुर के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सम्मान मिला है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। संगठन काफी मजबूत रूप से कम कर रही है एवं आने वाले 2024 में राजेश ठाकुर जी के नेतृत्व में झारखंड में कांग्रेस का परचम लहराएगा। इस अवसर पर धनबाद से शामिल होने वाले में मुख्य रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य मदन महतो, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव शमशेर आलम, सोशल मीडिया के स्टेट के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह, प्रदेश प्रतिनिधि मनोज यादव, ओ.बी.सी विभाग के स्टेट कोऑर्डिनेटर कार्तिक घोष एवं अशोक महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम में श्रेष्ठ नेत्र चिकित्सालय, सरायढेला, धनबाद के सौजन्य से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। कैम्प का शुभारंभ समाजसेवी संजीव गुप्ता, रूबी गुप्ता, लिबर्टी के संचालक विकास भाटिया तथा सचिव अनिता अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर के किया।



# ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, पत्नी की मौत, पति व बेटा घायल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** शुक्रवार को गिरिडीह-बेंगाबाद रोड में गिरिडीह कॉलेज के समीप को अनाज लोड ट्रक के चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई जबकि इस दौरान महिला के पति प्रमोद हजाम और बच्चा गंभीर रूप से घायल है. फिलहाल दोनो का इलाज चल रहा है. महिला की पहचान 30 वर्षीय कंचन देवी के रूप में हुई है. मिली जानकारी के अनुसार गिरिडीह कॉलेज के समीप गांव प्रात्दीह से प्रमोद हज्जाम अपनी पत्नी और बच्चे के साथ बाइक से मधुपुर जा रहा था । बाइक से घर से निकले ही थे, कि गादी के रैक प्वाइंट से अनाज लोड ट्रक बेरगी के एफसीआई गोदाम जा रहा था. इसी दौरान अनाज लोड ट्रक ने प्रमोद के बाइक को पीछे से टक्कर मार दिया। इसे बाइक ही पूरा सड़क पर रगड़ा गया।

जिसमे प्रमोद की पत्नी कंचन देवी की मौत मौके पर हो गई। जबकि प्रमोद और उसका बच्चा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इधर घटना के बाद पुलिस सहयता केंद्र के एएसआई प्रमोद सिंह भी घटनास्थल पहुंच कर अनाज लोड ट्रक को जब्त कर लिया। जानकारी के अनुशार ट्रक चालक शराब के नसे में था, और तेज गति से गादी रैक प्वाइंट से अनाज लोड कर द्बष्द्ब गोदाम जा रहा था। जिसके कारण चालक ने पीछे से बाइक को टक्कर मारा।

## ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** जिले के जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के फुसबंगला रेलवे क्रॉसिंग के पास शुक्रवार की सुबह ट्रक की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जिसके बाद गुस्साए स्थानीय लोगों ने टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सड़क को पूरी तरह जाम कर दिया गया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि फुसबंगला रेलवे क्रॉसिंग के निकट रैक में सीमेंट लोडिंग करने के लिए ट्रकों की होड़ मची रहती है। इसी दौरान ट्रक संख्या बीआर 25 जी 1281 की चपेट में बाइक सवार समीद खान की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। समीद खान बोकारो का रहने वाला था। वह अपने ससुराल रमजान नगर पहुंचे थे। इसी दौरान ट्रक के चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। इधर, जोड़ापोखर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। वही ट्रक को जप्त कर थाने ले जाया गया है।

## धनबाद में चली गोली व बम

### कोयला माफिया की करतूत से स्थानीय ग्रामीण आक्रोशित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिले के महुदा स्थित भाटडीह ओपी थाना क्षेत्र के पारजोरिया में गुरुवार की देर रात गोली चलने और बमबाजी की घटना हुई। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि देर रात लगभग 2 से 3 बजे के बीच कोयला माफिया के द्वारा बम और गोली चलाई गई जिससे स्थानीय ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि अवैध कोयला को रोकने के लिए बीते दो दिनों से स्थानीय ग्रामीणों की ओर से हीरक रोड पर धरना दिया जा रहा था। इस संबंध में स्थानीय पुलिस को भी कई बार सूचना दी गई लेकिन भाटडीह पुलिस मौन रही। वहीं घटना होने के कई घंटो बाद ही पुलिस मौके पर पहुंची। फिलहाल पुलिस बल मौके पर मौजूद है।

## हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन पर अजमेर-सियालदाह एक्सप्रेस रुकी, लोगों ने किया स्वागत

### अमृत स्टेशन के तहत भी चल रहा करोड़ों का विकास कार्य

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन में सुबह 9:15 मिनट पर सियालदाह अजमेर एक्सप्रेस आने की सूचना होते ही स्टेशन परिसर भारत माता की जयकारे से गूंज उठा। बताते चले की 25 अगस्त शुक्रवार से रेलवे बोर्ड द्वारा सरिया वासियों की वर्षो पुरानी मांग को पूरा करते हुए सियालदाह अजमेर एक्सप्रेस का ठहराव चालू किया गया। ट्रेन अपने नियत समय से स्टेशन पहुंचते ही स्वागत में खड़े सैकड़ों लोग खुशी से झूम उठे। सभी लोग ट्रेन के ड्राइवर , गार्ड एवम ट्रेन में सवार रेल यात्री ,रेलवे के अधिकारी को मिठाई खिला कर, बुके देकर, माला पहनाकर स्वागत को आतुर दिखे। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से बगोदर के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो ,जिप उपाधयक्ष सह सांसद प्रतिनिधि छोटेलाल यादव एवम रेल यात्री सुविधा संघ की अगुवाई में स्वागत सह सम्मान समारोह कार्यक्रम की गई। सबसे पहले सबसे पहले बगोदर के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो ट्रेन के चालक, उपचालक को पुष्प गुच्छ देकर एवम मिठाई खिलाकर, माला पहनकर स्वागत किया। इसके बाद चालक को सम्मानित करने का लोगों का हुजूम उमड पड़ा । सभी लोग ट्रेन की इंजन में प्रवेश कर चालक व उप चालक का एक झलक पाकर इस कार्य के लिए उन्हें सम्मानित करने चाह रहे थे। लोगों का उत्साह देखकर यह प्रतीत हो रहा था कि आज सरिया में अपने संघर्षो और कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी के पल




पर और रेलवे मंत्रालय की मंजूरी के बाद प्राप्त की है। वहीं रेल यात्रियों में भी काफी उत्साह देखा गया। पहली बार सियालदह अजमेर एक्सप्रेस के ठहराव के दिन से ही लगभग तीन दर्जन लोगों ने विभिन्न स्टेशनों के लिए रेलवे टिकट कटा कर पहली यात्रा का सुखद अनुभव उठाया। और ए सभी यात्री ट्रेन की गेट पर से सभी लोगों का हाथ हिलाकर अभिभावदान कर मानो बताना चाह रहे थे कि आज पुनः हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन की सफलता में एक और उपलब्धि जुड़ गया है ।

# सुगम आवागमन को लेकर पूर्व मध्य रेल ने किया विशेष प्रबंध

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** बिहार में आयोजित की जा रही परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यिर्थियों के सुगम आवागमन की सुविधा मुहैया कराने हेतु पूर्व मध्य रेल द्वारा निम्नलिखित प्रबंध किए गए हैं - परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु दिनांक 25.08.23 एवं 26.08.2023 को गया-पं.दीन दयाल उपाध्याय जं. रेलखंड पर किए गए प्रबंध -

1. पं.दीन दयाल उपाध्याय परीक्षा स्पेशल-1 - यह परीक्षा स्पेशल दिनांक 25 एवं 26.08.2023 को गया से 15.00 बजे खुलकर 20.00 बजे पं.दीनदयाल उपाध्याय जं. पहुंचेगी।

2. पं.दीन दयाल उपाध्याय परीक्षा स्पेशल-2 - यह परीक्षा स्पेशल दिनांक 25 एवं 26.08.2023 को गया से 18.45 बजे खुलकर 23.45 बजे पं.दीनदयाल उपाध्याय जं. पहुंचेगी ।

**दिनांक 25.08.23 एवं 26.08.2023 को गया-पटना रेलखंड पर किए गए प्रबंध :-**

1. 03276 गया-पटना स्पेशल 12.45 बजे के बजाए 13.00 बजे खुलेगी ।

2. 03214 गया-पटना स्पेशल 13.45 बजे के बजाए 14.45 बजे खुलेगी ।

3. 03274 गया-पटना स्पेशल 18.00 बजे के बजाए 18.30 बजे खुलेगी ।

4. 03354 गया-पटना स्पेशल 18.45 बजे के बजाए 19.00 बजे खुलेगी ।

**दिनांक 25.08.23 एवं 26.08.2023 को सासाराम-आरा रेलखंड पर किए गए प्रबंध -**

1. 03674 सासाराम-आरा स्पेशल 17.00 बजे के बजाए 18.00 बजे खुलेगी ।

2. 13250 भभुआ रोड-पटना एक्सप्रेस भभुआ रोड से अपने नियत समय पर प्रस्थान कर सासाराम से यह ट्रेन 12.30 बजे के बजाए 13.00 बजे खुलेगी ।

**दिनांक 25.08.23 एवं 26.08.2023 को सोनपुर मंडल में किए गए प्रबंध -**

1. सोनपुर परीक्षा स्पेशल-1 :- यह परीक्षा स्पेशल दिनांक 25 एवं 26.08.2023 को मुजफ्फरपुर से 19.30 बजे खुलकर 23.00 बजे बेतिया पहुंचेगी तथा बेतिया से 23.30 बजे खुलकर 03.30 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी ।

2. दिनांक 26.08.2023 को 18.30 बजे मुजफ्फरपुर से पटना के लिए परीक्षा स्पेशल परिचालित की जाएगी ।

3. 05265 दरभंगा-पाटलिपुत्र स्पेशल दरभंगा से 120 मिनट विलंब से खुलेगी तथा मुजफ्फरपुर से यह स्पेशल 16.50 बजे के बजाए 19.00 बजे पाटलिपुत्र के लिए खुलेगी ।

## सैकड़ों महिलाएं भाजपा में हुई शामिल



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झरिया पोद्दार पाड़ा की सैकड़ों महिलाओं ने भाजपा एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह में अपनी आस्था व्यक्त करते हुए झरिया कतरास मोड़ स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा का दामन थामा जहा रागिनी सिंह ने उपस्थित सभी महिला सदस्यों को माला व भाजपा का पट्टा पहना कर पार्टी में स्वागत किया। वही इस दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए रागिनी सिंह ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस गठबंधन की सरकार से लोगो का विश्वास उठ गया है।आज महिलाएं अपने आप को सुरक्षित नही समझती इसलिए उन्हें पूर्ण विश्वास है कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसमे सभी अपने आप को सुरक्षित महसूस करते है। वही रागिनी सिंह ने सभी महिला सदस्यों को भाजपा में शामिल होने को लेकर बधाई दी।

# कोड़ा गैंग के अपराधियों ने की थी नटराज चौक के पास लुटपाट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह शहरी क्षेत्र के एसबीआई ब्रांच से बीते 18 अगस्त को कोडरमा के मरकच्चो निवासी दंपती से 1.40 लाख लूटने वाले गिरोह के एक अपराधी को नगर थाना पुलिस ने तिसरी और गांवा थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाके घघरीकुरा और सांख के समीप से दबोचा है. गिरफ्तार अपराधी मनीष यादव के पास से एक हथियार भी बरामद होने की बात जा रही है. हालांकि गिरफ्तारी की अब तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है. गिरफ्तार अपराधी मनीष यादव का फोटो पुलिस ने घटना के बाद जारी किया था. नगर थाना पुलिस की मानें तो गिरफ्तार अपराधी मनीष यादव का संबंध कोढ़ा गिरोह से जुड़ा हुआ है और इसी गिरोह के अन्य लोगों के साथ मिलकर मनीष यादव ने लूट की घटना को अंजाम दिया था। बताया जा रहा है कि मामले की छानबीन के दौरान ही एसपी दीपक कुमार शर्मा को मिले गुप्त सूचना के आधार पर तिसरी गांवा के सीमावर्ती इलाके से मनीष यादव को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है. मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अपराधी मनीष यादव की निशानदेही पर नगर थाना पुलिस के एसआई प्रशांत कुमार फिलहाल गांवा थाना पुलिस के सहयोग से छापेमारी कर रहे हैं. लिहाजा माना जा रहा है कि शुक्रवार देर शाम तक पुलिस को कुछ और उपलब्धि मिल सकती है और उसके बाद पुलिस मामले का विस्तृत खुलासा कर सकती है।

## शिवलीबाड़ी में मिट्टी का घर बारिश में ढहा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**निरसा :** एगारकुण्ड प्रखंड अंतर्गत शिवलीबाड़ी पुरब पंचायत अंसार मोहल्ला निवासी आईना बाउरी के मिट्टी के घर का चार दिवारी बीती रात हुई बारिश में भरभरा कर गिर गया। जिससे उसके घर मे रखा खाद्य सामग्री सहित टीवी, पंखा व अन्य सारा सामान दब कर खराब हो गया। घटना की सूचना मुखिया तनवीर आलम को मिलते ही वे पीड़ित परिवार से मिलकर ढांढस बंधाए।



कहा कि यह परिवार यहां करीब 100 वर्षो से निवास कर रहा है। बर्तन बासन धोकर अपना एवं अपने परिवार का भरण पोषण कर रही है। इसके दो बेटी एवं एक बेटा है। बेटा विकलांग होने के कारण ज्यादा कुछ नही कर पाता है। बताया कि सरकारी जमीन पर बसे रहने के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना से भी यह परिवार वंचित रहा है। इस बार भूमिहीन की सूची में डाल कर इनका प्रधानमंत्री आवास दिलवाने के लिये भरपूर प्रयास करूंगा।

## इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार भारी मतों से होंगी विजयी : मंत्री चंपई सोरेन

**डुमरी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड के परिवहन एवं आदिवासी कल्याण मंत्री चंपई सोरेन ने शुक्रवार को बेरमो मोड़ के समीप स्थित आइएनडीआइए गठबंधन के झामुमो कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि दिवंगत जगरनाथ बाबू हमेशा डुमरी विधानसभा की जनता के सुख दुख में साथ रहते थे,जनता के हित के लिए कोई भी काम को उसे पूरा करके ही दम लेते थे।जनता के बीच जगरनाथ बाबू के विश्वास एवं पार्टी के विश्वास का परिणाम है कि यहां की जनता झामुमो प्रत्याशी सह जगरनाथ बाबू के पत्नी बेबी देवी को अधिक से अधिक मतों से जीत दिलाने के काम करेगी।कहा कि हमारी सरकार कोरोना कल में फंसे प्रवासी मजदूरों को हवाई जहाज से घर तक पहुंचाने का काम किया साथ ही अनाज मुहैया करवाने का काम किया। कहा कि दो साल कोरोना से प्रभावित रहने के बाद डेढ़ वर्ष की कार्यकाल में हमारी सरकार ने इतना काम किया जो धरातल में दिखता है और सभी जनता भी देख रहे है,इन कामों को देखकर आजसू और बीजेपी गठबंधन की जड़े हिल रही है एवं घबरा रही है।कहा कि एनडीए गठबंधन की सरकार कई साल तक झारखंड में रही पर कोई भी विकास का काम नहीं किया।

## टुंडी : उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के पुरनाडीह पंचायत अंतर्गत प्रतापपुर बराकर नदी किनारे सरकारी जमीन में आज उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का शिलान्यास जिला परिषद अध्यक्षा धनबाद शारदा सिंह एवं जिला परिषद सदस्य मीना हेंब्रम के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। प्राप्त समाचार के अनुसार टुंडी के प्रतापपुर बराकर नदी किनारे सरकारी जमीन में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का शिलान्यास आज होते ही विभिन्न गांव के ग्रामीणों में काफी खुशी देखी जा रही है। इस उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण होने से यहां



के ग्रामीण जनता को काफी सहूलियत होगी एवं एक अच्छे इलाज होने की पूरी उम्मीद लोगों ने कर रखा है अपना भवन नहीं होने पर कभी आंगनवाड़ी में तो कभी स्कूलों में केंद्र चलाया जाता था आज अपना भवन हो जाने से कई प्रकार की सुविधा आम जानते के साथ-साथ राहगीरों को भी मिलेगा। आज के इस शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्षा शारदा सिंह ,जिला परिषद सदस्या मीना हेंब्रम ,भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपाल पांडे ,काली प्रसाद पांडे ,प्रधानाध्यापक त्रिलोचन पांडे ,पैक्स अध्यक्ष पुरनाडीह अनिल राम, टुंडी प्रमुख प्रतिनिधि अजय मुर्मू, राज नारायण पांडे ,समाजसेवी तारणी पांडे, गगन पांडे ,रंजीत पांडे,रूपेश पांडे, बबलू पांडे ,संवेदक शंकर भगत, समेत सैकड़ो ग्रामीण जनता मौके पर उपस्थित थे।

झारखंड स्टेट ओपन एक्वेटिक स्पोर्ट्स मीट का भव्य आयोजन किया गया

## लोहरदगा में शीघ्र आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्विमिंग पूल का होगा निर्माण : धीरज प्रसाद साहू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड स्टेट ओपन एक्वेटिक स्पोर्ट्स मीट लोहरदगा-2023 का भव्य आयोजन 24 अगस्त किया गया।यह आयोजन लोहरदगा जिला स्विमिंग एसोसिएशन के तत्वावधान और एफडी इंटरप्राइजेज लोहरदगा सौजन्य से देश आजादी के अमृत महोत्सव के आयोजित किया गया। इसमें राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू मुख्य अतिथि थे। जिले के उपायुक्त डॉ बाघमारे कृष्ण प्रसाद, पुलिस कप्तान आर रामकुमार विशिष्ट अतिथि और सिविल एसडीओ अरविंद कुमार लाल, नगर पर्षद प्रशासक देवेंद्र कुमार अतिथि के तौर पर शामिल हुए। इस मौके पर सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि लोहरदगा में शीघ्र आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्विमिंग पूल का



निर्माण किया जाएगा। अगले साल इस स्विमिंग पूल में तैराकी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। लोहरदगा में राइफल शूंटिंग क्लब बन कर तैयार हो गया है। इसके उद्घाटन में राज्यसभा सदस्य पूर्व क्रिकेटर मनिंदर सिंह आएंगे। प्रतियोगिता में 300 मी फ्री स्टाइल बालक- बालिका, 50 गुना 4 मी एम आई स्ट्रोक बॉयज-गर्ल्स, बैकस्ट्रोक 100 मी बॉयज-गर्ल्स, बटरफ्लाई 100 मी बॉयज-गर्ल्स,बैकस्ट्रोक 100 मी बॉयज-गर्ल्स,ट्यूब रेस,बोट रेस,वाटर पोलो आदि का आयोजन किया गया। जमशेदपुर के दीपांशु सिंह को इंडिविजुअल का मैन ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब दिया गया। वहीं बालिका वर्ग में अतासी कुमार को यह अवार्ड दिया गया। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार हैं - 300 मी थ्री स्टाइल तैराकी प्रतियोगिता बालिका वर्ग प्रथम अतासी कुमार, द्वितीय आरती कुमारी,प्रथमी सिंह सरदार। बालक वर्ग- दीपांशु सिंह, अमन जयसवाल, राहुल नायर। लोहरदगा के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में इमरोज खान, दीपक साहू, अफसर आलम और दिनेश पांडेय क्रमशः अव्वल रहे। 50 गुना चार मी एम आई स्ट्रोक इवेंट में दीपांशु सिंह, अमन जयसवाल, साहिल नायर क्रमशः अव्वल रहे। इस वर्ग के बालिका इवेंट में अतासी कुमार,प्राथमी सिंह सरदार और आरती कच्छप अव्वल रहे। बैकस्ट्रोक बालक वर्ग- दीपांशु सिंह, अनूप मुंडा, अमन जयसवाल। बालिका वर्ग में अतासी कुमार, शबाना कुमारी,श्वेता लकड़ा क्रमशः अव्वल अव्वल रही। बटरफ्लाई 100 मी- दीपांशु सिंह, अनूप मुंडा,अमन जयसवाल क्रमशः अव्वल रहे। बालिका वर्ग में आरती कुमारी प्राथमी सिंह सरदार और कुमारी रिष्टा राज अव्वल रही। 100 मी ब्रेस्ट स्ट्रोक बालक वर्ग में अभिषेक कुमार महतो,राहुल नायर, दीपक महतो। बालिका वर्ग में आरती कच्छप, नैना कुमारी, प्रिया उरांव क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। ट्यूब रेस में सूरज जायसवाल, अफसर आलम, विकास मुंडा उरांव क्रमशः अव्वल रहे। वाटर पोलो के बालिका वर्ग में जेएसएसपीएस ने रांची को दो- एक से हराया। बालक वर्ग में हजारीबाग और लोहरदगा के बीच खेला गया मैच एक-एक के बराबरी पर छूटा। वोट रेस में रेड पोट और येलोपोट क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में जमशेदपुर और रांची की 16 लड़कियों के द्वारा भाव भाव सिंक्रोनाइज डांस का प्रदर्शन किया गया प्रतियोगिता में 45 बालिका समेत 112 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

## बांसजोर में जंगली हाथी ने दो घरों को पहुंचा नुकसान, झापा युवा जिला अध्यक्ष ने दी मदद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** बाँसजोर प्रखंड के सकामबहार और सिहरजोर में जंगली हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है हाथियों की झुंड द्वारा लोगों के घरों को तोड़ने के साथ ही घर में रखे अनाजों को भी नष्ट कर रहे हैं। बीती रात जंगली हाथी के द्वारा पुनो सिंह एवं त्योफिल सोरेंग नामक किसान के घर को पूरी तरह से तोड़ दिया। इधर जंगली हाथियों के आगमन के बाद दोनों ही परिवार के सदस्य ने दूसरे घरों में भाग कर किसी तरह अपनी जान बचाई और भय का वातावरण में जी रहे हैं मामले की जानकारी मिलने के बाद झापा युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का पीड़ित परिवार से मुलाकात की और उन्होंने आर्थिक सहायता दी इस दौरान उन्होंने हाथियों को भगाने के लिए रस्सी जुट बोरा एवं मोबिल उपलब्ध कराया। जिससे कि हाथियों को भगाने के लिए मसाला बनाया जा सके मौके पर उन्होंने कहा कि लगातार हाथियों का आतंक बढ़ता जा रहा लेकिन वन विभाग और



स्थानीय जनप्रतिनिधि इस मामले में गंभीर नहीं है इस क्षेत्र में हाथियों को भगाने के लिए विशेष टीम की आवश्यकता है लेकिन इस पर कोई भी दिलचस्पी नहीं दिख रहा है लगातार लोगों के घरों को तोड़ा जा रहा है और वन विभाग मुआवजे के नाम पर खाना पूर्ति कर रही है जिससे कि लोग डरे एवं सहमे हुए हैं लेकिन अब झारखंड पार्टी हाथ पैर हाथ धरकर नहीं बैठेगी ।हाथियों की समस्या का पूरी तरह से समाधान न होने की स्थिति में झारखंड पार्टी सड़क पर उतरकर सड़क जाम कर करेगी। उनका की झारखंड पार्टी हमेशा जमीन से जुड़कर लोगों के हक अधिकार के लड़ाई लड़ी है और ऐसे समय में झारखंड पार्टी लोगों के साथ खड़ी है और आने वाले दिनों में चरणबद्ध तरीके से इसके लिए आंदोलन करेगी।मौके पर निकोल्सन कोंगाडी, भोला दास, रवि बड़ाईक, चिराग बाड़ा, आशीष कुमार सिंह, तपेश्वर साव, तनीष सिंह, रसाल खलखो आदि उपस्थित थे।

## सिमडेगा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की संकल्प यात्रा होगी ऐतिहासिक : राकेश भास्कर

➲आने वाले चुनाव में लोकसभा एवं दोनो बिधानसभा चुनाव जीतेगी भाजपा : शैलेंद्र सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के कोलेबिरा एवं सिमडेगा बिधानसभा में 20,21 सितंबर को होने वाले संकल्प यात्रा की तैयारी को लेकर जिला कार्यालय में सिमडेगा भाजपा की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के सिमडेगा एवं कोलेबिरा बिधानसभा दौरा को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा को लेकर जिला मंडल से लेकर शक्ति केंद्र बूथ तक के कार्यकर्ता तैयारी में जुट जाएं सिमडेगा कोलेबिरा की संकल्प यात्रा का समापन लोकसभा एवं दोनों विधानसभा जीत के साथ होगी। बैठक में सिमडेगा जिला संकल्प यात्रा के सिमडेगा प्रभारी राकेश भास्कर ने कहा कि सिमडेगा भाजपा का संगठन अच्छा कार्य कर रहा है संकल्प यात्रा में भी सिमडेगा जिले को अपनी ताकत दिखानी है सभी पदाधिकारी का यह प्रयास हो की सभी बूथों से लोग संकल्प यात्रा में भाग ले और इस सरकार को उखाड़ फेंकने का प्रण लें। संकल्प यात्रा की सफलता के लिए कार्यो का बंटवारा कर दिया गया है सभी दायित्ववान कार्यकर्ता आज से ही अपने-अपने दायित्व का निर्वहन में जुट जाएं। सिमडेगा जिला भाजपा संगठन के प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की सिमडेगा की धरती में कोलेबिरा एवं सिमडेगा विधानसभा कि संकल्प यात्रा ऐतिहासिक होगी, इसको लेकर चरणबद्ध रूप से कार्यकर्ताओं आम जनता से जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा पूरे झारखंड में संकल्प यात्रा को भारी समर्थन मिल रहा है सिमडेगा के कार्यकर्ताओं एवं जनता में भी संकल्प यात्रा को लेकर भारी उत्साह है उन्होंने लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव की चर्चा करते हुए कहा कि आने वाले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी लोकसभा एवं कोलेबिरा सिमडेगा दोनों विधानसभा में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा की सभी कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है की माननीय प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जी के संकल्प यात्रा को सफल बनाने को लेकर अपने-अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, भाजपा संगठन के साथ-साथ सभी सातों मोर्चा का भी अहम जिम्मेवारी है है कि इस कार्यक्रम को हम ऐतिहासिक मनाएं।

## अविराम में परिसर नियोजन कार्यक्रम आयोजित चयनित प्रशिक्षु पाएंगे नौकरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरू लोहरदगा में आयोजित परिसर नियोजन कार्यक्रम जो की बीएड और डी एल एड अंतिम वर्ष के प्रशिक्षुओं के लिए आयोजित किया गया इसमें कई विद्यालयों से लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीपप्रज्जवलन के साथ किया गया जिसके पश्चात प्लेसमेंट सेल से शिबशंकर के द्वारा स्वागत उद्बोधन, परिसर नियोजन का क्या प्रयोजन है इत्यादि विषयों पर प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी द्वारा उद्बोधन दिया गया, नियोजन हेतु आए विद्यालय से शिक्षको ने अपना परिचय दिया जिसके पश्चात महाविद्यालय के साइबर लाइब्रेरी से एजॉय कुमार के मार्गनिदेशन में तैयार प्रशिक्षुओं के बायो डाटा के साथ




साक्षात्कार प्रारंभ हुआ। चयन के उपरांत प्रशिक्षु संबंधित विद्यालय में अपनी सेवाएं प्रदान कर सकेंगे। सभी विद्यालय के प्रतिनिधियों से फीडबैक लिया गया जिससे आगामी समय में इसे सुधारा जा सके। सॉलिटेरी पब्लिक स्कूल लोहरदगा से अभिनव भारती, आइडियल इंग्लिश मीडियम पब्लिक स्कूल, किसको से भूषण राज, बबली सिंह, स्वाति कुमारी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुरू से धनोज महतो और राजकुमार नाग, स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल कोकर से जॉनी कुल्लू और रवींद्र उरांव,अविराम स्कूल ऑफ एक्सीलेंसी कुरू से सुनीता और रीता केंपसिंग प्लेसमेंट के लिए उपस्थित हुए। सभी का धन्यवाद शिवशंकर द्वारा किया गया और उद्घोषक अनिधा, समीकरण के द्वारा कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई, इस अवसर पर पंकज, रेणुका, कुंदन, महतो, जंगबहादुर, शशि कुमार, एजॉय, शिव, अर्चना, ममता, बिनोद आदि उपस्थित थे।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों की नियमित उपस्थिति से ही संभव : अलीरजा अंसारी



**कुड़-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विद्यालय में छात्र-छात्राओं की नियमित उपस्थिति अति आवश्यक है। बच्चों की अनियमित उपस्थिति से उनमें किसी विषयवस्तु की अवधारणा की अच्छी समझ नहीं बन पाती है।साथ ही पढ़ाई के प्रति उनका रूझान भी घट जाता है। यह बातें रा. उत्क्र. उच्च विद्यालय जिंगी के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने आज विद्यालय अवधि के बाद विद्यालय पोषक क्षेत्र अंतर्गत हुरहद गांव में अभिभावकों से मिलते हुए कहीं। प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी विद्यालय में बच्चों के ठहराव हेतु संचालित शिक्षा विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रम प्रयास के तहत अभिभावकों से मिल रहे थे।मौके पर उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की अपील करते हुए कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं। प्रगतिशील,सभ्य और सुशिक्षित समाज और राष्ट्र की कल्पना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बिना साकार नहीं हो सकती है। सीखने की प्रक्रिया में अनियमित उपस्थिति बहुत बड़ी बाधक है।अतः अभिभावक बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक रहते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजें और प्रतिदिन गृहकार्य बनवाना सुनिश्चित करें। मोबाईल के अधिक प्रयोग, नशापान इत्यादि से बच्चों को दूर रखने के लिए उनके साथ समय बिताना भी जरूरी है। किशोरवय के बच्चों में कार्यों के प्रति जिम्मेदारी और जवाबदेही भी दी जानी जरूरी है। मौके पर सहायक शिक्षक ज्याउल हक अंसारी सहित कई अभिभावक उपस्थित थे।

## बिजली चोरी मामले में विभाग ने छः नामजद के विरुद्ध कराया प्राथमिकी दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** बदला पंचायत के विभिन्न गांव में बिजली विभाग द्वारा बिजली चोरी को लेकर सघन छपेमारी अभियान चला कर 6 नामजद के विरुद्ध कराया प्राथमिकी दर्ज। सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला पंचायत के विभिन्न गाँवो में दण्डधिकारी एवं पुलिस बल के मौजूदगी में बिजली विभाग द्वारा बदला, डूमर टोली, टंगरा टोली एवं बक्सीडीपा में विधुत ऊर्जा चोरी मामला में विभाग के राजस्व क्षति को लेकर सहायक विद्युत अभियंता अंजू कच्छप के नेतृत्व में गठित छपेमारी टीम द्वारा बदला पंचायत क्षेत्र में भ्रमण कर विधुत ऊर्जा चोरी के मामले में सघन छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बदला निवासी सत्यम कुमार पर 22 हजार 9 सौ 95 रुपया का जुर्माना लगाया गया जबकि डूमर टोली निवासी सुरेश उराँव पर 22 हजार 9 सौ 95 रुपया, डूमर टोली निवासी जगरनाथ उराँव पर 11 हजार 3 सौ 40 रुपया टंगरा टोली



निवासी रेणु देवी पर 18 हजार 3 सौ 96 रुपया बक्सीडीपा निवासी दुर्गा लोहरा पर 22 हजार 9 सौ 95 रुपया तथा विशेश्वर लाल श्रीवास्तव पर 22 हजार 9 सौ 95 रुपया का जुर्माना लगते हुए सहायक विधुत अभियंता ने छः नामजद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया। छपेमारी अभियान में प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी सह दण्डधिकारी मनोज कुमार सिंह, सारणी पुरुष, सुबोध कुमार सिन्हा, फिरोज अख्तर, मानव दिवस कर्मी शिवशंकर उराँव, भोला साहू, अमित कुमार सहित सेन्हा थाना के स0अ0नि0 बिरेन्द्र बाखला दलबल के साथ शामिल थे।

## सुदूर वर्ती क्षेत्र में रहे लोगों का सर्वांगीण विकास करना ही मोदी का मुख्य लक्ष्य : राकेश प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** कुडू प्रखंड के सलगी पंचायत अंतर्गत मसियातु ग्रामवासी इस महीने 27 अगस्त महिने के आखिरी रविवार सुबह 11:00 बजे को प्रधानमंत्री कार्यक्रम से सीधा जुड़ेंगे। कार्यक्रम की तैयारी के निमित्त भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष मनीर उराँव के नेतृत्व में मसियातु ग्राम के लोगों से बातचीत एवं स्थान का चयन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश प्रसाद, जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा, कार्यक्रम संयोजक लाल विकास नाथ शाहदेव, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष संजय चौधरी, पशुपति नाथ पारस, यदुनंदन तिवारी, सुभाष साहू, सुधांशु कुमार शामिल थे। मौके पर जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने कहा कि प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम से जिले से ऐसे लोगों का सीधा जुड़ाव बहुत ही ऐतिहासिक क्षण होने वाला है। मस्यातू ग्राम एक जनजाति (तुरी समाज) बहुलता वाला ग्राम है। मसीयातु ग्रामवासी बांस से कई वस्तुओं का निर्माण करते हैं। यहां गांव के लोग यह व्यवसाय बहुत लंबे समय से अपनाए हुए हैं।

## एचडीएफसी बैंक द्वारा सेन्हा प्रखंड के 4 पंचायत में किया जा रहा है विकास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** समग्र ग्रामीण विकास योजना के तहत कार्यक्रम में एचडीएफसी बैंक और बायफ संस्था के द्वारा विगत लगभग डेढ़ साल से सेन्हा प्रखंड के 4 पंचायत भड़गाँव, अलौदी मुर्कीतोड़ार और बुटी में विकास का कार्य किया जा रहा है। वही भरगांव पंचायत अन्तर्गत कुंदगड़ी गांव निवासी सोनमदुलारी उरांव संस्था की ओर से सीआरपी के पद पर काम कर रही है। जिसे कार्य को गुणवत्तापूर्ण और हर काम को ससमय सफलता पूर्वक पूर्ण किया जाता रहा है। जिससे इनके द्वारा किया जा रहा। उत्साहपूर्वक कार्य कुशलता को देखते हुए संस्था द्वारा इनका नाम सीआरपी अवार्ड के लिए बायफ संस्था का मुख्यालय पुणे भेजा गया था। जहाँ पर पुरस्कार के लिये इनका चयन पूरे भारत में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ था। जिसे बायफ संस्था का स्थापना दिवस के अवसर पर इनको पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। वही इस सन्दर्भ मे बायफ संस्था के पंकज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया सोनमदुलारी को पुरस्कार मिलने से सेन्हा,लोहरदगा ही नही पूरे झारखंड का नाम रोशन हुआ है। संस्था के लोगो ने इन्हें बधाई देते हुए इनका उज्ज्वल भविष्य के लिये कामना किया है।

## विभिन्न स्थानो पर अवैध शराब में नकेल को ले उत्पाद विभाग ने चलाया छापामारी अभियान



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 25 अगस्त शुक्रवार को कैरो प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न ठिकानो पर अवैध शराब निर्माण को लेकर उत्पाद एवं मद्यनिषेध विभाग के अवर निरीक्षक राजकुमार महतो के अगुवाई मे चलाया गया छापामारी अभियान। अभियान मे विभाग को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अवैध शराब बनाने वाले के घरों मे जाकर निरीक्षण किया गया, वही टीम के द्वारा कुछ दुकानों पर भी छापामारी किया गया जहाँ से पूलिस को कुछ भी प्राप्त नहीं हूई। तत्पश्चात एस0 आई महतो एवं उनके टीम के द्वारा कैरो उतका स्थित अनुगप्ति प्रदत कम्पोजिट शराब दुकान के स्टाक व विक्री पंजी का भी निरीक्षण किया गया। मौके पर विभाग के हवलदार राजेंद्र सिंह, धनेश्वर प्रसाद, आरक्षी अनिल गोराई, राजीव साहू, अर्जुन पूर्ति, महिला आरक्षी प्रफुल्लित एक्का, पिंकी कच्छप अवैध शराब निर्माण छापामारी अभियान मे उपस्थित थे।

## प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने पीडीएस दुकानदारों के साथ बैठक कर दिये कई निर्देश



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 25 अगस्त शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार मे प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी किशोर उराँव ने प्रखंड के जन-वितरण प्रणाली दुकानदारों के साथ किया बैठक दिये वितरण वयवस्था से संबंधित आवश्यक निर्देश। एमओ उराँव ने बैठक मे सभी दुकानदारों से कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सोना-सोबरन साड़ी धोती योजना के तहत सभी कार्डधारियों के बीच शत-प्रतिशत साड़ी, धोती व लुंगी का वितरण सुनिश्चित किया जाय। बैठक मे आपूर्ति पदाधिकारी ने दुकानदारों से कहा कि आप सभी दुकानदार समय से राशन का उठाव व वितरण कार्डधारियो के बीच करना सुनिश्चित करें। बैठक मे वितरण प्रणाली से संबंधित और भी कई आवश्यक निर्देश दुकानदारों को दी गई। मौके पर बैठक मे लखन उराँव, मनींद्र शाह, दीपक साहू, नसीर आलम, सुरेन्द्र साहू, खुर्शीद अंसारी, ब्रजकिशोर साहू, बसंत लक्ड़ा, अब्दुल अंसारी, ज्ञान प्रभा एक्का इत्यादि जन वितरण प्रणाली दूकानदार बैठक मे उपस्थित थे।

## 40 कार्ड धारियों के बीच धोती साड़ी व लुंगी का किया गया वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सोना सोबरन योजना के तहत डाँडू पंचायत भवन में आपूर्ति विभाग के निर्देश पर जनवितरण प्रणली दुकान संचालकों के नेतृत्व में कार्ड धारियों के बीच जनप्रतिनिधियों ने किया धोती साड़ी व लुंगी का वितरण। सेन्हा प्रखंड के डाँडू पंचायत भवन में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के निर्देश पर सोना सोबरन योजना के तहत कैम्प आयोजित कर धोती साड़ी व लुंगी वितरण किया गया। जिसका शुभारम्भ पंचायत समिति सदस्य दुर्गा राम, 20 सूत्री उपाध्यक्ष राजकिशोर राम, आपूर्ति पदाधिकारी अमूल तिर्की, उपमुखिया सधनु लोहरा तथा पंचायत सचिव अधीश खाखा द्वारा कार्ड धारियों के बीच धोती साड़ी व लुंगी वितरण कर किया गया। प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में निधारित समय के अनुसार कैम्प का आयोजन कर धोती,साड़ी व लुंगी का वितरण जा रहा है। जिसके तहत जनवितरण कार्ड धारियों को राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मिल रहा है। वही सोना सोबरन योजना



के तहत धोती, साड़ी एवं लुंगी वितरण में पंचायत क्षेत्र के सभी 5 पीडीएस दुकान संचालकों द्वारा धोती, साड़ी व लुंगी का वितरण किया गया। जिसमे उजाला महिला मंडल द्वारा 10, धरती महिला मंडल द्वारा 8, मिल्लत महिला मंडल द्वारा 7, रामेश्वर उराँव द्वारा 8 तथा इस्लाह महिला मंडल द्वारा 7 लाभुकों को धोती,साड़ी व लुंगी दिया गया। वही आयोजित कैम्प के दौरान प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमूल तिर्की ने पीडीएस कार्ड धारियों को योजना का लाभ उठाने की सलाह देते हुए कहा की प्रखंड क्षेत्र में प्रत्येक कार्डधारी को योजना का लाभ दिया जाएगा। वही 20 सूत्री उपाध्यक्ष राजकिशोर राम ने कहा की राज्य के वृद्ध असहाय व गरीब लोगो के लिए सरकार द्वारा महत्वाकांक्षी और जन कल्याणकारी योजना लाया गया है। जिसका लाभ स्थानीय व क्षेत्रीय पीडीएस संचालकों के माध्यम से कार्डधारियों को दिया जा रहा है। मौके पर पंचायत समिति सदस्य दुर्गा राम, 20 सूत्री उपाध्यक्ष राजकिशोर राम, उपमुखिया सधनु लोहरा, आपूर्ति पदाधिकारी अमूल तिर्की,पंचायत सचिव अधीश खाखा के अलावे पंचायत क्षेत्र के सभी पीडीएस दुकान संचालक और कार्ड धारी लाभुक उपस्थित थे।

## जलडेगा में सामूहिक दुष्कर्म के चार आरोपी गिरफ्तार, प्रखंड परिसर के सरकारी मेडिकल क्वार्टर में दिया घटना को अंजाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा थाना क्षेत्र में सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। घटना के संबंध में जलडेगा पुलिस ने बताया कि पीड़िता बानो थाना क्षेत्र के ग्राम डुमरिया का निवासी है । शनिवार को जलडेगा थाना क्षेत्र के टंगिया में अपने किसी रिश्तेदार के यहाँ मेहमान आई थी एवं सोमवार को बनजोगा में लगने वाले साप्ताहिक बाजार घुमने गई थी। वापस लौटने के क्रम में आरोपी सूरज नायक ने युवती को अपने ऑटो में बैठा लिया एवं उसे बहला फुसलाकर अपने साथ पतिअम्बा बस्तीटोली ले गया जहां आरोपी सुरज नायक ने अपने एक अन्य साथी विक्की नायक के साथ मिलकर गांव में एक खाली पड़े मकान मे युवती के साथ रात भर दुष्कर्म किया। अगले सुबह सूरज और विक्की ने जलडेगा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बतौर ड्रेसर के रुप में कार्यरत नीलकमल सिंह को लड़की के संबंध में जानकारी दिया एवं लड़की को




आवंटित मेडिकल आवास में रखा। लड़की को क्वार्टर में रखने के बाद तीनों दोस्तों ने सुमित लुगुन नामक अपने एक और साथी को इसकी जानकारी दी। जहां मंगलवार एवं बुधवार तक चारों आरोपियों ने बारी बारी से युवती के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। दुष्कर्म के बाद आरोपियों ने युवती को गुरुवार सुबह विलियम चौक के निकट छोड़कर भाग गए। लड़की वापस जलडेगा थाना गेट के पास एक होटल में बैठी थी इसी बीच आरोपी सुमित लुगुन अपने साथी का बाइक लेकर होटल से कुछ खरीदने आया था जहां पर युवती ने आरोपी सुमित लुगुन को देखकर चिल्लाने लगी और कहने लगी ये लोग मेरे साथ दुष्कर्म किया है। इतना सुनते ही सुमित लुगुन बाइक को छोड़कर भाग गया। पीड़िता ने अपने हथेली में बाइक का नंबर लिख रखी थी, लड़की की बात सुनकर आस पास भीड़ जमा हो गई। जिसके बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मिलकर लड़की को अपने साथ थाना ले गए और पुलिस को सुपुर्द कर दिया। जिसके बाद लड़की ने एसआई बीरेंद्र शर्मा और धीरज उरांव के सामने अपना बयान दर्ज कराई। बयान लिखने के बाद पुलिस लड़की को अपने साथ लेकर घटनास्थल गई और लड़की की निशानदेही पर अलग अलग जगहों पर छापेमारी कर पुलिस ने सभी चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की तैयारी कर रही है। पुलिस ने आरोपियों की पहचान नीलकमल सिंह 24 वर्ष पिता लालधर सिंह ग्राम लम्बोई तिलईजारा, विक्की नायक 24 वर्ष पिता छोटका नायक, सुरज नायक 23 वर्ष, पिता छोटेश्वर नायक ग्राम पतिअम्बा, और सुमित लुगून 25 वर्ष पिता जोसेफ लुगून जलडेगा जामटोली के रूप में की है।

## घर से बाहर निकाल कर अपराधियों ने मारी गोली, मौत

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** घटना कुडू थाना क्षेत्र से सटे चंदवा थाना क्षेत्र के जमवारी गांव निवासी प्रद्युमन यादव को गोली मार कर हत्या, घटना को अंजाम हथियारबंद दो अपराधियो ने दिया अंजाम,अपराधियो ने घर से बाहर बुला कर दो गोली मार जंगल की ओर फरार हो गए, घटना की सूचना पर कूडू थाना प्रभारी विश्वजीत कु सिंह घटना स्थल पहुंच कर प्रद्युमन को कुडू अस्पताल लाया, जहा डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित किया वही घटना की सूचना पर चंदवा थाना प्रभारी बबलू कुमार पहुंचे परिजनो से की पूछताछ, घटना की छानबीन में जुटी, वही गोली बारी की घटना से गांव में दहशत,घटना गुरुवार की रात आठ बजे की है।

## चलते चलते एक नजर

### मेन रोड में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता)** ट्रैफिक डीएसपी जीतवाहन उराँव के नेतृत्व में नगर निगम के साथ मिलकर मेनरोड में हनुमान मंदिर से फिरायालाल चौक तक अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाया गया। इस अभियान में सड़क पर लगे ठेला व सामानों को जब्त किया गया। ठेला जब्त होते ही अन्य ठेला वाला अपना सामान व ठेला लेकर भागने लगे। पुलिस ने पांच ठेला व चौकी जब्त किया है। इस अभियान में डी एसपी ट्रैफिक के साथ ट्रैफिक कोतवाली थाना प्रभारी इम्तियाज अहसान, डेलीमार्केट थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक, पुअनि प्रदीप कुमार केशरी नगर निगम पदाधिकारी व कर्मी एवं ट्रैफिक पुलिस बल के कवन शामिल थे।

### जी 20 उत्सव की श्रृंखला में संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता)** आकाशवाणी रांची तथा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 25 अगस्त को विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में आदिवासी आर्थिकी एवं सतत् विकास विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे डीपीएसएमयू के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य। आकाशवाणी रांची की कार्यक्रम प्रमुख मेरी क्लाडिया सोरेंग ने आगत अतिथियों का स्वागत किया।विषय प्रवर्तन करते हुए टीआरआई के शोधार्थी विकास दुबे ने विस्तार से विकास की आधुनिक अवधारणा के बरक्स आदिवासी जीवन दर्शन के अनुरूप विकास की चर्चा की। एक्स आई एस एस के प्रो अमर एरौन तिग्गा ने आदिवासी समाज पर बढ़ते बाजार के प्रभाव की चर्चा की। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री एवं विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के पूर्व कुलपति डॉ रमेश शरण ने उपभोग की संस्कृति को कम करने एवं अपनी आवश्यकताओं में निरंतर कमी करने पर बल दिया। मुख्य अतिथि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में आदिवासी समुदायों के संघर्ष के इतिहास की उपेक्षा की बात करते हुए आदिवासी आर्थिक क्रियाकलापों का सीधा संबंध पर्यावरण संरक्षण से बताया। धन्यवाद ज्ञापन आकाशवाणी के प्रभु शरण ने तथा संचालन पंकज मित्र ने किया। इस संगोष्ठी में कुलसचिव डा नमिता सिंह, जिंदर सिंह मुंडा, डा राकेश, डा प्रियांशु, संजीव लाल, राजेश करमहे, दिनेश सिंह तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।



# हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस का गढ़वा टाउन रेलवे स्टेशन पर होगा ठहराव : वीडी राम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** सांसद पलामू विष्णु दयाल राम के अथक प्रयासों के फलस्वरुप हावड़ा भोपाल एक्सप्रेस (साप्ताहिक) ट्रेन संख्या 13025/13026 का अगले महीने से गढ़वा टाउन स्टेशन पर स्टॉपेज प्रारंभ होगा।

उक्त मामले की सूचना रेलवे बोर्ड के संयुक्त निदेशक (कोचिंग) श्री विवेक कुमार सिन्हा के पत्रांक– सीसी 83एफ/2023, दिनांक 21/8/2023 के माध्यम से धनबाद रेलवे मंडल के सीनियर डीसीएम श्री अमरेश कुमार ने दी है। सांसद ने बताया है कि अगले महीने



31 अगस्त 2023 के बाद तिथि निर्धारित कर उक्त ट्रेन का स्टॉपेज प्रारंभ किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि उक्त ट्रेन के स्टॉपेज की मांग लगातार गढ़वा की जनता द्वारा की जा रही थी।

इस ट्रेन के स्टॉपेज के लिए पत्राचार के साथ-साथ माननीय सांसद ने व्यक्तिगत रूप से माननीय रेल मंत्री श्री अश्वनी वैष्णव जी से मुलाकात कर अनुरोध किया था। सांसद श्री राम ने इसके लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी एवं माननीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी को अपनी ओर से एवं पलामू संसदीय क्षेत्र की तमाम जनता की ओर से धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया है।

## कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी देश के सबसे लोकप्रिय मुस्लिम नेता



एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी को एक ट्विटर पोल के अनुसार भारत में सबसे लोकप्रिय मुस्लिम नेता घोषित किया गया है। लल्लन पोस्ट द्वारा ट्विटर पर कराए गए सर्वेक्षण में उपयोगकर्ताओं से वर्तमान में भारत के प्रमुख मुस्लिम राजनीतिक नेता के लिए वोट करने को कहा गया था। इसमें कुल 37,065 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और कांग्रेस नेता इमरान प्रतापगढ़ी को सबसे ज्यादा 57.1 प्रतिशत वोट हासिल हुए और असदुद्दीन ओवैसी 42.2 प्रतिशत वोट हासिल करके दुसरे स्थान पर रहे। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से यह भी बताया गया कि बदरुद्दीन अजमल को 0.5 प्रतिशत वोट और एम कादर मोहिदीन को 0.1 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए।

## मृतक शमशाद अंसारी के परिजनों से मिले झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मंजूर अंसारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने रजरप्पा थाना के अंतर्गत सीखनी गांव में भीड़तंत्र द्वारा दिनांक 22 अगस्त को मोहम्मद शमशाद अंसारी की हत्या पीट पीटकर कर दी गई थी। शुक्रवार को मृतक शमशाद अंसारी के गांव जेरियो में परिवार जनों से मिलकर श्री अंसारी ने उनके वृद्ध पिता को यह विश्वास दिलाया कि हम इस लड़ाई को पूरी गंभीरता से लड़ेंगे। ताकि हत्या में संलिप्त अभियुक्तों को कड़ी से कड़ी सजा मिल सके। श्री अंसारी ने झारखंड सरकार से पीड़ित परिवारों को मुआवजा तथा जिला प्रशासन से दोषियों पर शीघ्र से शीघ्र कार्रवाई की मांग की तथा फरार अभियुक्तों को अभिलंब गिरफ्तारी की मांग श्री अंसारी ने की।प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने स्वर्गीय शमशाद अंसारी की पुत्री की शादी जो अगले माह तय थी और ऐसे मौके पर इतना बड़ा परिवार पर दुखो का पहाड़ टूटना दिल को झकझोर देता है।

इस मौके पर मंजूर अंसारी जी ने पुत्री की शादी के लिए पचास हजार रुपए की मदद की।

## आईआईटी मुंबई को अज्ञात शख्स ने दिया 160 करोड़ रुपये का दान

एजेंसी

**मुंबई :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मुंबई को अज्ञात शख्स ने 160 करोड़ रुपये का दान दिया है। इस दान राशि का उपयोग ग्रीन एनर्जी एंड सस्टेनेबिलिटी रिसर्च हब की स्थापना के लिए किया जाएगा। इससे आधुनिक तकनीकों की मदद से जलवायु चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी। आईआईटी मुंबई के निदेशक सुभाशिष चौधरी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि यह दान देने वाले शख्स ने अपनी पहचान सार्वजनिक नहीं की है। अज्ञात दानदाता इसी आईआईटी का पूर्व छात्र है। चौधरी ने बताया कि आईआईटी, मुंबई भारत के शीर्ष इंजीनियरिंग कॉलेजों की सूची में तीसरे स्थान पर है। वैश्विक प्रदर्शन के मामले में क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2023-24 में




149वां स्थान मिला है। कैंपस प्लेसमेंट और फैकल्टी के लिए आईआईटी मुंबई को शीर्ष पर माना जाता है। इसी वजह से इस संस्था के पूर्व छात्र संस्थान को समय-समय पर दान देकर मदद करते रहते हैं। इंफोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणि भी आईआईटी, मुंबई को अब तक दो बार में 400 करोड़ रुपये दान दे चुके हैं। उन्होंने पिछले साल जून महीने में आईआईटी, मुंबई को 315 करोड़ रुपये का दान दिया था। इससे पहले उन्होंने आईआईटी, मुंबई को 85 करोड़ रुपये का दान दिया था। नंदन नीलेकणि ने 1973 में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की डिग्री के लिए आईआईटी बॉम्बे में प्रवेश लिया था।

आज शीर्ष स्थान पर पहुंचने के बाद भी नंदन नीलेकणि कहते हैं कि आईआईटी नामक संस्था उनके जीवन का आधार है। इसी वजह से वह आईआईटी, मुंबई को हर तरह की मदद करने के लिए तत्पर रहते हैं।

# आदिवासी महिलाओं ने बांस से बनाई 50 हजार राखी

एजेंसी

**मुंबई :** भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन के खास अवसर के लिए पालघर जिले की आदिवासी महिलाओं ने बांस से मनमोहक राखियां तैयार की हैं। इन राखियों की विदेशों में भी भारी मांग है, जिससे पालघर की आदिवासी महिलाओं का हुनर पहली बार सात समुंदर पार भी पहुंच रहा है।पिछले कुछ साल में देश में बांस की महत्ता पर जोर दिया गया है। बांस एक ऐसा वृक्ष है, जो आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही रोजगार के मौके भी देता है। इसकी एक बानगी पालघर में भी देखने को मिली, जहां बांस और अन्य प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग कर नए इनोवेटिव तरीके से राखी का निर्माण हो रहा है। सिर्फ राखी ही नहीं यहां घर में प्रयोग होने वाले एक से बढ़ कर एक सामान और अगरबत्ती का भी उत्पादन किया जा रहा है। बांस यहां की संस्कृति में रचा-बसा हुआ है। बांस का उपयोग यहां के धार्मिक विधि-विधानों को पूरा करने में भी आमतौर पर किया जाता है। पालघर के विक्रमगढ़ और जव्हार जैसे ग्रामीण इलाकों की रहने वाली आदिवासी महिलाएं इन्हीं बांस के उपयोग से राखियां बना रही हैं। इस वर्ष भी बांस से बनी राखियां बहनें अपने भाइयों की कलाइयों पर बांधेंगी और उनकी लंबी आयु की कामना करेंगी। केशव श्रृष्टि संस्था के सह सचिव संतोष गायकवाड़ ने बताया कि बांस से बनी राखियों को बनाने के कार्य से करीब 450 महिलाओं को रोजगार मिला है, जिससे उन्हें काम की तलाश में अब भटकना नहीं पड़ता। इन महिलाओं को करीब साढ़े तीन सौ रुपए की रोजाना कमाई हो जाती है। राखियों से होने वाली आय पूरी तरह कार्य में लगी महिलाओं की होती है।उन्होंने बताया कि इन राखियों की कीमत 35 रुपए से शुरुआत की गई है, हम इस तरह की राखियां थोक में तैयार करते हैं और फिर इसे पूरे देश में बेचते हैं। इस बार 50 हजार राखियां तैयार की गई हैं। देश की सीमाओं पर तैनात जवानों के लिए 10 हजार राखियां भेजी गई हैं। साथ ही अमेरिका, इंग्लैंड, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया भी राखियां भेजी गई हैं। पूरे देश में बांस से बनी राखियों की काफी मांग है। बांस से राखियों को बना रही महिलाओं ने बताया कि कई डिजाइन में राखियां बनाई गई हैं। पर्यावरण के अनुकूल होने के अलावा वे किफायती भी हैं। महिलाओं को राखी के आनलाइन और ऑफलाइन ऑर्डर मिल रहे हैं। पहले ये महिलाएं खेती करती थीं और खेतों में मेहनत-मजदूरी का काम करती थीं।

अब इन्हें धूप में काम नहीं करना पड़ता और अपने पसंद का काम भी मिल गया है।गौरतलब है कि चीनी राखियों के बहिष्कार के बाद अब बाजार इन राखियों का विकल्प तलाश रहा है।

इन स्वदेशी राखियों ने यहां की महिलाओं को भी रोजगार दे दिया है। आदिवासी महिलाएं चीनी राखियों को टक्कर देने के लिए बांस से मनमोहक राखियां तैयार कर रही हैं। बता दें कि बीते कई दिनों से आदिवासी महिलाएं घर का जरूरी काम निपटाकर अपने घरों से निकलकर दिनभर रंग-बिरंगी राखियां बना रही हैं। यहां की एक स्थानीय गैर-लाभकारी संस्था इन महिलाओं को आजीविका कमाने में मदद करने के लिए प्रशिक्षण दे रही है। ये महिलाएं राखी बनाने के लिए स्थानीय बांस का उपयोग करती हैं, जो पर्यावरण के अनुकूल हैं लेकिन आधुनिक डिजाइन हैं। महिलाओं ने कहा कि पालघर में कई तरह के बांस मिल जाते हैं। यहां का शिल्प मर रहा था। हम इस शिल्प को पुनर्जीवित करना चाहते थे।

## गरीब विद्यार्थियों के लिए फीस में 90 प्रतिशत तक की छूट डीयू कुलपति

**नई दिल्ली :** दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने शुक्रवार को कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय द्वारा वित्तीय सहायता योजना के तहत फीस में 90 प्रतिशत तक छूट का प्रावधान रखा गया है। कुलपति ने दिल्ली विश्वविद्यालय कार्यकारी परिषद (ईसी) की 1267वीं बैठक में एक सदस्य द्वारा पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड लॉ की फीस से जुड़े एक सवाल के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिन विद्यार्थियों के माता-पिता की आय चार लाख रुपये या उससे कम है, उन्हें फीस में 90 प्रतिशत छूट दी जाएगी। जिन विद्यार्थियों के माता-पिता की आय चार से आठ लाख रुपये तक है, उन्हें फीस में 50 प्रतिशत छूट है। कुलपति ने बताया कि पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड लॉ के विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए भी विश्वविद्यालय की ओर से 50 हजार रुपये तक प्रतिपूर्ति की जाएगी।

## हिमाचल प्रदेश : शिमला से लेकर कुल्लू तक भरी बारिश से तबाही

एजेंसी

**शिमला :** हिमाचल में इस बार मानसूनी बारिश ने भयंकर तबाही मचाई। जुलाई में शुरू हुई बारिश ने पूरे प्रदेश में सबकुछ तहस-नहस कर के रख दिया। सरकारी आंकड़ों की मानें तो अभी तक प्रदेश में 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हो चुका है। शिमला, कुल्लू, मंडी, मनाली, चंबा और कांगड़ा जिलों में भारी बारिश, भूस्खलन और बादल फटने से भयंकर तबाही मची है। हिमाचल प्रदेश में इस मानसून में तीन बार भारी बारिश हुई। सबसे पहले 9 और 10 जुलाई को मंडी और कुल्लू जिलों में बड़े पैमाने पर तबाही हुई। इसके बाद, 14 और 15 अगस्त को शिमला और सोलन जिले बारिश और भूस्खलन से प्रभावित हुए। चलिए अब आपको सिलसिलेवार तरीक से बताते हैं कि हिमाचल में भूस्खल और बादल फटने से कब-कब तबाही मची।

शिमला के समरहिल इलाके में स्थित शिव मंदिर में भूस्खलन के कारण भयंकर तबाही मची। भूस्खलन उस समय हुआ जब मंदिर पर अचानक पहाड़ का बड़ा हिस्सा टूटकर गिर पड़ा। इस हादसे में अभी तक 17 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं 15 से 20 लोग इस हादसे में घायल हुए। हादसे के बाद मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा भी लिया। शिमला की तरह ही हिमाचल के कुल्लू में भी हालात खराब हैं। गुरुवार सुबह आठ बजे कई मकान ताश के



पत्तों की तरह ढह गए। गनीमत ये रही है कि हादसे से पहले सभी इमारतों को खाली करवा लिया गया था। इस हादसे में करोड़ों रुपयों का नुकसान हुआ है।

मंडी में भी भारी बारिश और भूस्खलन से हर तरफ तबाही का मंजर है। बीते दिनों मंडी के सराज विधानसभा क्षेत्र की तीन पंचायतों खोलानाल, कुकलाह और कशौड़ में लैंडस्लाइड ने स्थानीय लोगों को बर्बादी की कगार पर ला दिया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल कुकलाह, शारटी व राजकीय प्राथमिक स्कूल खोलानाल के भवन को भारी क्षति पहुंची। यहां किसानों व बागवानों की सैकड़ों बीघा भूमि भूस्खलन की भेंट चढ़ गई। वहीं, मंडी केबगलामुखी माता मंदिर के पास पहाड़ी दरकने से 22 के करीब घर असुरक्षित हो गए हैं। स्थानीय निवासी लाला राम ने बताया यहां पहाड़ी दरकने से घर दो दो फीट तक धंस गए हैं।

## पीएम मोदी और शी जिनपिंग की मुलाकात को लेकर चीन के दावे की भारत ने खोली पोल



एजेंसी

**नई दिल्ली :** दक्षिण अफ्रीका में संपन्न हुए ब्रिक्स समिट के इतर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मुलाकात की थी. इस मुलाकात के दौरान पीएम मोदी ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर जारी तनाव के मुद्दे को उठाया.मुलाकात के बाद चीन के विदेश मंत्रालय ने दावा किया कि जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के इतर दोनों नेताओं की बीच हुई बातचीत भारत के अनुरोध पर हुई. वहीं, भारत ने चीन के दावों को खारिज करते हुए कहा है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और पीएम मोदी के बीच द्विपक्षीय बैठक का अनुरोध चीन ने किया था. भारतीय विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने चीनी दावों को खारिज करते हुए कहा, ÷चीन की ओर से द्विपक्षीय बैठक का अनुरोध हुआ था. इसी आधार पर दोनों नेताओं के बीच बातचीत हुई. हालांकि, ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों नेताओं ने लीडर्स लाउंज में बातचीत की और यह बातचीत अनौपचारिक थी.पीएम मोदी और चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग के बीच यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब अगले महीने भारत में जी-20 शिखर सम्मेलन होना है. भारत सरकार ने गुरुवार को कहा था कि पीएम मोदी ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से संक्षिप्त मुलाकात के दौरान वास्तविक नियंत्रण रेखा पर जारी तनाव और उस पर भारत की चिंताओं को लेकर चर्चा की थी. मोदी और जिनपिंग की मुलाकात के बाद भारत के विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने कहा, ÷बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने इस बात को उठाया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति में बनाए रखना और वास्तविक नियंत्रण रेखा का सम्मान करना दोनों देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने के लिए जरूरी है.एलएसी पर जारी तनाव के बीच यह पहली बार है जब पीएम मोदी ने चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग के सामने सीमा विवाद के मुद्दे को उठाया है. इससे पहले नवंबर 2022 में इंडोनेशिया के बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों नेताओं के बीच आखिरी बार अनौपचारिक बातचीत हुई थी. गलवान हिंसा के बाद पीएम मोदी और जिनपिंग के बीच यह पहली मुलाकात थी. इस दौरान पीएम मोदी ने चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग के साथ शिष्टाचार का आदान-प्रदान किया था और द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर करने की जरूरत पर बात की थी.

## एनआईए ने पंजाब में खालिस्तानी आतंकी लखबीर सिंह लांडा की जमीन जब्त की

**चंडीगढ़ :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने शुक्रवार को पंजाब के तरनतारन क्षेत्र में खालिस्तानी आतंकवादी लखबीर सिंह लांडा की जमीन जब्त कर ली है। कुछ महीने पहले एनआईए ने कनाडा स्थित आतंकवादी लखबीर सिंह संधू उर्फ लांडा की गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले को 15 लाख रुपये का नकद इनाम देने की घोषणा की थी, जो पंजाब में एक आतंकी मामले में वांछित है। मूल रूप से तरनतारन जिला निवासी लांडा की गिरफ्तारी का वारंट भी करीब छह माह पहले जारी किया गया था। एनआईए की जांच में पता चला है कि वह आतंकवादी समूह और विदेशी-आधारित आतंकवादी संगठन टारगेट कीलिंग और हिंसक अपराधों को अंजाम देने के लिए देश के उत्तरी राज्यों में सक्रिय संगठित अपराध गिरोहों के प्रमुखों और सदस्यों के साथ सहयोग कर रहा था।

## अरबपति जॉर्ज सोरोस से जुड़ी ओसीसीआरपी भारतीय कॉरपोरेट को बना सकती है निशाना : रिपोर्ट

*** हिंडनबर्ग 2.0 जॉर्ज सोरोस समर्थित ओसीसीआरपी एक और एक्सपोज़ की योजना बना रही है**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** अमेरिका के एक शॉर्ट सेलर द्वारा अडानी समूह पर एक निराशाजनक रिपोर्ट से बाजार में हलचल मचाने के कुछ महीनों बाद, जॉर्ज सोरोस और रॉकफेलर ब्रदर्स फंड जैसे लोगों द्वारा वित्तपोषित एक संगठन, ऑर्गनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट (ओसीसीआरपी) शुरू हो गया है। सूत्रों ने बताया कि कंपनी भारत में कुछ कॉरपोरेट घरानों पर एक और एक्सपोज़ की योजना बना रही है।ओसीसीआरपी, जो खुद को ÷यूरोप, अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका में फैले 24 गैर-लाभकारी जांच केंद्रों द्वारा गठित एक खोजी रिपोर्टिंग मंच कहता है। एक रिपोर्ट या




लेखों की एक श्रृंखला प्रकाशित कर सकता है। 2006 में स्थापित,ओसीसीआरपी संगठित अपराध पर रिपोर्टिंग में विशेषज्ञता का दावा करता है और बड़े पैमाने पर मीडिया घरानों के साथ साझेदारी के माध्यम से इन समाचार लेखों को प्रकाशित करता है।अपनी वेबसाइट पर, यह जॉर्ज सोरोस के ओपन सोसाइटी फ़ाउंडेशन को संस्थागत दानदाताओं में से एक के रूप में पहचानता है, जो दुनिया भर में कट्टरपंथी कारणों को वित्तपोषित करने में रुचि रखने वाला एक फाइनेंसर है। अन्य में फोर्ड फाउंडेशन, रॉकफेलर ब्रदर्स फंड और ओक फाउंडेशन शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार एक्सपोज़ में कॉरपोरेट घराने के शेयरों में निवेश करने वाले विदेशी फंड शामिल हो सकते हैं। कॉरपोरेट घराने की पहचान तुरंत पता नहीं चल पाई है लेकिन कहा जा रहा है कि एजेंसियां पूंजी बाजार पर कड़ी निगरानी रख रही हैं। हिंडनबर्ग रिसर्च ने 24 जनवरी की रिपोर्ट में लेखांकन धोखाधड़ी, स्टॉक मूल्य में हेरफेर और टैक्स हेवन के अनुचित उपयोग का आरोप लगाया, जिससे शेयर बाजार में गिरावट आई और बाजार मूल्य अपने सबसे निचले बिंदु पर 150 बिलियन अमरीकी डालर के करीब मिट गया। अडानी ग्रुप ने सभी आरोपों से इनकार किया है। इस साल मई में, हिंडनबर्ग रिपोर्ट में दावों की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ समिति ने कहा कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट जारी होने से पहले अदानी समूह के शेयरों में शॉर्ट पोजीशन के निर्माण के सबूत थे। हानिकारक आरोपों के प्रकाशन के बाद कीमतों में गिरावट के बाद स्थिति को बराबर करके लाभ कमाया गया।

वित्तीय अपराध से लड़ने वाली एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को हिंडनबर्ग रिपोर्ट के प्रकाशन से ठीक पहले विशिष्ट पक्षों द्वारा संभावित रूप से उल्लंघनकारी और ठोस बिक्री के बारे में खुफिया जानकारी मिली है, और इससे भारतीय बाजारों में ठोस अस्थिरता के विश्वसनीय आरोप लग सकते हैं, और सेबी को चाहिए प्रतिभूति कानूनों के तहत इस तरह की कार्रवाइयों की जांच करने के लिए, यह ईडी की प्रतिक्रिया का हवाला देते हुए कहा था।